# देशबन्धु

जबलपुर, रविवार 01 जून 2025 | वर्ष -69 | अंक -196 | पृष्ठ -12 | मूल्य - 3.00 रु.

■ दो बूंद आंसू (कहानी)
■ मेरी मां... 04
■ भारत के साथ बड़ी डील की तैयारी में....
■ बड़े हमले की तैयारी में लगा है चीन... 09
■ पानी बेचकर रेलवे ने कमाए करोड़ों
■ आरबीआई के खाते में कितना पैसा? 11
■ फाइनल में पहुंचने...
■ रोहित के साथ खेलना... 10

## आईपीएल में आज




मुंबई विरुद्ध पंजाब (मुल्लांपुर) 7.30 शाम से

**सार संक्षेप**

## जम्मू-कश्मीर समेत 6 राज्यों में की मॉक ड्रिक

### -कई इलाकों में ब्लैक आउट किया गया

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** ऑपरेशन शील्ड के तहत शनिवार को गुजरात, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और जम्मू-कश्मीर में मॉक ड्रिल कई गई। रात के 8 बजते ही सायरन की तेज आवाज के साथ इन राज्यों के कई इलाकों में ब्लैक आउट किया गया। जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़ की तस्वीरें सामने आई हैं। यहां ब्लैक आउट किया गया है। इससे पहले शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक चलने वाली मॉक ड्रिल के तहत शाम को इन राज्यों में पुलिस-प्रशासन ने एयर स्ट्राइक की ड्रिल की थी। इस दौरान घायलों को बचाना, उन्हें मेडिकल ऐड देना, आग लगने पर फायर ब्रिगेड के तुरंत रिस्पॉन्स देने सहित अन्य ड्रिल की गई।




## बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-अब इस बात पर बहस हो रही है कि-पाकिस्तान पर स्ट्राइक में भारत के कितने विमानों को क्षति पहुंची।

**चुहिया- हां प्रिये**- राजनीति का दलदल ही ऐसा है कि सारी एकता धंस-फंस कर रह जाती है।

## प्रधानमंत्री ने देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर भोपाल में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को किया संबोधित



# सरकार हर क्षेत्र में बहनों को सशक्त कर रही : मोदी

*भोपाल, देशबन्धु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि- लोकमाता देवी अहिल्याबाई राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति के अमूल्य योगदान का प्रतीक हैं। श्री मोदी ने देवी अहिल्या के प्रेरक कथन ''जो कुछ भी हमें मिला है वह जनता द्वारा दिया ऋण है- जिसे हमें चुकाना है'' का स्मरण किया।*

*उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लोकमाता अहिल्याबाई के इन्हीं मूल्यों पर चलते हुए कार्य कर रही है, नागरिक देवो भव: वर्तमान में गवर्नेंस का मंत्र है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती, सभी देशवासियों के लिए प्रेरणा और राष्ट्र निर्माण के लिए हो रहे भागीरथी प्रयासों में अपना योगदान देने का अवसर है। देवी अहिल्याबाई का मानना था कि जनता की सेवा और उनके जीवन में सुधार लाना ही शासन का उद्देश्य है, उनकी इस सोच को आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार वूमेन लेड डेवलपमेंट के विजन को विकास की धुरी बना रही है, सरकार की हर बड़ी योजना के केंद्र में माताएं- बहने -बेटियां हैं। स्वागत भाषण में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यस्था बन गया है।*

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जापान को पीछे छोड़ भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना - मुख्यमंत्री



- मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बैतूल के भरेवा शिल्प से निर्मित पुष्पक विमान की कृति भेंट की
- देवी अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित डाक टिकिट और सिक्का जारी किया
- इंदौर मेट्रो का शुभारंभ और दतिया व सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण
- प्रदेश के 1271 अटल ग्राम सेवा सदनों के लिए 483 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की
- नारी सशक्तिकरण के प्रतीक स्वरूप प्रदेश की चार महिलाओं ने किया प्रधानमंत्री मोदी का अभिवादन
- देवी अहिल्या बाई पर केन्द्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



देश में गरीबों के लिए चार करोड़ घर बनाए जा चुके हैं और इनमें से अधिकतर घर माता -बहनों के नाम पर हैं, वे पहली बार घर की मालकिन बनी हैं। सरकार हर घर तक नल से जल पहुंचा रही है, माता-बहनों को असुविधा न हो और बेटियां पढ़ाई लिखाई में ध्यान दे सकें, इस उद्देश्य से बिजली, उज्जवला गैस भी उपलब्ध कराई गई हैं। यह सुविधाएं माता बहनों के सम्मान का विनम्र प्रयास है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300वीं जयंती वर्ष के अवसर पर भोपाल में जम्बूरी मैदान पर महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में लोकमाता अहिल्या बाई द्वारा सुशासन, महिला स्वावलंबन, धार्मिक स्थलों के उन्नयन के लिए संचालित गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया।

इसके साथ ही देवी अहिल्या पर केंद्रित पुस्तकें और शोध पत्र भी प्रदर्शित किए गए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हथकरघा- हस्तशिल्प को समर्पित महिलाओं और ड्रोन दीदी से संवाद किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए जारी गतिविधियों, ग्रामीण आवास योजना, ग्रामीण पर्यटन, कृषि आदि क्षेत्र में महिलाओं द्वारा की जा रही पहल और ग्रामीण व नगरीय निकायों में महिला प्रतिनिधित्व के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदर्शनी में प्रदेश में अधोसंरचना विकास के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, विभिन्न धार्मिक लोक के विकास सहित राज्य के अन्य विकासोन्मुखी नवाचारों का भी अवलोकन किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने लोकमाता देवीअहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### प्रधानमंत्री ने देवी अहिल्या राष्ट्रीय सम्मान से डॉ. जयमती को किया सम्मानित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन की प्रतीक प्रदेश की चार महिलाओं ने भी स्वागत किया। इस क्रम में जबलपुर में कैंसर रोगियों की देखरेख को समर्पित सुश्री ज्ञानेश्वरी देवी, पहली भारतीय कैनोइस्ट और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त सुश्री प्राची यादव ,ग्राम स्तर पर स्वच्छता और विकास कार्यों को समर्पित ग्राम तिरला-जिला धार की सरपंच आरती पटेल और महेश्वरी साड़ी निर्माण में लगी नागेश्वरी स्वयं सहायता समूह महेश्वर की सुश्री मीनाक्षी ठाकले ने स्वागत अभिवादन किया।

# सीडीएस ने मानी लड़ाकू विमान गिरने की बात

## अनिल चौहान ने कहा- असली मुद्दा यह नहीं है कि कितने विमान गिरे, बल्कि यह है कि वे क्यों गिरे?

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने शनिवार को सिंगापुर में पाकिस्तान के साथ संघर्ष में भारतीय फाइटर जेट गिरने के दावों पर बात की। उन्होंने कहा कि असली मुद्दा यह नहीं है कि कितने विमान गिरे, बल्कि यह है कि वे क्यों गिरे? और हमने उनसे क्या सीखा। सीडीएस ने यह बात ब्लूमबर्ग को दिए साक्षात्कार में कही। वे यहां शांगरी-ला डायलॉग कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे हैं।

सीडीएस ने कहा भारत ने अपनी गलतियों को पहचाना, उन्हें जल्दी सुधारा और फिर दो दिन के भीतर दुश्मन के ठिकानों को लंबी दूरी से निशाना बनाकर एक बार फिर प्रभावी तरीके से जवाब दिया।

मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने सीडीएस जनरल अनिल चौहान द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के लड़ाकू विमान गिरने की बात स्वीकार करने पर मोदी सरकार को घेरा है। कांग्रेस ने वाजपेयी सरकार का जिक्र करते हुए पूछा कि क्या मोदी सरकार अब सिंगापुर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ द्वारा किए गए खुलासे के मद्देनज़र वैसा ही कोई कदम उठाएगी?

सीडीएस चौहान के इस खुलासे पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 29 जुलाई 1999 को, करगिल युद्ध समाप्त होने के महज तीन दिन बाद, वाजपेयी सरकार ने देश के सामरिक मामलों के विशेषज्ञ के. सुब्रह्मण्यम की अध्यक्षता में करगिल समीक्षा समिति गठित की थी- जिनके पुत्र आज भारत के विदेश मंत्री हैं। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर



### सीडीएस के खुलासे के बाद देश को जवाब दे सरकार : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि है कि सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को लेकर जो कुछ कहा है उससे साफ हो गया है कि देश को गुमराह किया जा रहा है। इसलिए सरकार को पहलगाम आतंकी हमले के बाद की पूरी स्थिति पर संसद का विशेष सत्र बुलाकर देश की जनता को जवाब देना चाहिए। श्री खड़गे ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि पाकिस्तान के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई से जुड़े मुद्दे का कोहरा अब छंट रहा है। सिंगापुर में सीडीएस के साक्षात्कार के बाद कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े हुए हैं और इन सवालों को पूछना आवश्यक हो गया है इसलिए सरकार को तुरंत संसद का विशेष सत्र बुलाकर इन सवालों का जवाब देना चाहिए।

- मोदी सरकार ने देश को गुमराह किया है
- संसद सत्र बुलाकर सवालों का जवाब दे

# देश में कोरोना मामलों की संख्या तीन हजार पार

**नई दिल्ली, (देशबन्धु)।** देशभर में कोराना से संक्रमित मामलों में तेजी देखी जा रही है, शनिवार सुबह तक कोराना संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या 3395 तक पहुंच गयी। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से चार मरीजों की मौत हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर जारी आंकड़ों के अनुसार कुल 3395 सक्रिय मामले है। अभी तक 1435 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 26 लोगों की मौत हुयी है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 685 सक्रिय मामले सामने आये हैं और 265 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी मिली है लेकिन इस अवधि के दौरान चार लोगों की जान चली गयी। राष्ट्रीय राजधानी के अलावा कर्नाटक, केरल और उत्तर प्रदेश में एक-एक मरीज की कोरोना से मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने आज दोहराया कि देश में कोविड संक्रमण की स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है और लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं हैं।

- पिछले 24 घंटे में चार मरीजों की मौत
- सबसे अधिक केरल में सक्रिय मामले

**दिल्ली में 375 मामले दर्ज किए गए**-कुल सक्रिय मामलों के सबसे अधिक 1336 केरल में और उसके बाद 467 महाराष्ट्र में हैं। दिल्ली में 375 मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा गुजरात में 265, कर्नाटक में 234, गुजरात में 265, पश्चिम बंगाल में 205, तमिलनाडु में 185, उत्तर प्रदेश में 117, राजस्थान में 61, पुडुचेरी में 41, हरियाणा में 26, आंध्र प्रदेश में 17, मध्य प्रदेश में 16, गोवा से आठ, ओडिशा में सात, झारखंड, जम्मू-कश्मीर और छत्तीसगढ से छह-छह, पंजाब में पांच, उत्तराखंड, मिजोरम और असम में दो-दो और चंड़ीगढ़ में कोरोना का एक सक्रिय मामला है।

# हेट स्पीच मामले में अब्बास अंसारी को दो साल की सजा

**मऊ, (एजेंसियां)।** बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे और यूपी की मऊ सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हेट स्पीच मामले में मऊ की सीजेएम कोर्ट ने उन्हें दोषी करार दिया है और उन्हें दो साल की सजा सुनाई है। यह फैसला मऊ के जिला एवं सत्र न्यायालय में सुनाया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, एमपी-एमएलए कोर्ट के जज डॉ. केपी सिंह ने यह फैसला सुनाया है। अब्बास अंसारी को कोर्ट परिसर में कड़ी सुरक्षा के बीच पेश किया गया था। अब्बास अंसारी के अधिवक्ता दरोगा सिंह ने बताया कि हेट स्पीच मामले में आज एक फैसला आया है। 2022 में एक मामला कोतवाली नगर में कायम हुआ था। उस मामले में छह गवाह सामने आए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दो साल की सजा सुनाई है। इस आदेश के खिलाफ हम लोग सेशन न्यायालय जाएंगे। अब्बास अंसारी की विधायकी पर असर सेशन न्यायालय के आदेश के आधार पर होगा। इस मामले के खिलाफ सेशन न्यायालय जाने की तैयारी की जा रही है।







**गगनयान** | **गगनयात्री शुभांशु शुक्ला करने वाले हैं कई कारनामे**

# अंतरिक्ष में बीज उगाने जैसे 7 तरह के प्रयोग

**इसरो।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के गगनयात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के आगामी मिशन को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट में बताया गया कि वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण से जुड़े प्रयोग करेंगे। इसरो के आधिकारिक बयान के अनुसार, 7 माइक्रोग्रैविटी प्रयोगों का चयन किया गया है। ये विभिन्न राष्ट्रीय अनुसंधान और विकास प्रयोगशालाओं, शैक्षणिक संस्थानों के भारतीय शोधकर्ताओं की ओर से प्रस्तावित किए गए हैं।

ये प्रयोग मानव स्वास्थ्य, जीव विज्ञान, मेटरियल रिसर्च, नई दवाओं के विकास और जैव प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, 8 जून को शुरू होने वाले इस मिशन में शुभांशु शुक्ला कई तरह के प्रयोग करने वाले हैं। इनमें माइक्रोएल्गी पर अंतरिक्ष के विकिरण का असर और सलाद के बीजों का अंतरिक्ष में उगना अहम है। साथ ही, टार्डिग्रेड नाम के छोटे जीवों की अंतरिक्ष में जीवित रहने और प्रजनन की क्षमता, मांसपेशियों के विकास पर पूरकों का प्रभाव और खाद्य फसलों के बीजों की वृद्धि का भी आकलन किया जाएगा। इन सारे प्रयोगों में आईएसएस की सुविधाओं का इस्तेमाल होगा और इन्हें सख्त जांच के बाद ही वहां ले जाया जाएगा।



### इसरो के लिए कितना खास है मिशन

*इसरो के लिए यह मिशन बहुत खास है, क्योंकि पहली बार कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री आईएसएस पर जाएगा। शुभांशु शुक्ला 1984 में राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इस मिशन में यूरोप के स्लावोस उज़्नांस्की-विस्निएव्स्की और हंगरी के तिबोर कपु भी शामिल होंगे। मिशन की कमान पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री पेगी व्हिटसन के हाथ में होगी। ग्रुप कैप्टन प्रसंथ बालकृष्णन नायर बैकअप पायलट होंगे। ऐसे में, भारत सहित पूरी दुनिया की नजर इसरो और आईएसएस के इस मिशन पर टिकी होगी।*

# देश-विदेश

## शादी से लौट रही कार खाई में गिरी, पांच की मौत

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां शादी से लौट रही बारातियों की कार खाई में गिर गई। इस हादसे में मासूम सहित पांच लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। मामला हरदोई जिले के मझिला थाना क्षेत्र के गांव कुसुमा का है। बताया जा रहा है कि पाली थाना क्षेत्र के पटिया निवासी नीरज पुत्र राम सेवक की बारात मझिला थाना क्षेत्र के कुसुमा गांव गई थी। शादी संपन्न के बाद बारात वापस लौट रही थी, तभी एक कार कुसुमा गांव के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा बयान

# भारत-पाकिस्तान ने युद्ध किया तो अमेरिका नहीं करेगा समझौता



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम का श्रेय लेते हुए व्यापार समझौते को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि- अगर भारत पाकिस्तान के बीच फिर से युद्ध होता है तो अमेरिका कोई भी समझौता नहीं करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका भारत और पाकिस्तान के साथ व्यापार समझौता करने जा रहा है। मुझे इस पर गर्व है। हम गोलियों के बजाय व्यापार के जरिये परमाणु युद्ध की आशंका को रोकने में सफल रहे। दोनों देशों के बीच युद्ध का इतिहास रहा है। हर बार वे दोनों गोलियों के बाद समझौता करने पर राजी हुए हैं। मगर हमने व्यापार के जरिये समझौता कराया। इसलिए मुझे इस पर बहुत गर्व है। कोई भी इसके बारे में बात नहीं करता। लेकिन पाकिस्तान और भारत के बीच बहुत ही खतरनाक संघर्ष चल रहा था। यह बहुत बुरा होता जा रहा था। वे दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं। अब हालात ठीक हैं।

ट्रंप ने एयरफोर्स वन से उड़ान भरने के बाद ज्वाइंट बेस एंड्रयूज में कहा कि पाकिस्तान के प्रतिनिधि अगले सप्ताह आ रहे हैं। हम भारत के साथ भी समझौता करने के बहुत करीब हैं। अगर वे एक-दूसरे के साथ युद्ध करने जा रहे हैं तो मुझे किसी के साथ समझौता करने में कोई दिलचस्पी नहीं होगी। मैं ऐसा नहीं करूंगा और मैं उन्हें बता दूंगा।

**भारत ने खारिज किया ट्रंप का दावा**-लगातार जारी ट्रंप की बयानबाजी के बीच भारत ने अपनी विदेश नीति को स्पष्ट कर दिया है। खुद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बीते 22 मई को दो टूक लहजे में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष खत्म करने को लेकर सहमति बनाने में किसी तीसरे देश की भूमिका नहीं थी। दोनों देशों के बीच सहमति सीधी बातचीत के बाद बनी है। उन्होंने यह बात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस दावे पर कही कि अमेरिका ने दोनों देशों के बीच सहमति बनाने में भूमिका निभाई थी।

**ट्रंप ने 21 दिनों में 10 बार किया संघर्ष विराम का दावा**-भारत की तरफ से दो-टूक खंडन के बावजूद उन्होंने 10 मई से अब तक बीते 21 दिनों में करीब 10 बार ऐसे बयान दिए हैं, जिसमें ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ने दोनों देशों का युद्ध रोका। शुक्रवार को एलन मस्क के अमेरिकी प्रशासन से अलग होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी ट्रंप ने कहा था कि हमने भारत और पाकिस्तान को लड़ने से रोका। मेरा मानना है कि यह परमाणु आपदा में बदल सकता था। मैं भारत और पाकिस्तान के नेताओं के साथ-साथ अपने लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं।

भारत-अमेरिका के बीच 25 जून तक अंतरिम व्यापार समझौते की उम्मीद

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ के एलान के बाद से अमेरिका भारत के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है। सूत्र बताते हैं कि भारत और अमेरिका के बीच 25 जून तक एक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बन सकती है। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी व्यापार वार्ता को गति देने के लिए पिछले सप्ताह वाशिंगटन में थे। इस दौरान वे अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक से दो बार मिले।

**26त्न का जवाबी अमेरिकी टैरिफ फिलहाल 9 जुलाई तक निलंबित**-दोनों पक्ष प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की पहली किस्त से पहले अंतरिम व्यापार समझौते पर विचार कर रहे हैं। भारत पर अमेरिका का 26 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ इस साल 9 जुलाई तक निलंबित है। इसे अमेरिका ने 2 अप्रैल को लगाया था।

### जो एक-दूसरे पर गोली चला रहे हों, अमेरिका उनसे व्यापार नहीं...

बकौल डोनाल्ड ट्रंप, हम व्यापार की बात करते हैं... हम कहते हैं कि हम उन लोगों के साथ व्यापार नहीं कर सकते जो एक-दूसरे पर गोली चला रहे हों और परमाणु हथियारों का उपयोग करने की कगार पर खड़े हों। ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के किसी भी नेता का नाम लिए बिना कहा, वे उन देशों के महान नेता हैं, उन्होंने परिस्थितियों को समझा और दोनों के सहमत होने के बाद यह सब बंद हो गया। हम दूसरों को लड़ने से रोक रहे हैं।% बता दें कि इससे पहले भी ट्रंप बीते 21 मई को कह चुके हैं कि उन्होंने अपने हस्तक्षेप और व्यापारिक पहलू का जिक्र कर भारत-पाकिस्तान के संघर्ष को और गंभीर होने से रोका।

# भारत से तनाव के बीच रूस ने पाकिस्तान से कर ली अरबों की डील

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान में जारी तनाव के बीच रूस ने पाकिस्तान के साथ एक महत्वपूर्ण आर्थिक समझौता किया है। इस अरबों की डील के तहत कराची में एक आधुनिक स्टील प्लांट का निर्माण होगा। यह समझौता 2015 से बंद पड़े सोवियत-निर्मित पाकिस्तान स्टील मिल्स को दोबारा खड़ा करने के लिए है। इस डील की अनुमानित लागत 2.6 बिलियन डॉलर (लगभग 22,000 करोड़ रुपये) है, जो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**क्या है समझौता?**-रूस और पाकिस्तान के बीच यह समझौता कराची में बंद पड़े स्टील प्लांट को दोबारा खड़ा करने के लिए किया गया है। इस प्लांट को 1970 के दशक में सोवियत संघ की सहायता से स्थापित किया गया था। यह प्लांट 1992 तक चालू रहा, लेकिन आर्थिक और तकनीकी कारणों से आखिरकार 2015 में इसे बंद कर दिया गया। नए समझौते के तहत, रूस उन्नत इस्पात निर्माण प्रौद्योगिकी यानी स्टील बनाने की सबसे एडवांस टेक्नोलॉजी वाली मशीनें प्रदान करेगा, जिससे पाकिस्तान की स्टील आयात पर निर्भरता में 30त्न तक की कमी आने की उम्मीद है।

पाकिस्तानी अधिकारियों और रूसी प्रतिनिधि डेनिस नजरूफ ने इस समझौते की पुष्टि की है। इस परियोजना का उद्देश्य पाकिस्तान के 11.2 मिलियन मीट्रिक टन स्टील खपत के अंतर को कम करना है, जिसके लिए देश को हर साल 2.6 बिलियन डॉलर का आयात करना पड़ता है। मार्च 2025 में ही आयातित स्क्रैप और अर्ध-तैयार उत्पादों की लागत 324 मिलियन डॉलर थी। इस प्रोजेक्ट से न केवल आयात बिल में कमी आएगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

**पाकिस्तान को कैसे होगा फायदा?**- यह डील पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद करेगी। स्टील आयात में 30त्न की कमी से विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम होगा, जो वर्तमान में आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण है। स्टील प्लांट के दोबारा खड़े होने से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इससे कराची और आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। रूस की उन्नत इस्पात निर्माण प्रौद्योगिकी के उपयोग से पाकिस्तान का स्टील उद्योग आधुनिक और प्रतिस्पर्धी बनेगा। इससे स्थानीय उत्पादन की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार होगा। आयातित स्क्रैप और अर्ध-तैयार उत्पादों पर निर्भरता कम होने से पाकिस्तान की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी, जो दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर भी इस डील को लेकर चर्चा तेज है। कुछ यूजर्स का मानना है कि यह भारत की विदेश नीति के लिए एक झटका है, जबकि अन्य का कहना है कि यह केवल एक आर्थिक समझौता है, जो भारत-रूस संबंधों पर असर नहीं डालेगा।

रूस-पाकिस्तान के बढ़ते संबंध

पिछले कुछ वर्षों में रूस और पाकिस्तान के बीच संबंध मजबूत हुए हैं। दोनों देशों ने 2023 में सस्ते दामों पर कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए एक समझौता किया था। इसके अलावा, कराची-लाहौर गैस पाइपलाइन (पाकिस्तान स्ट्रीम) परियोजना पर भी काम चल रहा है।

## भारत के लिए चिंता का विषय ?

यह समझौता भारत-पाक तनाव के बीच हुआ है, जिसके कारण भारत में इस डील को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, और भारत ने इसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। रूस ने हमेशा भारत को अपना रणनीतिक साझेदार माना है, लेकिन इस बार उसकी प्रतिक्रिया संतुलित और तटस्थ रही। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हमले की निंदा की, लेकिन भारत और पाकिस्तान दोनों से तनाव कम करने की अपील की और मध्यस्थता की पेशकश भी की। यह रुख भारत के लिए अप्रत्याशित था, क्योंकि रूस ने पहले कश्मीर मुद्दे पर भारत का खुलकर समर्थन किया था।

# शशि थरूर ने फिर दिलाई भारत को कूटनीतिक जीत, कोलंबिया ने वापस लिया पाकिस्तान के समर्थन वाला बयान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खिलाफ भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर विरोध जताने वाले कोलंबिया के सुर बदल गए हैं और उसने पाकिस्तान के समर्थन वाला बयान ही वापस ले लिया है। इसे भारत की कूटनीति और शशि थरूर की आक्रामकता की जीत के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि जो कोलंबिया कल तक पाकिस्तान के लिए सांत्वना जता रहा था, वो आज भारत के समर्थन में खड़े हो गए हैं।दरअसल, सर्वदलीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करने वाले कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कोलंबिया के संवेदना वाले बयान पर 'निराशा' जाहिर की थी। सात मई को भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देते हुए पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 9 आतंकवादी ठिकानों, उनके मुख्यालय एवं लॉन्च पैड्स को निशाना बनाया। भारत की इस जवाबी कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए जिसके बाद कोलंबिया ने पाकिस्तान के प्रति संवेदना जताई थी।

समाचार एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में शशि थरूर ने कहा कि 'कोलंबिया की उप विदेश मंत्री रोजा योलांडा ने बहुत ही गरिमामय तरीके से इस बात का जिक्र किया कि हमारी ओर से चिंता जाहिर करने के बाद पाकिस्तान के प्रति संवेदना जताने वाले बयान को कोलंबिया ने वापस ले लिया है। इस पूरे मामले पर कोलंबिया अब हमारे रुख को पूरी तरह से समझता है। यह वास्तव में बहुत महत्व रखता है। पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर भारत के हमलों के बाद कोलंबिया ने जानमाल के नुकसान को लेकर दुख जताया था। इस बयान को लेकर ही शशि थरूर ने कहा कि हम अपने कोलंबियाई मित्रों से कहना चाहेंगे कि जो आतंकवाद फैलाते हैं और जो उसका प्रतिरोध करते हैं।

# 'ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना का 15 प्रतिशत वक्त फर्जी खबरों से लड़ने में बर्बाद हो गया'

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों का मुकाबला करना एक बड़ी चुनौती है और भारतीय सेना को भी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ऐसे ही चैलेंज से दो-चार होना पड़ा। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (ष्ठष्ठस्) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना का 15त्न वक्त फर्जी खबरों का मुकाबला करने में बर्बाद हो गया।

न्यूज़ एजेंसी॒ह्ढ के मुताबिक, जनरल चौहान ने शांग्री-ला डायलॉग के दौरान कहा, फर्जी खबरों से निपटना एक लगातार काम था, हमारी कम्युनिकेशन स्ट्रेटजी सोची-समझी हुई थी, हमने इस दौरान संतुलित रवैया अपनाया। बताना होगा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर क्क्षश्य में चल रहे आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी और पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था।

ष्ठष्ठस् चौहान ने कहा कि भारत की रणनीति हमेशा से यह रही है कि मजबूत तथ्यों पर आधारित जानकारी को ही प्राथमिकता दे। उन्होंने कहा कि इसे ऐसे समझें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहले तीन दिनों में दो महिला अफसर सामने आईं क्योंकि हमारी मिलिट्री लीडरशिप ऑपरेशंस में व्यस्त थी और 10 तारीख के बाद ही ष्ठत्रस्ह्र मीडिया के सामने आए। ष्ठष्ठस् चौहान ने कहा कि इस संघर्ष के दौरान साइबर की भी भूमिका थी लेकिन इसका असर सीमित था। उन्होंने कहा कि भारत-पाकिस्तान के तनाव के दौरान स्कूल की वेबसाइट और कई पब्लिक प्लेटफॉर्म पर हमले हुए लेकिन हमारे ऑपरेशनल सिस्टम पर उनका कोई असर नहीं हुआ।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सरकार हर क्षेत्र में.....

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अवसर पर उपस्थित थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी का राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने देवी अहिल्याबाई होल्कर के जरी जरदोजी से बना चित्र भेंट कर अभिवादन किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पगड़ी पहना कर तथा बैतूल जिले के भरेवा शिल्प से निर्मित पुष्पक विमान भेंट कर उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनजातीय कलाकार डॉ. जयमती कश्यप को देवी अहिल्या बाई राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित डाक टिकट और 300 रूपये का सिक्का जारी किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दतिया और सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण तथा इंदौर मेट्रो का भी शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश में 1271 नए अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) निर्माण के लिए प्रथम किस्त के अंतर्गत 483 करोड़ रुपए का वर्चुअल अंतरण भी किया।

मुख्यमंत्री ड़ॉ. यादव ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि दुनिया के सबसे बड़े गणतंत्र के नायक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देवी अहिल्याबाई होल्कर की पावन धरा पर पधारे हैं। हमारे लिए आज का दिन अद्वितीय है। लोकमाता अहिल्या महारानी का जन्म 300 वर्ष पूर्व हुआ। उन्होंने एक आदर्श बहू और आदर्श पत्नी रहते हुए शासन चलाया। देवी अहिल्या ने घर के धन और शासन के धन का अंतर बताया। उनके कार्यकाल को देखा जाए तो आज अहिल्या माता के सुशासन के आधार पर ही पूरा शासन तंत्र चल रहा है। मध्यप्रदेश में विगत 500 साल के काल पर नजर डालें तो गोंडवाना की रानी अवंतीबाई ने तीन बार अकबर को धूल चटाई थी। इसी प्रकार रानी दुर्गावती ने भी मुगलों के सामने कभी भी आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया। ग्वालियर की राजमाता सिंधिया ने भी भारतीय लोकतंत्र को मजबूत किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इंदौर की सुमित्रा ताई को लोकसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी देकर प्रदेश का मान बढ़ाया। आज राष्ट्रपति भी एक महिला हैं। अहिल्या देवी की 300वीं जयंती के अवसर पर पूरे देश में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ड़ॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने आतंकी सरकार और आतंकवादियों को धूल चटाई । पूरा देश आपका अभिनंदन कर रहा है। जिन आतंकियों ने बहनों का सिंदूर उजाड़ने का काम किया, उन्हें सबक सिखाया है। उन्होंने कहा कि भारत ने जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उपलब्धि हासिल की है। मध्यप्रदेश सरकार गरीब, किसान, युवा और नारी सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में शिखर पर पहुंचेगा।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री, श्री जगदीश देवड़ा और श्री राजेंद्र शुक्ला, सांसद खजुराहो श्री वी.डी. शर्मा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, सूक्ष्म एवं लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती निर्मला भूरिया, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, पंचायत और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह, भोपाल सांसद श्री आलोक शर्मा और भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय उपस्थित थी। कार्यक्रम में इंदौर से केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्यमंत्री श्री तोखन साहू तथा प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, दतिया से केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री राममोहन नायडू तथा प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एंदल सिंह कंषाना, सतना से केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं सहकारिता राज्यमंत्री श्री मुरलीधर मोहोल तथा प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री श्री दिलीप जायसवाल वर्चुअली शामिल हुए।

### सीडीएस ने मानी.....

इस समिति ने पांच महीने बाद अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। इस रिपोर्ट को आवश्यक संशोधनों के बाद 23 फरवरी 2000 को संसद के दोनों सदनों के पटल पर रखा गया था। क्या मोदी सरकार अब सिंगापुर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ द्वारा किए गए खुलासे के मद्देनज़र वैसा ही कोई कदम उठाएगी? **पाकिस्तान ने 5 भारतीय लड़ाकू विमान गिराने का दावा किया था**-पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 7 मई को पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। 7 मई को ही पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संसद में दावा किया था कि हमने भारत के हमले के जवाब में कार्रवाई की, जिसमें 5 भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया गया। पांच विमानों में 3 राफेल थे। बाद में पाकिस्तान 6 भारतीय विमान गिराने का दावा करने लगा था। जब ब्लूमबर्ग ने पूछा कि पाकिस्तान कहता है कि उसने 6 लड़ाकू विमान गिरा दिए तो इस पर सीडीएस ने कहा, बिल्कुल गलत।


(विक्रय-पत्र)

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**

रा.प्र.क्रं./3099/अ-6/2024-25
जबलपुर दिनांक 22/05/2025

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहन लाल सेन पति मन्नू लाल सेन निवासी 1054 स्नेह नगर जबलपुर के द्वारा मौजा सुभाष नगर/ ब्लॉक नंबर .... प्लाट नंबर 96,98, 100 स्थित भूमि खसरा नं. .... में से रकवा अवि. वर्गफुट जो आवेदक के द्वारा विक्रेता सागरदीप एडवरटाईजिंग द्वारा एम.एम. विंग पिता चमन लाल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 13/11/2003 से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 6/6/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 22/5/25
पेशी दिनांक - 6/6/25

तहसीलदार
र.नं. 620 अधारताल जबलपुर



**DEBTS RECOVERY APPELLATE TRIBUNAL, ALLAHABAD**

Ministry of Finance, Govt. of India
ऋण वसूली अपीलीय अधिकरण, इलाहाबाद वित्त मंत्रालय भारत सरकार
147-A-58/1 Jawahr Lal Nehru Road, Tagore Town, Allahabad
147-A-58/1 जवाहर लाल नेहरू रोड, टैगोर टाउन, इलाहाबाद ।
Phone: 0532-2467671, Fax: 0532-2467670 Date: 18.04.2025

**REG APPEAL NO. 02/2023**
(Summons to the parties through publication under Section 18 of Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 as amended upto date.)

Bank of Baroda — Appellants
VERSUS
M/s Shri Sai Kripa Industries & another — Respondents

To. 1. M/s Shri Sai Kripa Industries, A Proprietorship concem through its Proprietor Smt. Arti Bulani Firm Address: Plot No. 45. II DC Larntara. Katni. M.P. 483501
2. Smt. Arti Bulani, W/o Shri Narendra Kumar Bulani, Rio Madhav Nagar, Acharya Kriplani Ward Katni, M.P. 483501

**NOTICE**

Take notice that the appellant has filed an Appeal against the order dated 21.06.2022 passed in S.A. No. 615 of 2019 by the Deba Recovery Tribunal at Jabalpur, the above mentioned Appeal has been listed for appearance and further proceedings before the Appellate Tribunal at Allahabad on 13.08.2025 at 11.00 A.M. You may appear before this Appellate Tribunal on the date either ir person or through legal practitioner duly appointed by you for this purpose. Take notice that in default of your appearance on the date fixed, the appeal will he heard ex-parte.

REGISTRAR
Debts Recovery Appellate Tribunal. Allahabad



**न्यायालय तहसीलदार रांझी, जबलपुर**
रा.प्र.क्र./220/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शैलेष ओसवाल पिता स्व.शरद ओसवाल नि.1780, नेपियर टाउन, रसल चौक, जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं.05 प्लाट नं. 18/4 रकवा 1428 व.फु. विक्रय पत्र दिनांक 10/03/1983 क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल खसरा/ पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं 05 प्लाट नं. 18/4 रकवा 1428 व.फु. सिविल स्टेशन रकवा1428 व.फु. शरद ओसवाल पिता एम. एम.ओसवाल नि. गोविंद गंज के नाम दर्ज है। अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 09/06/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 22/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 22/05/2025
पेशी दिनांक- 09/06/2025

तहसीलदार
रांझी, जबलपुर



**कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, भोपाल**

ई मेल-ce.tender.wrdmp@gmail.com
फोन-0755-2767635 फेक्स- 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक-1154/2025-26/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक- 27.05.2025

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 23.06.2025 को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

| सं.क्रं. | निविदा क्रं. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_WRD_426783 | पेंच डायवर्सन परियोजना अन्तर्गत पेंच नदी के स्पिल चैनल के D/S के दोनों ओर RD 130.70 M से RD 765.00 M तक रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य। | छिंदवाड़ा | 3456.87 |

G-13634/25 स्वच्छता ही सेवा **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**



फौती

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/102/अ-6/2025-2026

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंकज कुमार गुप्ता/ स्व. भोला प्रसाद गुप्ता नि. 366 छोटी ओमती जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं. 97 प्लाट नं. 7/4 रकवा 340 व.फु. विक्रय पत्र/ हक त्याग पत्र/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक मृत्यु दिनांक 26/04/2024 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 97 प्लाट नं. 7/4 रकवा 340 व.फु./ अवि. हिस्सा... व.फु. / हे. ग्राम बेलबाग रकवा 340 व.फु. श्रीमती गनेश प्रसाद, भोला प्रसाद पिता रामरतन सा. ओमती के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 03/06/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 24/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 24/04/2025
पेशी दिनांक 03/06/2025

तहसीलदार,
र.नं.- 622 रांझी, जबलपुर



**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**
रा.प्र.क्र. 0175/ अ-6/2025-26

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, नमिता नागर पति स्व. सुनील नागर निवासी जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक..... के माध्यम से मौजा गोरखपुर नं.बं. ... प.ह.नं. 09 ख.नं. 11 रकवा 0.166 हे. विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा / बटवारा नामा/हस्तान्तरण पत्र/ हकत्याग पत्र/दान पत्र एवं नक्शा बंटाक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 10/06/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 30/05/2025 को जारी।

जारी दिनांक - 30/05/2025
पेशी दिनांक - 10/06/2025

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर
र.नं. 624



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं मुकेश पटेल पिता श्री सुदर्शन उम्र 35 वर्ष निवासी म.नं. 3630, चौधरी मोहल्ला गणेश चौक, कंचनपुर, निर्मलचंद वार्ड, आधारताल, जिला जबलपुर (म.प्र.) का शपथपूर्वक नि.लि. कथन करता हूं कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त वर्तमान पते पर निवास करता हूं।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड व परिवार समग्र आई, में मेरा नाम मुकेश पटेल (MUKESH PATEL) दर्ज है।
3. यह कि वोटर आई.डी. व बही में मेरा नाम ओमकेश (OMKESH) दर्ज है।
4. यह कि ओमकेश (OMKESH) व मुकेश पटैल (MUKESH PATEL) दोनों ही नाम मेरे अर्थात एक ही व्यक्ति के हैं।
5. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम नाम ओमकेश (OMKESH) दर्ज किया जाये।

दिनांक 30.05.2025
र.नं. 618



(विक्रय-पत्र)

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**

रा.प्र.क्रं./3100/अ-6/2024-25
जबलपुर दिनांक 22/05/2025

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति मीरा निगुडकर पति किशोर शंकर वगैरा निवासी 13 सुख सागर काम्पलैक्स महानद्दा जबलपुर के द्वारा मौजा सुभाष नगर ब्लॉक नंबर 97/7/1ए प्लॉट नंबर 97/7/1ए स्थित भूमि खसरा नंबर 299 में से रकवा 57 अवि. वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता श्रीमति गीता दोन्दे पति श्री दिनकर वासुदेव से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 18/08/2011 से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 6/6/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुदा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 22/5/25
पेशी दिनांक - 6/6/25

तहसीलदार
र.नं. 619 अधारताल जबलपुर

# देश-प्रदेश

उवाच

**कब चुप्पी तोड़ेंगे मोदी ट्रंप के सीजफायर वाले बयान पर**

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद शुरू भारत पाकिस्तान सैन्य टकराव के दौरान सीजफायर का ऐलान सबसे पहले भारत या पाकिस्तान नहीं बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया था। इसको लेकर पहले दिन से ही कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार की कूटनीति की आलोचना कर रही है। वहीं राष्ट्रपति ट्रंप के लेटेस्ट बयान के बाद आज एक बार फिर कांग्रेस ने पूछा है कि सीजफायर का ऐलान ट्रंप द्वारा क्यों किया गया। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर से ऐसे संकेत दिए हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम के लिए उन्होंने मध्यस्थता की थी।





भोपाल स्थित जंबूरी मैदान में आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भोपाल आगमन पर मंत्री राकेश सिंह और राव उदय प्रताप सिंह ने अभिवादन कर उनका स्वागत किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विमानतल पर मुख्य सचिव अनुराग जैन एवं डीजीपी कैलाश मकवाना ने विदाई दी।

## देवी अहिल्याबाई पर केंद्रित प्रदर्शनी का प्रधानमंत्री ने किया अवलोकन, महिलाओं से किया संवाद





**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में लोकमाता देवी अहिल्याबाई पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस अवसर पर उपस्थित थे। लोकमाता अहिल्या बाई द्वारा सुशासन, महिला स्वावलंबन, धार्मिक स्थलों के उन्नयन के लिए संचालित गतिविधियों को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही देवी अहिल्या बाई पर केंद्रित पुस्तकें और शोध पत्र भी यहां प्रदर्शित हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हथकरघा-हस्तशिल्प को समर्पित महिलाओं और ड्रोन दीदी से संवाद किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए जारी गतिविधियों, ग्रामीण आवास योजना, ग्रामीण पर्यटन, कृषि आदि क्षेत्र में महिलाओं द्वारा की जा रही पहल और ग्रामीण व नगरीय निकायों में महिला प्रतिनिधित्व के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदर्शनी में प्रदेश में अधोसंरचना विकास के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, धार्मिक लोकों के विकास, सहित राज्य की अन्य विकासोन्मुखी नवाचारों का भी अवलोकन किया।

## मनीष रस्तोगी पदोन्नत अपर मुख्य सचिव बने

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश सरकार ने 1994 बैच के आईएएस अधिकारी मनीष रस्तोगी को पदोन्नत कर दिया है। उन्हें प्रमुख सचिव से अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। इस संबंध में आज सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिए गए है। आदेश के मुताबिक उनकी पदोन्नति रविवार एक जून से प्रभावी होगी। वित्त विभाग के प्रमुख सचिव के पद से उनकी पदोन्नति ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर के रूप में हुई है। यह पद अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद खाली हुआ था। इससे पहले मनीष रस्तोगी मध्यप्रदेश के वित्त विभाग के प्रमुख सचिव के रूप में जिम्मेदारियों निभा रहे थे। पदोन्नति मिलने से श्री रस्तोगी के कार्यक्षेत्र के साथ ही जिम्मेदारियों में इजाफा होगा। आईएएस श्री रस्तोगी को प्रशासनिक क्षेत्र में लंबे समय का अनुभव है। उन्होंने वित्त विभाग सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

# मुख्यमंत्री ने किया इंदौर मेट्रो ट्रेन का निरीक्षण, संचालन की जानकारी ली





**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नव-उद्घाटित इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के गांधीनगर स्थित देवी अहिल्याबाई मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अहिल्याबाई मेट्रो स्टेशन से झलकारी बाई मेट्रो स्टेशन तक यात्रा की। वह अहिल्याबाई मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन से वापस भी आये। उन्होंने यात्रा के दौरान मेट्रो रेल संचालन कक्ष का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेट्रो रेल संचालन से जुड़े अधिकारियों से तकनीकी और प्रबंधकीय पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। यात्रा के दौरान उन्होंने महिला यात्रियों से भी संवाद किया और इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के विषय में प्रतिक्रियाएं और अनुभव जाने। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ अहिल्याबाई मेट्रो स्टेशन पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला, श्री मधु वर्मा, श्री गोलू शुक्ला, श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, सुश्री उषा ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती वर्ष के पावन अवसर पर भोपाल में आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन के दौरान इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम चरण का वर्चुअल शुभारंभ किया। मेट्रो परियोजना के प्रथम चरण में लगभग 1520 करोड़ रूपये की लागत से निर्माण कार्य हुआ है। मेट्रो में 900 से अधिक यात्रियों की क्षमता है तथा इसमें सभी आधुनिक, सुगम एवं पर्यावरण-अनुकूल परिवहन सुविधाएं उपलब्ध हैं। यात्रियों की सहूलियत के लिए स्टेशनों पर लिफ्ट, एस्केलेटर, एआई आधारित ट्रैकिंग सिस्टम और क्यूआर कोड आधारित टिकट प्रणाली जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं भी स्थापित की गई हैं।

### मेट्रो ट्रेन का सफर किया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर शहर के विकास की रफ्तार को अब मेट्रो ट्रेन का साथ मिल गया है। विकास अब मेट्रो ट्रेन की रफ्तार से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को इंदौर में मेट्रो ट्रेन का सफर कर इस ऐतिहासिक और आनंदपूर्ण पल का अनुभव लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेट्रो ट्रेन की सुविधाओं, तकनीकी व्यवस्थाओं और यात्री सुविधाओं का खुद अवलोकन और अनुभव करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर इस अवसर को इंदौर शहर के लिए अत्यंत गर्व का क्षण बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, इंदौर के सांसद शंकर लालवानी, इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव, अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।

दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम का मिजाज

## तेज आंधी व बारिश से तापमान में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में शनिवार शाम को मौसम ने अचानक करवट ली। शाम होते-होते आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश ने पूरे क्षेत्र को भिगो दिया। दिनभर उमस और गर्मी झेल रहे लोगों को इस मौसम के बदलाव से बड़ी राहत मिली है।

मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार, शनिवार को राजधानी दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में 40-50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ-साथ गरज और चमक के साथ बारिश की चेतावनी दी गई थी। यह चेतावनी पूरी तरह से सटीक साबित हुई, जब शाम को अचानक तेज हवाएं चलने लगीं और उसके बाद कई इलाकों में बारिश ने दस्तक दी। इसके साथ ही, सुबह से ही एनसीआर के अधिकांश क्षेत्रों में बादल छाए हुए थे और वातावरण में नमी बनी हुई थी। अधिकतम तापमान लगभग 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहा, लेकिन शाम को हुई बारिश के बाद तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई, जिससे मौसम सुहाना हो गया। आईएमडी की वेबसाइट पर दी गई 7 दिन की पूर्वानुमान रिपोर्ट के अनुसार, आगामी दिनों में भी मौसम इसी प्रकार अस्थिर बना रह सकता है। 1 जून को आंशिक रूप से बादल छाए रहने और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं, 2 से 4 जून के बीच गरज और बारिश की गतिविधियां बनी रह सकती हैं, जबकि 5 जून को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इस मौसम के बदलाव से एक ओर जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं तेज आंधी और बिजली गिरने की संभावनाओं को देखते हुए नागरिकों को सतर्क रहने की भी सलाह दी गई है। खासकर खुले स्थानों, पेड़ों के नीचे या कच्चे निर्माण स्थलों से दूर रहने की चेतावनी दी गई है। हालांकि, मौसम विभाग ने आगामी दिनों के लिए कोई विशेष चेतावनी जारी नहीं की है, लेकिन अचानक बदलते मौसम को देखते हुए सतर्कता बरतना आवश्यक है। देश में समय से पहले आया मानसून पूर्वोत्तर में जमकर तबाही मचा रहा है। बीते तीन दिनों में पूर्वोत्तर के मणिपुर, मिजोरम, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा में लगातार भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ में 19 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 12 हजार से ज्यादा परिवार प्रभावित हुए हैं। इन राज्यों में घर गिरने से बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए हैं।

# कर्नाटक में अब तंबाकू पर सख्ती





**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी को याद किया। उन्होंने कहा कि एक जमाने में इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री थीं। जो अमेरिका की धमकी के आगे भी नहीं झुकीं। कमलनाथ ने कहा कि बेरोजगारी मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी चिंता है। यदि नौजवानों का भविष्य अंधेरे में रहेगता तो प्रदेश का विकास कैसे होगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश आज झूठ, भ्रष्टाचार, महिला अपराध और किसान विरोध राजधानी बन गया है। कमलनाथ जबलपुर में आयोजित देश की सेना के शौर्य, पराक्रम और वीरता को समर्पित कांग्रेस की जय हिंद सभा को संबोधित कर रहे थे। सभा में कांग्रेस के अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने वीर शहीदों को नमन किया और लोकतंत्र पर मंडरा रहे खतरे के खिलाफ संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरूआत से पहले छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल और मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शौर्य स्मारक पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा कि सेना किसी एक पार्टी की नहीं, बल्कि पूरे देश की होती है। उनके पराक्रम पर कोई सवाल नहीं है, सवाल सरकार की मंशा और फैसलों की पारदर्शिता पर है। श्री बघेल ने प्रधानमंत्री का नाम लिए बिना कहा कि आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है कि वह अब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में काम कर रहे हैं? पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि जिसका आजादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं, जिसने ब्रिटिश हुकूमत की गुलामी की, आज वही लोग कह रहे हैं कि भारतीय सेना नरेंद्र मोदी के चरणों में समर्पित है। उन्होंने कहा कि शहादत के कफन पर राजनीति करने वाले देशप्रेमी नहीं हो सकते।

## इंदौर को मेट्रो, दतिया और सतना को मिली विमानतल की सौगात





**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन के दौरान प्रदेश को कई सौगातें दीं। उन्होंने वर्चुअली इंदौर में मेट्रो ट्रेन की सौगात के साथ ही दतिया और सतना विमानतल का लोकार्पण भी किया। इंदौर में मेट्रो ट्रेन के शुभारंभ अवसर पर पहले दिन महिलाओं ने मुफ्त सफर किया, अगले सात दिन तक मेट्रो यात्रा सुविधा मुफ्त रहेगी।

इस दौरान राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी विशेष रूप से मौजूद थे। वहीं समारोह में केंद्रीय शहरी विकास एवं आवास मंत्री तोखन साहू, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि और मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अध्यक्ष जयदीप विशेष रूप से मौजूद थे। देवी अहिल्याबाई की 3 सौवीं जयंती पर इंदौर में शुरू हुए मेट्रो रेल परियोजना के शुभारंभ के इस ऐतिहासिक अवसर पर इंदौर में उत्सव जैसा माहौल रहा, जिसमें नागरिकों विशेष कर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सतना एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस एयरपोर्ट से आज पहली उड़ान भरी गई। विमान में 7 आदिवासी महिलाओं छोटी बाई कोल, बूटी कोल, संगीता कोल, सुमित्रा आदिवासी, रीतू कोल, मैना देवी कोल और भूरी कोल ने सतना से रीवा तक का हवाई किया। इस दौरान महिलाएं फ्लाइट में लोकगीत गाते दिखी। उन्होंने पहली बार हवाई सफर करवाने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। अब यहां से छोटे 19 सीटर विमानों की उड़ान सेवा शुरू की जाएगी। इस सेवा से सतना, पन्ना, मैहर, चित्रकूट और सीधी जैसे जिलों को सीधा लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज दतियावासियों को एयरपोर्ट की सौगात दी। उन्होंने भोपाल से इसका वर्चुअल लोकार्पण किया। दतिया में केन्द्रीय नागरिक उडडयन मंत्री राममोहन नायडू के साथ पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा इस समारोह में शामिल हुए।


**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Majith Basha K legally Father of Army No. - 15710261A, Rank. - Hav, Name. - Mubarak Basha M, Unit. - HQ 1 STC, Home - Vill - Onnupuram, Post - Onnupuram, Teh. - Arni, P/s.- Kannamangalam, Dist. - Tiruvannamalai, State - Tamilnadu, Pin - 632315., I, have changed my name Majith Basha K to Majith Basha kareem and date of birth 01/07/1965 to 10/06/1965 Vide Affidavit No. BV 519179 Dated 31/05/2025 before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
Majith Basha K
INCORRECT DOB - 01/07/1965
CORRECT NAME
Majith Basha kareem
CORRECT DOB - 10/06/1965
कृति

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Rahima Bi is legally MOTHER of Army No. - 15710261A, Rank. - Hav, Name. - Mubarak Basha M, Unit. - HQ 1 STC, Home - Vill - Onnupuram, Post - Onnupuram, Teh. - Arni, P/s. - Kannamangalam, Dist. - Tiruvannamalai, State - Tamilnadu, Pin - 632315, I, have changed my name Rahima Bi to Raheema Bee M and date of birth 01/07/1969 to 25/08/1970 Vide Affidavit No. BV 519180 Dated 31/05/2025 before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
Rahima Bi
INCORRECT DOB - 01/07/1969
CORRECT NAME
Raheema Bee M
CORRECT DOB - 25/08/1970
कृति

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Bhupen CH Barkakati Father of Army No- JC386616N, Rank- Subedar, Name- Munjit Barkakati, Unit- 4 TTR , 1 STC, Home - Vill- Katashbari, Post- Nayagaon, Teh- Boitamari, P/S- Jogighopa, Dist- Bongaigaon, State- Assam, Pin- 783384. I, have changed my name Bhupen CH Barkakati to Bhupen Chandra Barkakati and date of birth 01/07/1948 to 20/09/1948 Vide Affidavit No. 33AA136383 Dated 31/05/2025 before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
Bhupen CH Barkakati
INCORRECT DOB - 01/07/1948
CORRECT NAME
Bhupen Chandra Barkakati
CORRECT DOB - 20/09/1948
कृति

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Army No 15713134W, Rank- Hav, Name Jeetendra Tiwari, Unit - MB Area sig Coy, Home- VILL - Baralota, Post - Baralota, Teh- Daltonganj, P/s- Daltonganj Dist- palamu, state- Jharkhand Pin- 822102, have changed my MOTHER Name from NIRAWALI TIWARI to NIRAVATI DEVI and my MOTHER DOB from 07/08/1964 to 01/01/1961 Vide Affidavit No. 33AA 136382 Dated 31/05/2025 before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
NIRAWALI TIWARI
INCORRECT DOB - 07/08/1964
CORRECT NAME
NIRAVATI DEVI
CORRECT DOB - 01/01/1961
कृति

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Army No 15713134W, Rank- Hav, Name Jeetendra Tiwari, Unit - MB Area sig Coy, Home- VILL - Baralota, Post - Baralota, Teh- Daltonganj, P/s- Daltonganj Dist- palamu, state- Jharkhand Pin- 822102, have changed my FATHER Name from PURUSHOTAM TIWARI to PURUSHOTTAM TIWARI and my FATHER DOB from 16/03/1960 to 01/01/1951 Vide Affidavit No. 33AA 136381 Dated 31/05/2025 before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
PURUSHOTAM TIWARI
INCORRECT DOB - 16/03/1960
CORRECT NAME
PURUSHOTTAM TIWARI
CORRECT DOB - 01/01/1951
कृति

**CHANGE OF NAME/DOB**

I, Army No. JC383724M, Rank- SUB, Name K R CHANDRA SEKHAR presently residing at Village-PUNGANUR, Post-PUNGANUR, Teh- PUNGANUR, Distt. CHITTOOR, State- ANDHRA PRADESH, PIN-517247 do hereby solemnly affirm and declare that my father& Mother named and Date of Birth is K R RAVINDRA KUMAR/01-07-1960(FATHER) & K NAGAMANI/01-07-1964 has been mistakenly recorded in my Army Service Record which is incorrect. The correct name and Date of Birth father/Mother is K RAVINDRA KUMAR/09-11-1956 & KEELAPATLA NAGAMANI/22-08-1959 as per Aadhar Card and other documents and same shall be considered in future in all Records. Vide Affidavit No. 33AA 737369 Dated 31/05/25 before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME & DOB -
FATHER-K R RAVINDRA KUMAR/ 01-07-1960
MOTHER-K NAGAMANI/01-07-1964
CORRECT NAME/DOB-
FATHER-K RAVINDRA KUMAR/ 01-11-1956
MOTHER-KEELAPATLA NAGAMANI/ 22-08-1959
र.नं. 625

**CHANGE OF NAME/DOB**

I, Army No. 15732727x, Rank- SIGMN, Name GAYKE ANIL SRIHARI presently residing at Village-APEGAON, Post-PAITHAN Teh- PAITHAN Distt.- CHHATRAPATI SAMBHAJINAGR,State-MAHARASHTRA, PIN-431107 do hereby solemnly affirm and declare that my father& Mother named and Date of Birth is GAYKE SHRIHARI RAOSAHEB/17-08-1968(FATHER) & BHAGUBAI/21-04-1972(MOTHER) has been mistakenly recorded in my Army Service Record which is incorrect. The correct name and Date of Birth father/ Mother is SHRIDHAR RAVASAHEB GAYKE/01-01-1963(FATHER) & BHAGUBAI SHRIDHAR GAYKE/01-01-1965(MOTHER) as per Aadhar Card and other documents and same shall be considered in future in all Records. Vide Affidavit No. 33AA 737370 Dated 31/05/25 before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME & DOB -
Father-GAYKE SHRIHARI RAOSAHEB17-08-1968
MOTHER-BHAGUBAI/21-04-1972
CORRECT NAME/DOB-
FATHER-SHRIDHAR RAVASAHEB GAYKE01-01-1963
MOTHER-BHAGUBAI SHRIDHAR GAYKE 01-01-1965
र.नं. 625

**CHANGE OF NAME/DOB**

I, Army No. 15708955F, Rank-HAV, Name ABHAYA KUMAR SAHANI presently residing at Village-KANTAKAI, Post-KANTAKAI, Teh- BANKI, Distt.- CUTTACK, State ODISHA, PIN-754009 do hereby solemnly affirm and declare that my father& Mother named and Date of Birth is BIPINBIHARI SAHANI/01-01-1957(FATHER) & BHABENI DEI/07-02-1963(MOTHER) has been mistakenly recorded in my Army Service Record which is incorrect. The correct name and Date of Birth father/Mother is BIPIN BIHARI SAHANI/25-07-1958(FATHER) & BHABENI SAHANI/01-01-1970(MOTHER) as per Aadhar Card and other documents and same shall be considered in future in all Records. Vide Affidavit No. 33AA 737371 Dated 31/05/25 before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME & DOB -
Father-BIPINBIHARI SAHANI 01-01-1957
MOTHER-BHABENI DEI/07-02-1963
CORRECT NAME/DOB-
FATHER-BIPIN BIHARI SAHANI 25-07-1958
MOTHER-BHABENI SAHANI/01-01-1970
र.नं. 625

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Indubai Hanmant Koli W/o. Hanmant Laxman Koli R.o. Vill- Guigunjnal, Po. Bablad K, Tal-Jat Dist-Sangli, (Maharashtra) 416412, I, have changed my name Koli Indubai Hanmanta to Indubai Hanmant Koli and date of birth 05/05/1966 to 01/01/1963 Vide Affidavit Dated 07/05/2025 before Notary, Dist-Sangli, Maharashtra.

INCORRECT NAME
Koli Indubai Hanmanta
INCORRECT DOB - 05/05/1966
CORRECT NAME
Indubai Hanmant Koli
CORRECT DOB - 01/01/1963
कृति

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Hanmant Laxman Koli S/o. Late Koli Laxman Arjun R.o. Vill- Guigunjnal, Po. Bablad K, Tal-Jat Dist-Sangli, (Maharashtra) 416412, I, have changed my name Koli Hanmanta Laxman to Hanmant Laxman Koli and date of birth 11/08/1959 to 01/01/1953 Vide Affidavit Dated 07/05/2025 before Notary, Dist-Sangli, Maharashtra.

INCORRECT NAME
Koli Hanmanta Laxman
INCORRECT DOB - 11/08/1959
CORRECT NAME
Hanmant Laxman Koli
CORRECT DOB - 01/01/1953
कृति

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./सं. क्र. 11/19-20/.. दि. 29.05.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती माधुरी चौरसिया पति स्व. श्री धनेश्वर प्रसाद चौरसिया ने वार्ड क्रमांक- 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अबंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक ड्प्लैक्स नं. डी-16 एकता मार्केट के पीछे गौर सम्पत्ति के पिन क्रमांक- 1000384084, 46705208 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा... वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 400 आरसीसी व.फु. प्रथम तल 400 आरसीसी व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज अंकित बबेले पिता श्री सुदामा प्रसाद बबेले का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11
नगर निगम, जबलपुर

र.नं.-621



## मुंबई में कार्गो शिप पुर्जे चोरी के आरोप में 4 गिरफ्तार

**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र में नवी मुंबई पुलिस ने 93 लाख रुपए से अधिक मूल्य के कार्गो शिप इंजन पुर्जे चोरी करने के आरोप में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने जानकारी दी। चोरी का मामला उस समय सामने आया जब शिकायतकर्ता वासुदेव दत्तात्रेय प्रभु ने 25 मई को उनकी कंपनी के गोदाम में सेंधमारी की सूचना दी गयी। जिसमें कार्गो शिप के टर्बो इंजन के पुर्जे चोरी हो गए थे। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए तुर्भे पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य का विश्लेषण किया और क्षेत्र में लगभग 40 सीसीटीवी की फुटेज को खंगाला। जांच के बाद 28 मई को इंदिरानगर, तुर्भे एमआईडीसी से चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने तब से आरोपियों से लगभग 74 लाख रुपये मूल्य के इंजन पुर्जे बरामद किए हैं, साथ ही चोरी किये गये शेष सामान की बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

# साहित्य

रूसी कहानी

# दो बूँद आँसू



■ इवान तुर्गनेव
रूपान्तर : सुरेश पाण्डेय

वह कैदी था। उसे आजन्म कैद की सजा मिली थी। एक दिन मौका पाकर वह जेल से भाग निकला। बड़ी तेजी से वह भागा जा रहा था।

वह अपनी सम्पूर्ण शक्ति लगाकर दौड़ रहा था। दौड़ते-दौड़ते वह इतना थक गया था कि बार-बार भूमि पर गिर पड़ता था।

सामने एक चौड़ी नदी थी। नदी अधिक गहरी न थी। पर उसे तैरना जरा भी न आता था। लकड़ी का एक चौरस टुकड़ा किनारे पर तैर रहा था। सिपाहियों के भय से भीत उस बेचैन व्यक्ति ने उसी पर अपना एक पैर रखने की कोशिश की। तभी किनारे पर दो व्यक्ति आ पहुँचे। उनमें एक व्यक्ति उसका दोस्त था और दूसरा दुश्मन।

जो दुश्मन था, वह सबकुछ देखते हुए भी कुछ न बोला, मौन खड़ा रहा। पर उसका मित्र अपनी सम्पूर्ण शक्ति लगाकर जोर-जोर से चिल्लाने लगा, यह क्या करता है? तेरा दिमाग तो खराब नहीं हो गया? पगला गया है क्या? देखता नहीं, यह लकड़ी का टुकड़ा बिलकुल सड़ा और निकम्मा है। तेरा बोझ इससे नहीं उठाया जाएगा। यह बीच में ही टूट जाएगा। फिर तेरी मृत्यु निश्चित है।

पर नदी पार करने का दूसरा कोई उपाय भी तो नहीं! देखते नहीं, सिपाही मेरा पीछा कर रहे हैं? यह कहते हुए वह अभागा व्यक्ति पुन: लकड़ी के टुकड़े की ओर बढ़ा।

किन्तु मैं तेरा इस तरह सर्वनाश नहीं होने दूँगा! उसका वह मित्र जोर से चिल्लाया और लकड़ी के टुकड़े को उसने दूर फेंक दिया। प्राणों के भय ने कैदी को उस लकड़ी के टुकड़े को पाने के लिए मजबूर कर दिया - उसके बचाव का वही एकमात्र साधन था। अपने मित्र का हाथ झटकता हुआ वह उस टुकड़े के लिए पानी में कूद पड़ा। एक बार... दो बार... वह ऊपर आया और फिर उसने सदा के लिए जल-समाधि ले ली।

उसका दुश्मन दिल खोलकर जोर-जोर से कहकहे लगाकर वापस चला गया, पर उसका मित्र अपने अभागे मित्र के लिए फूट-फूटकर विलाप करने लगा।

उसके मस्तिष्क में एक क्षण के लिए भी यह विचार न आया कि अपने मित्र की मृत्यु का वह स्वयं उत्तरदायी है।

वह रो-रोकर कह रहा था - उसने मेरी बात न मानी - मेरी एक न सुनी।

लोगों ने उसे समझाया-बुझाया, तो उसने स्वयं को तसल्ली देने का रास्ता खोज निकाला - यदि वह जीवित रहता, तो भी उसे आजीवन कैद में ही सड़ना पड़ता, अब कम-से-कम उसकी यातना तो खत्म हुई। हो सकता है, उसके भाग्य में यही लिखा हो।

फिर भी लोगों के बीच जब उस कैदी की चर्चा चलती, तो उसकी आँखें डबडबा आतीं। सच तो यह है कि अपने बदनसीब दोस्त के लिए वह भला आदमी सदा दो बूँद आँसू बहाता रहा!

# मेरी माँ

■ अशोक वाधवाणी

*हाल ही में पिता जी की मृत्यु के बाद आलोक अपने पिता की तरह ही माँ की छोटी-छोटी ख़ुशियों, ज़रूरतों का विशेष ख़याल रखने लगा है। पत्नी को भी हिदायत दे रखी थी कि माँ को किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए । उन्हें रत्ती भर भी अहसास नहीं होना चाहिए कि पति के जाने के बाद, परिवार वाले मेरी तरफ ध्यान नहीं देते। आलोक सुबह काम पर जाने से पहले माँ के चरण स्पर्श करके ही घर से निकलता। रात को घर लौटने पर फिर माँ के चरण छूकर, उसका हाल-चाल पूछता। माँ आज्ञाकारी बेटे के व्यवहार से गदगद्? होती। उसके सिर पर ममतामयी हाथ फेरकर आशीर्वाद देती। मिलने-जुलने वालों से बहू-बेटे की जी भरकर प्रशंसा करते हुए कहती, क्रमैं सौभाग्यशाली हूँ जो ऐसा बेटा और बहू मिले हैं। भगवान सबको ऐसी बहू और बेटा दे।*



*आलोक पत्नी खुशबू, बच्चों और माँ को लेकर रात का भोजन करने के लिए एक होटल में पहुंचा। सब के लिए खाने-पीने की चीजों का ओर्डर देने के बाद, वेटर से कुक को बुलाने के लिए कहा। कुक के आने पर आलोक ने उनसे कहा, क्रमेरी माँ तीखा बिलकुल नहीं खा सकती हैं। इसलिए ध्यान रहे कि एक सब्ज़ी में लाल, हरी या काली मिर्च हर्गिज़ नहीं डालनी है।ं भोजन की शुरुआत में माँ ने जैसे ही पहला निवाला मुंह में डाला तो वो तड़फ़ उठी। सब्ज़ी में अत्यधिक मिर्च डले होने के कारण उनकी आंखों से पानी बहने लगा । आलोक ने तुरंत माँ को पानी पिलाया। इतने में वेटर दौड़ता हुआ सब्ज़ी की दूसरी प्लेट लाया। क्षमा मांगते हुए बताया कि गलती से ऐसा हुआ है। आलोक के गुस्से से परिचीत माँ ने बेटे को समझाते हुए कहा, क्र तुम्हें जो कुछ भी कहना है , भोजन समाप्ती पर ही कहना।ं माँ की बात सुनकर आलोक गुस्सा पी गया।*

*सबके भोजन करने के बाद वेटर जब बिल लेकर आया तो आलोक ने गुस्से में आकर उससे कहा, क्रमैंने तुम्हें और कुक को साफ-साफ कहा था कि बिना मिर्च वाली सब्ज़ी बनाना, जबकि तुम जो सब्ज़ी लाए थे, वो तीखी थी। जाओ मैनेजर को बुलाकर लाओ ।ं वेटर भागा-भागा गया। मैनेजर आने के बाद आलोक ने उनसे कहा, क्रमैं अपनी माँ की आंखों में आंसू की एक बूंद तक नहीं देख सकता। फीकी सब्ज़ी का ओर्डर देने के बाद भी, ऐसी गलती कैसे हुई? मैं बिल नहीं दूंगा। तुम लोगों की गलती का यही उचित दंड है।ं मैनेजर ने आलोक से क्षमा मांगी। आलोक को बताया गया कि वेटर की गलती के कारण ही ऐसा हुआ। इसीलिए माँ को दी गई सब्ज़ी का मूल्य छोड़कर, बाकी बिल ..। माँ ने आलोक की ओर देखा। कुछ कहना चाहती थी कि आलोक ने बीच में ही माँ से कहा, क्रमैं आपके चेहरे के भाव पढ़ चुका हूँ। आपने मुझे ऐसे संस्कार नहीं दिए कि मैं मुफ़्त का माल खाऊँ। मैं पूरा बिल दूंगा। इन्हें सबक सिखाने के लिए ऐसा नाटक करना पड़ा।ं वहां पर मौजूद सारे वेटर्स और ग्राहक, जोकि आलोक की शिकायत ध्यानपूर्वक सुन रहे थे, अचंभित हुए। आलोक का माँ के प्रति आदरभाव देख, सभी खुश होकर तालियाँ बजाते हुए दाद देने लगे। मैनेजर पूरे परिवार का आभार मानकर चला गया।*

# नर्मदा और बलई का संगम है महाराजपुर



## नर्मदा परिक्रमा से लौट कर नरेंद्र जायसवाल-8

मंडला स्थित महाराजपुर में दो नदियों का संगम है। जिसमें प्रमुख नर्मदा नदी हैं। यहां पर घाटों को भक्तों के अनुरूप बनाने का काम किया गया है। नर्मदा भक्त यहां पर विश्राम के बाद अगले पड़ाव की तरफ रवाना होते हैं। गोंड काल से यहां पर नर्मदा की आराधना के लिये भक्तों का आना-जाना लगा रहता था जो आज तक चल रहा है। यहां पर नर्मदा के साथ बलई नदी का संगम होता है। संगम घाट को अभी और संवारने की जरूरत है। भक्तों और पर्यटकों के हिसाब से धर्मशालाएं कम हैं। इनकी संख्या बढ़ाने की जरूरत है। वैसे तो साल भर नर्मदा भक्त आते हैं। नर्मदा परिक्रमा के दिनो में इनकी संख्या में कई गुना बढ़ोत्तरी होती है। घाट में साफ सफाइ की कमी है। इसके लिये स्थानीय जनपद के पदाधिकारियों के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं को सक्रिय होने की आवश्यकता है। नवंबर से फरवरी मार्च के बीच नर्मदा भक्त अधिक संख्या में पहुंचते है।

### आंवली घाट और डमरू घाटी में महादेव

आंवली घाट में नर्मदा तट के समीप पहुंचकर भक्त यात्रा को विराम देते हैं। आंवली घाट में नर्मदा अपने प्रवाह के सााथ आगे की तरफ बढ़ती हैं। नर्मदा परिक्रमा वासी यहां पर पहुंचते है। पूरा क्षेत्र ग्रामीण परिवेश से भरा है। परिक्रमा करने वालों के आने से स्थानीय जनों को रोजगार के साधन बढ़ते हैं। घाट गांव की सड़क से थोड़ी दूरी पर है। आने-जाने के लिये पैदल मार्ग वाली पगडंडी है। पेयजल और रात के समय स्ट्रीट लाइट के इंतजाम किये गये हैं।

इसके बाद गाडरवारा स्थित में डमरु घाटी में महादेव का मंदिर है। यहां पर भी नर्मदा परिक्रमा वासी यात्रा के दौरान आते हैं। शिवरात्रि के समय विशाल मेला भरता है। स्थानीय प्रशासन की तरफ मेला के अवसर पर विशेष व्यवस्था की जाती है। नर्मदा भक्त ों के साथ ही पड़ौसी ग्रामीण अंचल से लोग आते हैं। विशाल काय शिव लिंग देखते ही बनता है। मां शक्ति और गणपति के दर्शन होते हैं। पहाड़ी पर लगातार मंदिर को आकर्षित बनाया जा रहा है।



### दादा धूनी वाले का धाम

खंडवा में दादा धूनीवाले का धाम है। यहां पर नर्मदा परिक्रमा वासी आते हैं। दर्शन के बाद अगले पड़ाव ओंकारेश्वर की तरफ नर्मदा भक्त रवाना हो जाते हैं। इसका इतिहास दो सौ साल से अधिक पुराना है। यहां पर अंग्रेज शाासक भी आते थे। दादा धूनी वाले बाबा धूनी लगाकर रखते हैं। आज भी धूनी जल रही है। धूनी में रोटी सेंकी जाती है, जिसका प्रसाद दिया जाता है। दरबार में साल के बारह माह श्रद्धालु आते हैं। दादा के जयकारे होते हैं।

### जबलपुर का सरस्वती घाट

नर्मदा परिक्रमा मार्ग में सरस्वती घाट आता है। परिक्रमा के दौरान नर्मदा श्रद्धालु आते है। रात्रि विश्राम के स्थान पर यहां पर दिन के समय कुछ समय के लिये परिक्रमा वासी रुकते हैं। नर्मदा पंचकोषी शुरू होने वाले मंदिर में परिक्रमा वासी पहुंचकर स्नान ध्यान करते हैं। इसके बाद भोजन प्रसादी बनाइ जाती है। सुंदर कांड और भजन कीर्तन किया जाता है। भक्तों के लिये जरूरी व्यवस्थाएं हैं। यहां पर देश के कोने-कोने से नर्मदा परिक्रमावासी आते हैं। यह साल के आठ माह चलता है। समीपस्थ धुंआधार है जो सभी के आकर्षण का केंद्र माना गया है। यह दुनिया भर में प्रसिद्ध है। लेकिन परिक्रमा वासी नर्मदा को पार नहीं करते हैं। इसलिये वे भेड़घाट की तरफ नहीं जाते हैं, ऐसा करने पर परिक्रमा खंडित हो जाती है। तट परिवर्तन बिना ऐसा संभव नहीं होता है।

समीक्षा

# बलदेव की कविता पर कुछ नोट्स

■ प्रभात त्रिपाठी

(डॉ.बलदेव की 83 वें जयंती पर विशेष)

समीक्षक : वरिष्ठ आलोचक, कवि प्रभात त्रिपाठी
काव्य संग्रह : वृक्ष में तब्दील हो गयी औरत
लेखक : डॉ. बलदेव
प्रकाशक : शैवाल प्रकाशन (गोरखपुर)
मूल्य : 140

बलदेव साव की इतनी सारी कविताएँ मैंने एक साथ इसके पहले कभी नहीं पढ़ी थीं। अभी पढ़ते हुए लगा कि सचमुच मुझसे कुछ आत्मीय और सुन्दर छूट गया था, कुछ ऐसा भी, जिसके बारे में निस्संकोच यह कहा जा सकता है कि यह सार्थक सर्जनात्मक अनुभव के इलाके में रहने-जीने का सा अनुभव है। अभी पहले पाठ के बाद, मुकम्मल समीक्षा जैसी कोई बात कहने या लिखने की स्थिति में तो नहीं है, पर इतना जरूर कह सकता हूँ, हिन्दी की समकालीन कविता में स्थापित परम्परागत और आधुनिक, दोनों ही किस्म की कविताओं के संसार में, बलदेव का स्वर परिचित फिर भी भिन्न स्वर की तरह लगता है।

उसकी भिन्नता चमत्कार केन्द्रित नहीं है, बल्कि संवेदना गर्भित है, और इस संवेदना में, मुझे छत्तीसगढ़ के ग्रामीण संस्कार सक्रिय दिखाई पड़ते हैं, इसे महज आंचलिकता या छत्तीसगढ़ी शब्द प्रयोग के अर्थ में ही नहीं लिया जाना चाहिए। यह वास्तव में, एक भूगोल विशेष के अनुभवों को मानक हिन्दी की परम्परा में जोड़ने की विनम्र कोशिश है। संभवत: यह भी कि इसी के चलते, हिन्दी के व्यापक संसार के काव्यानुभव के परिप्रेक्ष्य में, इस अंचल के आत्मसजग व्यक्ति के सृजन संघर्ष को लिखना भी संभव हो सका है। इस तरह से सोचें तो उनकी कविता शब्द प्रयोग की आंचलिकता से थोड़ा आगे जाकर हिन्दी और छत्तीसगढ़ी की निरन्तर बातचीत का साक्ष्य भी है। कई बार तो एक खास, और निश्चय ही गैर-आंचलिकता वादी अर्थ में हिन्दी की छत्तीसगढ़ी कविता की तरह लगती है। लेकिन ऐसा कहना भी शायद एक तरह की फतवे बाजी या सूक्तिपरकता ही हो सकती है, क्योंकि निश्चय ही उसका अनुभव संसार संकीर्ण राजनीतिक अर्थ में क्षेत्रीयतावादी नहीं है, बल्कि कई बार तो उसमें हिन्दी कविता की मुख्य धारा में शामिल होने की ऐसी विकलता दिखाई पड़ती है, कि वह थोड़ी अटपटी ही नहीं, बल्कि सर्जनात्मक स्तर पर गैर जरूरी भी मालूम पड़ती है। पर अभी जब मैं इस कविता के प्रथम पाठ का अनुभव लिख रहा हूँ, तो यह दुहराना जरूरी है कि बलदेव की कविता के छत्तीसगढ़ीपन की बात मैं, प्रसंगवश उसकी एक खासियत बताने के लिए कर रहा हूँ, वरना शायद उसकी कोशिश तो स्वीकृत मानकीकृत हिन्दी की पहचान और परम्परा के साथ जुड़ने में ही है। बेहतर है मैं कुछ उदाहरणों से अपनी बात कहूँ।

'सोने का दिन नहीं इनका / अल्यूमोनियम की रात भी नहीं/ तड़के सुबह फिर काम पर/जाना है जरूरी / और लौटते अँधेरे में राशन लाना उससे भी जरूरी / सोने भी दो उसे/देखती है एक जोड़ी आँख /भीगते हैं पेड़ /भीगता है गहरा हरा खेल का मैदान / ऐसी दूध की बरसात / बहुत उजली रात/गा रही है/होत वृन्दावन रास/देखन मैं न गयी'

यह 'गम्मत' देखते सुनते मस्ती करते लोगों के जीवन का एक दृश्य है। किसी भी छत्तीसगढ़ी के लिए मस्ती और आनन्द से भरपूर, रात की इस छवि को आँकते बलदेव वृन्दावन की याद करते लोक-मन और उसके परिवेश की सुखद प्राकृतिकता को सहज भाव से उकेरते हैं, पर अपने अनुभव में लगातार कसकता यथार्थ उन्हें मजबूर करता है कि वे ऐसी किसी रात को महज उत्सवधर्मिता के एक पारम्परिक प्रतीक के रूप में नहीं रचते। भाषा और अन्तर्वस्तु दोनों ही स्तरों पर 'गम्मत' का यह दृश्य अगर छत्तीसगढ़ को हिन्दी से जोड़कर एक वैशिष्ट्य देता प्रतीत होता है, तो उसी दृश्य से उभरता यह अनिवार्य यथार्थ- बोध, हमें यह भी याद दिलाता है कि सच्चाई वृन्दावन के रास की ओर उन्मुख नहीं है, बल्कि काम पर जाने और राशन लाने की अनिवार्यता की ओर उन्मुख है। यह यथार्थ बोध उनकी कविताओं को समकालीन हिन्दी कविता की उस परम्परा से जोड़ता है, जहाँ बदलते छत्तीसगढ़ की व्यथा-कथा को वे ज़रूरी राजनीतिक दृष्टि से देखने की पहल करते हुए कहते हैं।

'हमने अँधेरे में यह कागज का टुकड़ा छोड़ा है/यह आपके लिए घोड़ा है/ इसका इस्तेमाल जैसा चाहो करो/किन्तु रहम करके / हमारी नंगी पीठ का खयाल करो।'

जाहिर है कि चुनकर विधान सभाओं और संसद में जानेवाले 'भारत भाग्य विधाताओं' (रघुवीर सहाय) की असलियत से बेखबर कतई नहीं है, बलदेव और शायद पूरी समझदारी के साथ, उस प्रजातंत्र को पहचानते हैं, तो छत्तीसगढ़-वासी के लिए आज तक पेट भर भोजन और सिर पर छत की व्यवस्था तक करा सकने में असफल रहा है। इस चुनाव को इसलिए ही वे दलीय प्रतिबद्धता के आधार पर नहीं समझना चाहते, क्योंकि हर दल मत-पत्र के कागज से मिलने वाली ताकत का इस्तेमाल, लोगों की पीठ पर ही नहीं पेट पर भी घोड़े दौड़ाने की क्रूरता के साथ करता रहा है, पर इस मासूम अंचल के निरीह लोगों की तरफ से वे अगर रहम की दुहाई की सी भाषा में अपनी बात कहते हैं, तो यह शायद इसलिए कि क्रांति की किसी भी लफ्फाजी से कहीं ज्यादा जरूरी वे वास्तविक जीवन- स्थितियों की सच्चाई को मानते हैं। यह महत्त्वपूर्ण है कि इन जीवन स्थितियों की पहचान, प्रकृति परिवेश और अस्तित्व के अनुभवों के परिप्रेक्ष्य में करते हुए, उन्होंने जन-संकट को, गिरे राजनीतिक संकट के रूप में देखेने का सरलीकृत तरीका नहीं अपनाया है। 'गुलेल से मार खायी, खून से लथपथ राम गिलहरी / जिन्दगी और मौत से किस कदर खेलती है/तेजधार चट्टान से, डगाल की ओर फलांगने के बीच / एक हरी पत्ती खून से लथपथ हाण्डी खोह में कैसे गिरती है/ दुख कातर किरणें सर्द अँधेरे में/कैसे मुँह छिपा लेती हैं नि:शब्द' एक तरफ जरूरी राजनैतिक सचेतनता, तो दूसरी तरफ, व्यक्ति और सामुदायिक दुख के आस्तित्त्विक आयाम, बलदेव की कविता को, महज विषयगत व्यापकता ही नहीं देते. बल्कि यह सुझाते प्रतीत होते हैं कि वह मनुष्य के राग जगत को किसी स्थिर विचार की सरणि में नहि बाँधना चाहते।

इसलिए समस्या या संकट ही नहीं, बल्कि कमनीय रागात्मकता की अपनी अभिव्यक्ति के लिए वे बड़े सतर्क ढंग से, परंपरागत लयात्मकता में लौटते हैं और तब प्रकृति का साहचर्य उन्हें अपनी वाणी की उस परम्परा से जोड़ता है जहाँ राग-विराग की दुनिया की सुन्दर और सार्थक छवियाँ है, और तब अपने को अन्दर की भाषा में पहचानते हुए वे, प्रगीतात्मकता की जिस दुनिया में हमें ले जाते हैं, वह तीव्र शहरीकरण की गति के विरुद्ध मानों मानवीय कल्पना का एक प्रति-संसार सा मालूम पड़ता है :

**'धरती के उत्तप्त तवे पर, छम-छम नाच रहीं बूँदे**
**भींज रहा मैं बाहर भीतर, एक बीज आँखें मूँदे '**

ऐसी पंक्तियाँ, महज रुढ़ि कथन की तरह उनकी कविताओं में नहीं आतीं, बल्कि उनके काव्य-जगत में प्रकृति प्राणता, जैसे उनके ग्रामीण व्यक्तित्व की नैसर्गिकता को धारे सर्वत्र मौजूद और सक्रिय दीखती है। बाजवक्त तो यह भी लगता है कि शहरी जीवन के दुख और त्रास की राजनीतिक बू के विरोध-प्रतिरोध में लिखी गयी उनकी कविता, संभवत: उनके दायित्वबोध से ज्यादा जुड़ी हैं, जबकि गाँव और प्रकृति उनके राग-जगत से लेकिन आज राजनीतिक गुंडागर्दी के इस वक्त में, उनके यथार्थ बोध की सहजता से रची गयी कई कविताएँ भी, विडम्बनाओं से भरी हमारी हालत को बहुत धारदार ढंग से उजागर करती हैं, 'थी बहुत भोथरी धार/किए बूढ़े ने हँसिए से / वार पर वार / नहीं कटा गला साले का / गई गुंडे से जनता हार' ऐसी पंक्तियाँ, एकदम से असर करने वाली पंक्तियों की तरह आती हैं, पर ये ही पंक्तियाँ हमें यह भी याद दिलाती हैं कि बलदेव सिर्फ आलोचना के ही नहीं, प्रेम के भी कवि हैं, और वहीं बने रहना चाहते हैं।

## रमनगरा जल शोधन में बिजली आने-जाने की समस्या को लेकर दोनों विभागों ने खड़े किये हाथ

### आये दिन बिजली बंद होने से प्रभावित होती है जलापूर्ति



देशबन्धु फॉलोअप

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर के आधे से ज्यादा वार्डों में रमनगरा जल शोधन से पानी की आपूर्ति की जाती है। लेकिन इन दिनों जरूरी सेवा में शामिल जल शोधन केंद्र में कभी लाइट गुल हो जाती है। इससे पानी की सप्लाई टंकियों तक नहीं हो पाती है। ऐसा बताया गया है कि बिजली वितरण कंपनी के संबंधित केंद्र से जल शोधन केंद्र के लिये आपूर्ति की जाती है। लेकिन कभी भी लाइट बंद हो जाती है। इस मामले में जल विभाग का कहना है कि उनका समस्या को लेकर किसी भी प्रकार की भूमिका नही है। वहीं बिजली वितरण कंपनी से जुड़े सूत्रों का मानना है कि बारिश के समय लाइट की समस्या सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है।

उल्लेखनीय है कि दो विभागों के बीच आम उपभोक्ता पिसने को मजबूर हैं। समस्या के कारण कभी भी पानी की सप्लाई अवरूद्ध हो जाती है। गर्मी का सीजन चल रहा है, ऐसे में जल शोधन केंद्र में इस तरह लाइट बंद हो जाना कई तरह के सवाल उठाता है।

### दो-दो जगह से सप्लाई

बताया जाता है कि जल शोधन संचालन के लिये एक नहीं बल्कि नगर निगम दो-दो जगह से कनेक्शन लिये हैं। इसके बाद भी कई बार दोनो जगह से सप्लाई प्रभावित हो जाती है। सौर्य उर्जा से बनने वाली बिजली यहां के लिये फिट नही है।

### विकल्पों पर मंथन जरूरी

लोगों का कहना है कि जल शोधन भी अत्यावश्यक सेवा से जुड़ा विषय है। इसलिये ऐसे प्रयास या विकल्प किये जाने चाहिये जिनके माध्यम से जल शोधन से आपूर्ति किया जाना वाला पानी प्रभावित न होने पाये। चिकित्सा क्षेत्र में भी इस तरह के उपाय हैं जहां पर आकस्मिक स्थिति में बिजली बंद होने के बाद भी काम नहीं रूकता है। कुछ इसी तरह ननिज के जवाबदार अधिकारियों को इस बारे में सकारात्मक पहल करनी होगी।

## रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये प्रेरित करने किया जनसंपर्क

**जबलपुर, देशबन्धु।** आयुक्त तकनीकी शिक्षा के निर्देश पर पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों द्वारा संचालित रोजगारन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्र मों में छात्र-छात्राओं को प्रवेश के लिये प्रेरित करने शासकीय कलानिकेतन पॉलिटेक्निक कॉलेज जबलपुर के प्राचार्य डॉ आर सी पाण्डेय के नेतृत्व में महाविद्यालय की विभिन्न टीमों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शनिवार को जनसम्पर्क किया।

कलानिकेतन महाविद्यालय की टीमों ने महर्षि विद्या मंदिर नेपियर टाउन, एस सी ए स्कूल गोरखपुर, जॉन्सन इंग्लिश मीडियम स्कूल, गोरखपुर एवं ए पी एन स्कूल कटंगा में जाकर छात्र छात्राओं को डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

इसी प्रकार महाविद्यालय के ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग विभाग के एस के घई, सोबरन सिंह, एस के मिश्रा एवं चंदन श्रीवास्तव द्वारा रामलला मंदिर गौरीघाट में जनसंपर्क और जागरूकता अभियान चलाया गया। यश नर्सरी हायर सेकेण्डरी स्कूल अधारताल, सी एम राइज़ स्कूल आधारताल एवं सिम्बायोसिस हायर सेकेण्डरी स्कूल में छात्र- छात्राओं से संपर्क किया तथा एक अन्य टीम ने नगर निगम कार्यालय सुहागी अधारताल में उपस्थित जन समूह को प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी।

प्राचार्य डॉ आर सी पांडे ने बताया कि कलानिकेतन पॉलिटेक्निक महाविद्यालय द्वारा संस्था के सामने के मार्ग तथा रामपुर में प्रचार केनोपी स्थापित की गई है।

## लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह रविवार एक जून को शहर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह रविवार की दोपहर 12 बजे सिंधी केम्प राधाकृष्णन वार्ड में सड़क के भूमि पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे तथा दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक शोक संतृप्त परिवारों से भेंट करेंगे। श्री सिंह शाम 5 बजे पुरानी बस्ती गौरीघाट में श्रीमद भागवत कथा में हिस्सा लेंगे, शाम 5.30 बजे मंडल महामंत्री सुनील शर्मा के गौरीघाट स्थित निवास जायेंगे तथा रविवार को ही शाम 7 बजे कार द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगे।



**जबलपुर, देशबन्धु।** सदर स्थित वॉर मेमोरियल में जय हिंद सभा में शामिल होने आये कांग्रेस नेताओं ने श्रद्धांजली अर्पित की, इसी कड़ी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक मिश्रा ने भी वीर शहीदों को अपनी भाव भीनी श्रद्धांजली अर्पित की।

## कांग्रेस की जय हिंद सभा महज एक छलावा : पाण्डेय



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के द्वारा शनिवार को जबलपुर में आयोजित जय हिंद सभा पर बोलते हुए जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस के द्वारा की जा रही जय हिंद सभा महज एक छलावा मात्र है, कांग्रेस को न तो देश के सैनिकों की भावनाओं की कद्र है और न ही उनके प्रति सम्मान की भावना ये महज एक औपचारिकता की जा रही है इनके शीर्ष नेतृत्व का सभा से किनारा बना लेना ये साफ दर्शाता है कि इनके मन में सेना के सम्मान के लिए जरा भी संवेदनशीलता नहीं है, पूर्व में भी इनके शीर्षस्थ नेताओं के द्वारा सेना पर प्रश्नचिन्ह लगाया गया और यहां तक कि सेना से सबूत तक मांगने का पाप इनके द्वारा किया गया है ये किस मुंह से देश की सेना के सम्मान की बात करते हैं, इनके शीर्ष नेता पाकिस्तान के पोस्टरबॉय बने हुए हैं आज कांग्रेस पाकिस्तान समर्थक फर्जी खबरों की फैक्ट्री के अलावा कुछ नहीं रह गई है।

## सेवा, अनुशासन की प्रतिमूर्ति लोकमाता अहिल्या देवी

**जबलपुर, देशबन्धु।** मालवा की रानी देवी अहिल्या बाई होल्कर समाज व राष्ट्र उत्थान के कार्यों में आदर्श स्थापित किया है, उन्हे पुण्यश्लोक लोकमाता कहा जाता है वह त्याग, तपस्या, सेवा और अनुशासन की प्रतिमूर्ति थी उनके कृतित्व और व्यक्तित्व को लोगो को जानने का अवसर इन 10 दिनों के आयोजित कार्यक्रमो के माध्यम से मिला है और आज उनकी 300 वीं जन्म जयंती पर भारतीय जनता पार्टी ने विशाल शोभायात्रा निकाल कर उन्हे नमन किया है, यह बात भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने शोभायात्रा के समापन अवसर पर कही।

भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा देवी अहिल्याबाई होल्कर ने हमारी सनातन सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी नेतृत्व कुशलता 300 वर्षों के बाद आज भी प्रासंगिक एवं जीवंत है। वर्तमान में हमारी सरकारें जिस उद्देश्य व ध्येय के साथ आगे बह रही हैं।

कहीं ना कहीं राष्ट्र निर्माण की हमारी यह प्रक्रिया देवी अहिल्या बाई होल्कर की नीतियों से प्रेरित हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकारों ने देवी अहिल्या होल्कर की शासन



व्यवस्था की तरह ही सुशासन को स्थापित किया है।

**यहां से गुजरी रैली**-भाजपा द्वारा निकाली गई शोभायात्रा मालवीय चौक से प्रारंभ हुई जो तीन पत्ती, नगर निगम, नौदरा ब्रिज, करमचंद चौक होते हुए पुनः मालवीय चौक में समाप्त हुई। शोभायात्रा में देवी अहिल्या की सजीव झांकी, बैंड दल के साथ हाथो मे भगवा ध्वज लिए महिलाये शामिल हुई।

## मिशन हेल्थ क्लब के लिफ्टरों का विजय अभियान जारी



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की अभी हाल ही में मध्य प्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवं इन्क्लाइन बैंच प्रेस ओपन चयन ट्राइल प्रतियोगिता ओम साईं बारात घर, सैनिक सोसाइटी मदन महल जबलपुर में आयोजित की गई। जिसमे मिशन हेल्थ क्लब के लिफ्टरों ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते इनमें मास्टर में राजा बाबू बावरिया, अनूप शर्मा, खूबचंद मंगलानी और रेशम खनुजा, अमित सोनकर ने स्वर्ण पदक जीत कर अपना परचम लहराया द्य वही बादल परिहार ने जूनियर वर्ग में बैंच प्रेस और स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में खिताब जीत कर मिशन हेल्थ क्लब का नाम रोशन किया द्य सीनियर वर्ग में पृथ्वी राज सिंग द्वितीय और शुसील मिश्रा ने रजत पदक जीता एवं सबजूनियर में आदितय तिवारी प्रथम, अंश गुप्ता प्रथम, अरमान गुप्ता प्रथम, कार्तिक वंस्कार तृतीय स्थान प्राप्त कियाद्य ध्यान रहे की सभी विजेता खिलाड़ी मिशन हेल्थ क्लब में कोच लॉरेंस मार्टिन के मार्गदर्शन में अभ्यासरत है द्य इनकी स्वर्णिम उपलब्धि पर आलोक मिश्रा, लॉरेंस मार्टिन, गुरुचरण श्रीवास्तव, रॉबर्ट मार्टिन, दिनेश राव, दीनू स्वामी, मंजू इंग्ले, राकेश श्रीवास, दिनेश गोंड, राजेश सहारिया, राम कुमार रजक, कुलदीप सिंह, तेजभान सिंह आदि ने बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस: नशा मुक्ति जनजागरूकता रैली, कार्यशाला

**जबलपुर,देशबन्धु।** नवज्योति नशा मुक्ति केन्द्र अवधपुरी प्रजापति ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कटंगा टीवी टावर एवं इनर व्हील महिला क्लब मिड टाउन के तत्वाधान में 31 मई 2025 विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नशा मुक्ति जनजावता रैली का आयोजन आदि शंकराचार्य चौक में डॉ. पुष्पराज पटेल हृदय रोग विशेषज्ञ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। डॉ. पुष्पराज पटेल द्वारा आमजनों को तंबाकू व सिगरेट स्मोकिंग से होने वाले कैंसर व हृदय रोग जैसी घातक बीमारियों के बारे में बताया ब्रम्हकुमारी बहन विनीता दीदी द्वारा पोस्टर के माध्यम से तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव को विस्तार से बताया, केन्द्र संचालक हेमंत सोलंकी ने युवाओं से धूम्रपान व तंबाकू के सेवन आकर्षण से दूर रहने का आग्रह किया एवं उपस्थित आमजनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।



इस अवसर पर हेमंत सोलंकी, राजेन्द्र गुप्ता, जितेन्द्र पगरिया, डॉ. सरकार, नीरज राजक, रश्मि सोलंकी, सतीश गोस्वामी, संतोष बर्मन, श्वेता मिश्रा, लखन अहिरवार, ब्रम्हकुमारी बहन विनीता बहन पूजा बहन, शिव कुमारी, दीपक भाई, शिवम भाई, हर्षल, दिव्य चिराग, इन व्हील महिला क्लब मिड टाउन अध्यक्ष रश्मि जी बलविंदर बघान आदी की उपस्थिति सराहनीय रही।

निषेध दिवस के अवसर पर न्यू सुदर्शना वेल्फेयर सोसायटी द्वारा संचालित जबलपुर नशा मुक्ति केन्द्र में एक विशेष संकल्प प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने दृढ़ संकल्प लिया कि वे तंबाकू एवं अन्य नशीली वस्तुओं से पूरी तरह दूर रहेंगे और तनाव, गुस्सा, घबराहट जैसी समस्याओं के समाधान के लिए नशे के बजाय सकारात्मक उपाय अपनाएंगे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने एक-एक करके सामने आकर अपने जीवन में निभाए गए विभिन्न किरदारों में आए दर्द को साझा किया, जैसे छात्र पिता बच्चे, नशेड़ी पुत्र या प्रेमी इस दौरान उन्होंने देखा कि कैसे नशे ने उनके जीवन के हर पहलू को प्रभावित किया है।



## भारत स्काउट्स और गाइड्स तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय कार्यशाला



**भोपाल, जबलपुर, देशबन्धु।** भारत स्काउट्स और गाइड्स तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में प्रोजेक्ट सीएलएपी 2.0 के अंतर्गत नेशनल लेवल कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप का सफल आयोजन 26 से 30 मई 2025 तक राज्य मुख्यालय, भोपाल में संपन्न हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक अभिव्यक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व को प्रोत्साहित करना था। कार्यशाला में राष्ट्रीय मुख्यालय के असिस्टेंट डायरेक्टर बबलू गोस्वामी, स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर श्री बी एल शर्मा , एस बी सी ऑफिसर श्रीमती मोनिका मौर्या द्वारा विभिन्न विषयों पर सभी का मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया। जबलपुर जिला संघ से किरण येवले, शुभम सिंह ठाकुर, अनुष्का नामदेव, राहुल यादव एवं जुनैद खान ने उल्लेखनीय सहभागिता की। प्रतिभागियों को स्टोरीटेलिंग, न्यूज़ रिपोर्टिंग, वीडियो एडिटिंग तथा विभिन्न संवादमूलक एवं रचनात्मक गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला में मीडिया पार्टनर इंडिया 24 द्वारा आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में जबलपुर के प्रतिभागी जुनैद खान ने प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत कर निर्णायकों की विशेष सराहना प्राप्त की, जिससे जिले की गरिमा में वृद्धि हुई।

पूरे सत्र के दौरान जबलपुर टीम ने न केवल सक्रिय सहभागिता दिखाई, बल्कि नवाचार, नेतृत्व और टीम भावना के उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत किए। इस उपलब्धि पर जबलपुर संभाग के सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, संरक्षक अजय तिवारी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी, सचिव व्ही. के. झारिया, एवं संयुक्त सचिव श्रीमती अमिता चौधरी , डिस्ट्रिक कॉर्डिनेटर राहुल राजपूत सहित समस्त पदाधिकारियों ने प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## ओरिएंटल ट्रिमैक्स लिमि. ने वित्तीय वर्ष 25 में व्यवसायिक संचालन को सफलतापूर्वक बदला

*नई दिल्ली। भारत में नेचरल स्टोन के अग्रणी प्रोसेसर और व्यापारी ओरिएंटल ट्रिमैक्स लिमिटेड ने मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 25 में वित्तीय परिणामों के साथ अपने व्यावसायिक संचालन को सफलतापूर्वक बदल दिया है।*

कंपनी ने पिछले साल के चौथे तिमाही के 6.43 करोड रुपये के नुकसान की तुलना मे 5.97 करोड रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया है। पिछले साल की अवधि 2025 के चौथे तिमाही के दौरान संचालन से 2024 के चौथे तिमाही में 3.01 करोड़ रुपये राजस्व की तुलना में, 453प्रतिशत की एक साल-प्रतीवर्ष की वृद्धि को चिह्नित करते हुए, चार गुना 16.66 करोड रुपये से अधिक हो गया। ओरिएंटल ट्राइमैक्स लिमिटेड (ओटीएल) ने ओपरेशन्स को मजबूत करने, अपनी बाजार उपस्थिति का विस्तार करने और वित्तीय स्थिरता को मजबूत करने के लिए रणनीतिक पहलों की एक श्रृंखला का अनावरण किया है। ओडिशा स्टील एन्ड मेन्युफेक्चरिंग डिपार्टमेन्ट के द्वारा कंपनी को ब्लेक ग्रेनाईट माईनिंग के लीए 30 साल की लीझ मील गई है। उसके कारण ओरिएन्टल ट्राईमेक्स सालाना तौर पर ईस माईनिंग साईट्स से रू. 10 करोड से रू. 15 करोड तक रेवन्यु कंन्ट्रीब्युशन की आशा है, जो कंपनी की विकास की यात्रा में योगदान देगी। इसके ओपरेशन्स भी आगामी समय से शुरू होने वाले है, उसके साथ साथ यह प्रोजेक्ट संसाधन स्वामित्व, लागत दक्षता और माईनिंग से वितरण तक पूर्ण-स्पेक्ट्रम मूल्य श्रृंखला एकीकरण को बेहतर बनाने में योगदान देगी। ये दीर्घकालिक संपत्ति ओरिएंटल ट्राईमैक्स के विस्तरण और प्रोफिट स्टेबलिटी के आधार को मजबूत करती हैं। बिल्डिंग मटिरियल्स क्षेत्र में ओरिएन्टल ट्राईमेक्स की ग्रोथ स्ट्रेटेजी को ज्यादा स्ट्रोंग करने के लीए कंपनी ने ग्रेटर नोईडा के एच-ब्लोक में मार्बल डिजाईन विट्रिफाईड टाईल्स की प्रीमियम रेर एर्थ लाईन के लीए उनका दूसरा शोरूम ओर वेरहाउस ओपन किया है।

## कृषि संगोष्ठी में किसानों को मिली शासकीय योजनाओं की जानकारी



**जबलपुर, देशबन्धु।** विकसित कृषि विकास अभियान के तहत आज ग्राम झगरा (कटंगी रोड, तह. पनागर) में कृषि संगोष्ठी का आयोजन किया गया। टीम की संयोजक कृषि विज्ञान केंद्र की कृषि वैज्ञानिक डॉ.अक्षता तोमर के साथ कृषि विस्तार अधिकारी मीना अहिरवार, सहा. पशु चिकत्सक श्रीमती राधा कुंजम, तकनीकी सहायक कृषि अभियाँत्रकीय विभाग राजेंद्र खगार, प्रधान मंत्री फसल योजना के जिला प्रतिनिधि याहोंन बैरागी, ग्राम पंचायत सचिव मयंक बड़गैया ने शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को उनका लाभ लेने का आव्हान किया। कृषि वैज्ञानिक डॉ.अक्षता तोमर ने मिट्टी में कार्बन के प्रतिशत की कमी से उत्पादन में कमी व बायो फर्टीलायजर की उपयोगिता तथा जेविक व प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की कृषि विज्ञान केंद्र के दरवाजे किसानों के लिए सदैव खुले हैं, किसान भाइयों को इसका लाभ लेना चाहिए। भारत कृषक समाज के. के. के. अग्रवाल एवं रामकिसन पटेल ने कहा की खेती की बढ़ती लागत को केवल वैज्ञानिक विधि के उपयोग से ही कम किया जा सकता है। हमें उत्पादन बढ़ाना पड़ेगा, इसका और कोई विकल्प नहीं है, इसमें वैज्ञानिको की अहम भूमिका है, कृषि विज्ञान केंद्र किसानों का मंदिर है इसमें जो समय समय पर माथा टेकेगा वह लाभान्वित होगा।

## उच्च गुणवत्ता के साथ बन रहीं हैं शहर की सड़कें : महापौर



**जबलपुर, देशबन्धु।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की घोषणा के अनुरूप मानसून आगमन के पूर्व शहर की सभी चिन्हित डामलीकृत सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। 31 मई को महापौर श्री अन्नू ने हाईकोर्ट के आस-पास के सभी निर्माणाधीन डामलीकृत सड़कों का नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज, लोकनिर्माण विभाग के प्रभारी एम.आई.सी. सदस्य विवेकराम सोनकर, पार्षद श्रीमती रंजना रंजीत ठाकुर एवं अधिवक्ताओं तथा अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।



नगर निगम

निरीक्षण के अवसर पर महापौर श्री अन्नू ने बताया कि वर्षाऋतु के पूर्व शहर की सभी डामलीकृत सड़कों का निर्माण उच्चगुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जा रहा है, आज हाईकोर्ट के आस-पास की सभी डामलीकृत सड़कों का निर्माण कराया गया है, जिसका निरीक्षण किया गया।

इसी प्रकार शहर के अन्य चिन्हित डामलीकृत सड़कों का भी निर्माण कार्य अतिशीघ्र कराया जायेगा।

निरीक्षण के अवसर पर महापौर ने बताया कि भैंसासुर मार्ग काफी क्षतिग्रस्त हो गया था, लोगों को आवागमन करने में असुविधा हो रही थी, जिसको ध्यान में रखते हुए नागरिकों की सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था के लिए यहाँ की भी सड़क बनाई गयी है।

## विद्यासागर सभा भवन में धर्मसभा संपन्न आत्मचिंतन और स्वाध्याय का मिला संदेश



**जबलपुर, देशबन्धु।** आचार्यश्री विद्यासागर सभा भवन में आयोजित धर्मसभा का शुभारंभ आचार्यश्री समयसागर महाराज के सान्निध्य में हुआ। धर्मसभा के प्रारंभिक चरण में संलेखन से समाधी प्राप्त ब्रह्मचारी चिदानंद की स्मृति में विनयांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर चंद्रशेखर जैन, कैलाशचंद्र जैन, अजयराज दनगासीय, सुशील पहाड़िया सहित अनेक श्रद्धालुजन उपस्थित थे। आचार्यश्री ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रुत पंचमी है का पावन दिवस है। इस दिन पुष्पदंत महाराज एवं आचार्य भूत पाली के द्वारा रचित महान ग्रंथ षट्खंडागम ग्रंथ' का लेखन पूर्ण हुआ था। आचार्यश्री ने कहा कि जैन शासन में कहा गया है कि मौन का कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि मौन में ही स्थिरता और आत्मचिंतन संभव होता है। शब्द अस्थिरता उत्पन्न करते हैं, लेकिन मौन आत्मा को शांति की ओर ले जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें प्रतिदिन अपने प्राचीन ग्रंथों का स्वाध्याय अवश्य करना चाहिए, क्योंकि आत्मकल्याण जिनवाणी के अध्ययन से ही संभव है। सभा की शुरुआत मंगलाचरण से हुई, जिसका पाठ अजयराज अजमेर ने किया। दीप प्रज्वलन का सौभाग्य पंकज जैन भजवारा को प्राप्त हुआ। संचालन अजय अहिंसा बाकल एवं अमित पड़रिया ने किया।

## फातिमा माता मरियम की वार्षिक भक्ति का समापन



**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी जबलपुर में सेंट थॉमस स्कूल परिसर स्थित फातिमा की माता मरियम के तीर्थस्थल में मई माह की वार्षिक भक्ति का भव्य एवं भक्तिमय समापन माता मरियम के भक्तों की विशाल भीड़ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। नौदिवसीय प्रार्थनाओं तथा दर्शन के पर्व दिवस के उपरांत आज मई माह के अंतिम शनिवार को महापर्व दिवस के पावन खीस्तयाग के मुख्य याजक जबलपुर धर्मप्रान्त के धर्माध्यक्ष परम श्रद्धेय बिशप डॉ. वलन अरासु ने भक्तजनों की विशाल उपस्थिति में पावन खीस्तयाग अर्पित करते हुए कहा...

फातिमा माता मरियम के पावन नाम पर हम सभी यहां उपस्थित हुए हैं। उनकी सेवा भावना को हम याद करें जब वे एलिजाबेथ से मिलने तथा उनकी सेवा के लिए जाती हैं। क्योंकि उनके गर्भ में प्रभु येसु रहते हैं। हम जब किसी व्यक्ति से मिलने जाते हैं तो उन्हें खुशी प्रदान करते हैं या कष्ट देते हैं या अपशब्द बोलते हैं, यह हमारे लिए विचारणीय विषय है। हम अपना अवलोकन करें कि क्या हमारे हृदय में येसु है अथवा नहीं। माता मरियम दूत से संदेश पाकर ईश्वर का गुणगान करती हैं। और हम अपने घमंड के कारण, स्वार्थ के कारण स्वयं का गुणगान करते हैं क्योंकि हम अपने अंतर्तम में ईश्वर को स्थान नहीं देते हैं। हमें केवल ईश्वर का ही गुणगान करना है। पवित्र वचन बाइबल में प्रभु येसु कहते है जहां एक या दो मेरे नाम पर उपस्थित हो मै वहां पर उपस्थित होता हूं। माता मरियम ने प्रभु येसु की मृत्यु और उनके पुनरूत्थान तथा स्वर्गारोहण के बाद सभी भयभीत शिष्यों को एकत्रित किया और प्रार्थना की तब सभी शिष्यों को पवित्र आत्मा का वरदान प्राप्त हुआ।माता मरियम अपने जीवन के माध्यम से हमें भी प्रार्थनामय जीवन जीने का आह्वान करती हैं , जिस से हमारे परिवारों में माता मरियम की तथा प्रभु येसु की उपस्थिति सदैव बनी रहेगी। माता मरियम ने कहा था विश्व में शांति के लिए प्रतिदिन प्रार्थना करें।

प्रभु येसु की इच्छा थी कि हम सब के सब पिता ईश्वर में एक हो जाएं। पद, प्रतिष्ठा, पैसा और प्रभाव के लालच से जब हम दूर हो जाएंगे तो निश्चित ही हम ईश्वर में एक हो सकते हैं और ईश्वर का गुणगान करते रह सकते हैं। माता मरियम के साथ जब प्रभु येसु सभागृह गए थे तो वहां उन्होंने धर्मग्रंथ की पुस्तक को पढ़े थे , जो यह सुनिश्चित करता है कि जहां एक या दो व्यक्ति ईश्वर के नाम पर उपस्थित होते हैं वहां ईश्वर उपस्थित होते हैं। आज संपूर्ण विश्व में शांति नहीं है उसके लिए हम सब जिम्मेदार हैं, क्योंकि हम फातिमा माता मरियम की इच्छा और उनके स्वपन के अनुसार कार्य करने में विफल हो रहे हैं।

## इसरार अहमद हज लिए रवाना हुए



**जबलपुर, देशबन्धु।** हाजी मक़बूल रज़वी की जानकारी के अनुसार हाजी मुम्ताज़ अहमद साहब के फ़रजंद इसरार अहमद, इस्सू भाई मुंबई एयरपोर्ट से हज के पवित्र अर्कान अदा करने के लिए मक्का व मदीना शरीफ़ के लिए रवाना हुए। एयरपोर्ट पर इसरार अहमद का इस्तक़बाल करने वालों में मोहतरम हाजी हाफ़िज़ वकील अहमद, मुबीन अहमद, हाजी महफ़ूज़ अहमद, अयाज़ अहमद, शहज़ाद अहमद, पिंकी भाई, इर्शाद अहमद, मशहूद अहमद रज़वी, मौनिश रज़ा, मुशाहिद रज़ा और अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। सभी ने इसरार अहमद को उनके हज के सफ़र के लिए दिली मुबारकबाद पेश की और उनकी सलामती की दुआ की उनके परिजनों और दोस्तों ने उन्हें फूलमालाएं पहनाईं और गले लगाकर विदा किया और हज के सफ़र की कामयाबी लिए दुआएं की।

### नृत्य नमन समारोह

**जबलपुर, देशबन्धु।.** पाथेय संस्था के तत्वावधान में पद्मभूषण पं. कुंजीलाल दुबे की स्मृति में 2 जून को मानस भवन में नृत्य नमन समारोह आयोजित किया जाएगा। संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि समारोह में 175 नृत्य साधिकाएं शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय शैली में 13 समूह नृत्य की प्रस्तुति देंगे।

## जागरण साहित्य समिति का सम्मान समारोह

### देशप्रेम की कविताओं में पिरोई वीर जवानों की कहानी




**जबलपुर, देशबन्धु।** जागरण साहित्य समिति के तत्वावधान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में सम्मान समारोह आयोजित हुआ। आयोजन रानी दुर्गावती कलावीथिका में हुआ। समारोह में बरेला, पड़वार, बघराजी, पाटन, सिहोरा से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार शामिल हुए। समारोह में 350 से अधिक स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित स्मारिका का विमोचन एवं 100 से अधिक सेनानी परिवारों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार तिवारी थे। अध्यक्षता नित्य निरंजन खम्परिया ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. शिवकुमार सिंह ठाकुर, डॉ. जेके गुजराल, महेश मानव, प्रतुल श्रीवास्तव, इंदिरा पाठक तिवारी, संयोजक सुभाष शलभ थे।

**वीर रस की कविताएं गूंजी–** समारोह में साहित्यकार मोहन शशि ने वीर रस की कविताओं का पाठ किया। वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक नागरिक सीमा पा नहीं जा सकता, लेकिन देशप्रेम का दायित्व निभाकर देश विकास में योगदान दे सकते हैं। समारोह में राजेश पाठक प्रवीण, संतोष नेमा, सुनील तोमर, सुशील श्रीवास्तव, डॉ. मुकुल तिवारी, डॉ. एसएस सिद्धे, संदीप जैन, अर्चना गोस्वामी, डॉ. अनिल कुमार कोरी, प्रीति नामदेव मौजूद रहीं।

## 71वीं राष्ट्रीय बाडी बिल्डिंग प्रतियोगिता नगर के जॉयदेव व शुभम को स्वर्ण



**जबलपुर, देशबन्धु।** बेंगलोर में आयोजित राष्ट्रीय अमेच्योर बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में प्रदेश टीम ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण 1 रजत व 1 कांस्य पदक अर्जित कर कीर्तिमान बनाया है, जहां प्रदेश के बाडी बिल्डर जॉयदेव राय ने भारत श्री खिताब प्रतियोगिता के अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता, तो वहीं भारत उदय खिताब स्पर्धा में शुभम नामदेव ने अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इसी वर्ग में नितिन पटेल एवं प्रशांत लोधी ने क्रमश रजत व कांस्य पदक अपने नाम किया भारत श्री प्रतियोगिता के वर्ग में महेन्द्र पटेल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त कर देश व नगर को गौरवान्वित किया। प्रदेश संघ के मीडिया प्रभारी शकील अनवर की विज्ञप्ति के अनुसार नायडू व्यायाम शाला व प्रदेश संघ के वरिष्ठ सदस्य लखन लाल नायक ने विजेता बाडी बिल्डरों को प्रोत्साहन स्वरूप 2100/– रूपए की नगद राशि देकर सम्मानित किया। प्रदेश की इस शानदार सफलता पर अध्यक्ष सुमित कालीया, महासचिव राकेश तिवारी, बी.के.पाठक, सौरभ नाटी शर्मा, अशोक कपूर, जी.एस. चौहान, सचिन यादव, शकील अनवर, सपन राय, रोहित तिवारी, हीरा, मुईन सिद्दीकी, इन्दरपाल सिंह गोगी, राजेश राठौर, शैलेन्द्र श्रीवास्तव,

## हिन्दी में बढ़ाएं शोध कार्य, विषय का होगा बेहतर विस्तार

### भारतीय प्राणी सर्वेक्षण मध्य प्रादेशिक क्षेत्र केन्द्र का कार्यक्रम



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय प्राणी सर्वेक्षण मध्य प्रादेशिक क्षेत्र केन्द्र के तत्वावधान में राजभाषा वैज्ञानिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने शोधकर्ताओं को शोध के नियम और दायरे समझाए। मुख्य अतिथि केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड के पूर्व निदेशक डॉ. एसपी गौतम ने राजभाषा का महत्व समझाया। भारतीय सर्वेक्षण विभाग के निदेशक डॉ. नीतिश जोशी ने कहा कि कार्यालय में हिन्दी का इस्तेमाल सिर्फ औपचारिकता के तौर ना होकर वास्तविकता के रूप में होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि नासी भोपाल चैप्टर के डॉ. शिवेश प्रताप सिंह ने कहा कि हिन्दी का सर्वाधिक उपयोग ही इसका प्रचार प्रसार है। मध्य क्षेत्र प्रादेशिक केन्द्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. पीएस भटनागर एवं हिन्दी प्रभारी डॉ. संदीप कुशवाहा ने राजभाषा समारोह का महत्व बताया।

### कीट विविधता पर हुई बात

समारोह में जेएनकेविवि के प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार शर्मा ने कीट विविधता- जैविक कीट प्रबंधन पर प्रकाश दिया। होमसाइंस कॉलेज की डॉ. प्रीति खरे ने भारतीय ज्ञान परम्परा पर व्याख्यान दिया। प्रथम दिन 10 प्रतिभागियों ने शोधपत्र वाचन किया। आयोजन में अंकित राय, डॉ. आरएस चंडोक, डॉ. मुकेश राय का सहयोग रहा।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 01 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। जेष्ठ शुक्ल पक्ष की षष्ठी नक्षत्र- अश्लेषा।**

मेष - आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। किसी व्यक्ति का कठोर व्यवहार आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है। तन-मन में अस्वस्थता और भय का अनुभव होगा। मां की तबीयत खराब होने से आपको चिंता रह सकती है।

वृषभ - आपकी चिंताएं कम होंगी। इस कारण स्फूर्ति और उत्साह बना रहेगा। आज अधिक कल्पनाशील बनेंगे। अपनी कला और सृजनशक्ति को लोगों तक लाने के लिए समय अनुकूल है। पारिवारिक सदस्यों पर आपका ध्यान अधिक रहेगा।

मिथुन - आज आपको काम में निश्चित रूप से सफलता मिलेगी, परंतु इसमें विलंब हो सकता है। प्रयत्न जारी रखें। आपकी आर्थिक योजनाओं में थोड़े विघ्न आएंगे लेकिन बाद में सारे काम आसानी से बन जाएंगे। (क-247-170)

कर्क - आज का दिन मित्रों और परिजनों के साथ आनंद में व्यतीत कर सकेंगे। उनसे मिलने वाले भेंट- सौगात से आपको खुशी महसूस होगी। घूमने- फिरने और स्वादिष्ट भोजन मिलने का योग है। कोई अच्छा समाचार प्राप्त कर सकेंगे।

सिंह - आज कानूनी मामलों में न पड़ना आपके हित में है। आप मानसिक चिंता और बेचैनी महसूस करेंगे। शरीर भी अस्वस्थ रहेगा। जीभ पर लगाम नहीं हो, तो किसी के साथ मनमुटाव या संघर्ष हो सकता है। प्रेम की मात्रा अधिक रहेगी।

कन्या - आप अनेक क्षेत्र में प्रतिष्ठा और सम्मान प्राप्त कर सकेंगे। आपको महिला मित्रों से लाभ होगा। मित्रों और बुजुर्गों के कारण आपका समय खुशी से व्यतीत होगा। आप घूमने जाने के बारे में विचार कर सकते हैं।

तुला - आज का दिन आपके लिए शुभ है। नौकरी या व्यावसायिक क्षेत्र में आपके लिए अनुकूल वातावरण रहेगा। अधिकारियों के साथ आप महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। पदोन्नति की भी संभावना है।

वृश्चिक - आज शारीरिक थकान और आलस्य महसूस होगी, इस कारण काम करने में उत्साह नहीं होगा। आपके काम में उच्च अधिकारियों का व्यवहार नकारात्मक रहने से आप निराशा अनुभव करेंगे।

धनु - आज आपको वाणी और क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा। अन्यथा अनर्थ हो सकता है। सर्दी और कफ के कारण आपका स्वास्थ्य खराब होगा। मानसिक व्यग्रता का अनुभव करेंगे। धन खर्च में वृद्धि होगी।

मकर - आज आप दैनिक कामों को किनारे रखकर मनोरंजन तथा लोगों से मिलने-जुलने में समय व्यतीत करेंगे। आप मनोनुकूल भोजन और प्रवास से खुशी महसूस करेंगे। आपको आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

कुंभ - आज आप अपने काम में सफलता प्राप्त करेंगे। लोग आपके काम की सराहना करेंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ आपके संबंध अधिक मजबूत बनेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से ताजगी का अनुभव होगा।

मीन - आज आपकी कल्पनाशक्ति में बहुत निखार आएगा। आप साहित्यसृजन कर सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा है। आपके स्वभाव में प्रेम की मात्रा अधिक होगी। (म-259-256)

3,8,4,9-12,65,75,05,55,21,19,54

## नेशनल एडवेंचर प्रोग्राम में होंगे शामिल



**जबलपुर, देशबन्धु।** पचमढ़ी में होने वाले भारत स्काउट एंड गाइड्स के एसपीएल नेशनल एडवेंचर प्रोग्राम में शामिल होने जबलपुर मंडल ने दल रवाना हुआ। इसमें पमरे स्काउट एंड गाइड से 2 रोवर और 2 रेंजर इसमें सहभागिता कर जीवनयापन के गुर सीखेंगे। टीम को मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा, अपर मंडल रेल प्रबंधक सुनील टेलर, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजी. राजश्री द्विवेदी, सहा. कार्मिक अधिकारी सच्चिपति नंदन ने रवाना किया। शिविर में आयुष कतिया, अभिषेक बिन्झोड़े, नीलम चौहान और महक नामदेव शामिल होंगी।

## मेकअप आर्टिस्ट बनने का सीखा हुनर

**जबलपुर, देशबन्धु।** गवर्नमेंट होमसाइंस कॉलेज में स्वरोजगार प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को ब्यूटी पार्लर की ट्रेनिंग के बाद सर्टिफिकेट वितरित किए गए। समारोह में डॉ. पीआर चंदेलकर ने क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक जबलपुर संभाग का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि छात्राओं को स्वरोजगार की राह चुनने के लिए कौशल कला में माहिर होने की बात कही। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल ने की। संयोजक डॉ. मनीषा आर्या रहीं।



## कभी शारीरिक बदलावों को ना करें अनदेखा




**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर मीनोपॉज सोसायटी की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष पद के लिए डॉ. चित्रा जैन, सचिव डॉ. सोनल रिछारिया को चुना गया। मुख्य अतिथि डॉ. रुपलेखा चौहान रहीं। कार्यक्रम में महिलाओं को विश्व माहवारी दिवस के उपलक्ष्य में आवश्यक जानकारी दी गई। डॉ. विनीता मोदी एवं डॉ. प्रज्ञा धीरावाणी ने व्याख्यान दिया। इस दौरान महिलाओं के बताया गया कि चालीस के बाद नियमित रूप से शारीरिक बदलावों को पहचाना चाहिए। इसके साथ ही डॉक्टरी जांच करवाने की सलाह भी दी गई। इस मौके पर डॉ. संगीता श्रीवास्तव, डॉ. अलका अग्रवाल, डॉ. रोमा नाग, डॉ. दीप्ति गुप्ता, डॉ. स्नेहा मेठवानी मौजूद रहीं।

## देवी अहिल्या के जीवन से सीखें प्रबंधन

**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में अहिल्या बाई होल्कर की जयंती और हिन्दी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में व्याख्यानमाला आयोजित हुई। कार्यक्रम में इतिहासविद डॉ. आनंद सिंह राणा ने कहा कि वर्तमान समय में जब परिवार से संस्कार समाप्त हो रहे हैं, वहां भारतीयता और संस्कृति की जड़ों को सहेजने की जरूरत है। कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा, कुलसचिव डॉ. आरके बघेल, विभागाध्यक्ष प्रो. धीरेन्द्र पाठक ने कहा कि लोकमाता के जीवन दर्शन और उनके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। आयोजन में डॉ. देवांशु गौतम, डॉ. सत्यजीत त्रिपाठी, डॉ. मोहनिका गजभिये मौजूद रहीं।

## व्यंग्य पाठ में रंगों में छिपे अंधविश्वास पर बात



**जबलपुर, देशबन्धु।.** व्यंग्यम संस्था के तत्वावधान में मासिक व्यंग्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्यंग्यकार रमाकांत ताम्रकार ने कार्यक्रम की रुपरेखा समझाई। कार्यक्रम में राकेश सोहम ने बिन डाटा सब सून..., प्रतुल श्रीवास्तव ने ज्योतिषाचार्यों की कैद में ग्रह नक्षत्र, निरंजन द्विवेदी ने व्यंग्य जमीर और उसूल बेचते हैं..., विजय नेमा अनुज ने पराजय, आचार्य विजय तिवारी किसलय ने विद्या वकील, अभिमन्यु जैन ने खोटी नीयत, विनोद खंडालकर ने रंगों में छिपा अंधविश्वास, यशोवर्धन पाठक ने बस एक मिनट में, सुरेश विचित्र ने सब कुछ ठीक ठाक है, रमाकांत ताम्रकार ने देवदूत और अध्यक्ष डॉ. कुंदन सिंह परिहार ने गुस्ताख हंसी का पाठ किया।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**



**रजनी गुप्ता-** नरसिंह नगर रांझी गुप्ता किराना स्टोर्स से बड़ा पत्थर निवासी रजनी गुप्ता (60) का निधन हो गया। वे सोहन गुप्ता सोनू, सनी गुप्ता, संजय गुप्ता की माताजी थीं। जिनकी अंतिम यात्रा आज 11.30 बजे उनके निवास से बड़ा पत्थर मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

**श्री दीपचंद केसरवानी–** नैन छाया जिलहरी गौरीघाट निवासी श्री दीपचंद केसरवानी (50) का निधन हो गया है अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंपा विश्वकर्मा–** श्रीनाथ की तलैया गंजीपुरा निवासी श्री सुरेंद्र विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती चंपा विश्वकर्मा (47) का निधन हो गया । अंतिम संस्कार गौरीघाट शमशान भूमि में किया गया।

**श्री शिवम विश्वकर्मा–** गौरीघाट निवासी श्री मूलचंद विश्वकर्मा के पुत्र श्री शिवम विश्वकर्मा (29) का निधन हो गया है अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती काशी देवी सराफ–** संत चौक बैंक ऑफ़ इंडिया के सामने निवासी श्री बदलपुर दास सराफ की धर्मपत्नी श्रीमती काशी देवी सराफ (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुर्गा बाई पटेल–** प्रेम सागर निवासी श्री प्यारे लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा बाई पटेल (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री परसोत्तम रैकवार–** लालमाटी चांदमारी पंचशील स्कूल के पास निवासी श्री परषोत्तम रैकवार (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुनीता रजक–** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री नारायण रजक की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता रजक (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनय वंशकार–** प्रेमसागर साहू मोहल्ला निवासी श्री विनय वंशकार (55) निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्री मोहन सिंह राजपूत–** सेठी नगर पानी की टंकी के पास गुप्तेश्वर निवासी श्री मोहन सिंह राजपूत (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राजकुमार झरिया–** सेठी नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री राजकुमार झरिया (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मुक्तिधाम में किया गया।

# वारदात के बाद जंगल में छिपाई बाइक, कपड़े नाले में फेंके और भाग गया था रायपुर

**जबलपुर,देशबन्धु।** विवाहिता प्रेमिका की हत्या करने वाले आरोपी को बरगी पुलिस ने शनिवार को दबोच लिया। प्रेमिका पर चाकू से वार करने के बाद आरोपी ने बरगी के रमनपुर में जंगल में बाइक छिपाई। वहीं कपड़े बदले। खून से सने कपड़ो को उसने वहीं नाले में फेंका और बस में सवार होकर सिवनी और फिर रायपुर चला गया था। शनिवार को वह लौटा। बाइक लेने जैसे ही वह जंगल में घुसाए तो पुलिस को इसकी भनक लग गई और पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर बाइक व चाकू जब्त किए गए है।



## विवाहित प्रेमिका की हत्या कर फरार आरोपी गिरफ्तार

**इस तरह दिया वारदात को अंजाम**–बरगी नगर चौकी प्रभारी सरिता पटेल ने बताया कि 35 वर्षीय महिला की दोस्ती एक साल पूर्व गढ़ा फाटक निवासी नमन विश्वकर्मा से हुई थी। दोनों की पहले मैसेंजर और फिर फोन पर बातचीत होने लगी थी। महिला के पति 25 मई की दोपहर में घर से गए। यह बात नमन को पता चल गई। वह महिला के घर पहुंचा। जबरन घूमने चलने का दबाव बनायाए तो महिला ढ़ाई साल की बेटी के साथ उसके साथ चली गई। लेकिन नमन बरगी डेम की की जगह उसे जंगल में ले गया। वहां नमन ने महिला पर पति को छोडने् और शादी का दबाव बनाया।

महिला ने इंकार किया। नमन का गुस्सा देख महिला भागी तो आरोपी ने उसे पकड़ा और उस पर एक के बाद एक चाकू से कई वार कर दिए थे। घायल महिला को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया थाए जहां दूसरे दिन उसने दम तोड़ दिया था। मामले में पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज किया था।

शनिवार को नमन अपनी मोटर साइकल लेने रमनपुर घाटी बरगी पहुंचाए इस बात की मुखबिर से खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घेराबंदी कर आरोपी को धरदबोचा। आरोपी को पकड़ने् में चौकी प्रभारी बरगी नगर एसआई सरिता पटेल, एसआई मुनेश लाल कोल, एएसआई भैया लाल वर्मा, प्रधान आरक्षक उदय प्रताप सिंह, आरक्षक अरविंद सनोडिया, मिथलेश जायसवाल, शेर सिंह बघेल, सतवन मरावी, राजेश बरकडे, सत्येन्द्र मरावी, सुखदेव अहाके, आरक्षक रवि शर्मा की सराहनीय भूमिका रही ।

# पाटन हत्याकांड में पुलिस के हाथ खाली

## न मृतक की शिनाख्त हुई न हमलावरों का चला पता

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिले में लगभग हर रोज हो रही वारदातें और पुलिस की अपराधियों की धरपकड़ में कछुए की रफ्तार अपराधियों के हौसले बुलंद कर रही हैं। शहर में लगभग हर रोज हो रही चोरी, चाकूबाजी, शराब के लिए मारपीट जैसी घटनाएं बानगी दे रही हैं कि अपराधियों में पुलिस का कितना खौफ हैं। पाटन में गत दिवस हुई हत्या की वारदात के 24 घंटों बाद भी पुलिस मृतक की शिनाख्त नहीं कर पाई हैं आरोपियों की धरपकड़ तो दूर की बात हैं।

**नग्न अवस्था में मिला था शव**–ज्ञात हो कि गत दिवस पाटन थानांतर्गत मढ़तालाब के पास एक व्यक्ति के मृत पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर टीआई पाटन गोपिन्द्र सिंह राजपूत स्टाफ के साथ मौके पर पहुचें। जहां एक करीब 35 वर्षीय युवक का नग्न अवस्था में शव मिला।

युवक के सिर, चेहरे पर चोट के निशान थे जिनसे खून निकला था। चेहरे पर टीशर्ट ढ़की थी। मौके पर शराब के पाव पड़े थे। ऐसी आशंका व्यक्त की गई कि किसी ने युवक के साथ मारपीट कर मौत के घाट उतारा। आरोपी के विरूद्ध धारा 103 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा घटित हुई घटना को गम्भीरता से लेते हुये आरोपी की पतासाजी कर शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेशित किये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा एवं एसडीओपी पाटन लोकेश डाबर के मार्ग निर्देशन में थाना प्रभारी पाटन गोपिन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित कर लगायी गई।



# पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त 3 अधिकारियों दी गई विदाई

**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस कन्ट्रोलरूम जबलपुर में शनिवार को अपनी आयु के 62 वर्ष पूर्ण करने पर उप निरीक्षक गणेश प्रसाद विश्वकर्मा थाना शहपुरा कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक कृपाल सिंह पुलिस लाईनए कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक मिथलेश कुमार सिंह बागरी थाना यातायात मालवीय चौक को पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा एवं रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य की उपस्थिति में सुखद स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना करते हुये स्मृति चिन्ह के साथ साथ अवकाश नगदीकरणए बीमाए पैंशनए ग्रेज्युटीए के दस्तावेज भेंट करते हुये भावभीनी विदाई दी गयी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा ने कहा कि सभी की 38 से 42 साल तक की सेवा अवधी शानदारए यादगार एवं बेदाग रही। सभी ने निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ बखूबी अपने कर्तव्यों का निर्वहन कियाए एवं जबलपुर पुलिस को सराहनीय योगदान दिया तथा हमेशा विभाग के लिये समर्पित रहेए सभी को एवं आपके परिवार को लम्बे और सफल कार्यकाल के लिये बधाई दी गई। श्री शर्मा ने कहा कि सभी की उज्जवल छवि रही है एवं अपने आपको स्वस्थ बनाये रखा हैए इसी प्रकार सेवा निवृत्त होने के बाद भी परिवार के साथ सुखमय एवं स्वस्थ जीवन व्यतीत करेंए अपने स्वास्थ्य का हमेशा ख्याल रखेंए यदि आपको किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो आप कभी भी किसी भी समय मुझे अपनी समस्या बता सकते हैए आपकी समस्याओं का त्वरित प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जावेगा।

# नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की बैठक 6 जून को होगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** वरिष्ठ नागरिक पेन्शनर्स एसोसिएशन, जिला शाखा जबलपुर की मासिक बैठक का आयोजन 10 जून को दोपहर 2 बजे बरगी हिल्स में आयोजित की गई है। जिसमें एडवोकेट राजकुमार दुबे प्रांताध्यक्ष को ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर फेडरेशन गाजियाबाद दिल्ली से हमारा संगठन वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन पं.क्र. 04/14/01/23417 को प्रांतीय उपाध्यक्ष को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर उनका शाल, श्रीफल, तिलकवंदन एवं फूल मालाओं से सम्मानित किया जावेगा।

# शराब के लिये रुपये न देने पर मारपीट

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहपुरा थाना क्षेत्र में 31 वर्षीय स्वप्नेश झारिया से खैरी मोहल्ला निवासी कमलेश ने शराब पीने के लिये डेढ़ हजार रुपयों की मांग की। स्वप्नेश के रुपये देने से मना करने पर कमलेश ने मारपीट करते हुए उसे चोटे पहुंचा दी और भाग निकला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# भोपाल से जबलपुर आ रही एसयूवी डंपर से टकराई, एक की मौत, दो गंभीर

## सामने के एयरबैग भी खुले, नेशनल हाईवे में ग्राम भीटा के पास हुआ हादसा

**जबलपुर,देशबन्धु।** भोपाल से जबलपुर आने वाले नेशनल हाईवे में शनिवार तड़के तेज रफ्तार एसयूवी सड़क पर खड़े डंपर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि एसयूवी के सामने के दोनों एयरबैग खुल गए। घटना में ड्राइवर के बाजू में बैठे युवक को गंभीर चोटें आई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वही एक महिला व एक अन्य युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। भेड़ाघाट पुलिस ने शव का पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंपा। मामले में जांच की जा रही है।

भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि घाना खमरिया निवासी नीतेश बर्मन ;38द्ध साथी कांचीपुरम कॉलोनी व्हीकल मड़ई निवासी अर्पित जॉर्ज ;30द्ध और सरिता त्रिपाठी



साथ भोपाल गए थे। शुक्रवार रात वे भोपाल से जबलपुर के लिए निकले। वे एसयूवी 24 बीएच 9014 ई में सवार थे। एसयूवी को अर्पित चला रहा था। नीतेश बाजू में और सरिता पीछे बैठी थी। वे शनिवार सुबह लगभग पांच बजे नेशनल हाईवे में भेड़ाघाट के ग्राम भीटा के पास पहुंचे ही थे कि एसयूवी सड़क किनारे रेत नाका के पास खड़े डंपर में जा घुसी। घटना में नीतेश को सिर में गंभीर चोटें आई। वहीं अर्पित और सरिता भी घायल हो गए।

तेज आवाज के साथ खुले एयरबैग

टक्कर इतनी तेज थी कि एसयूवी के सामने के दोनों एयरबैग खुल गए। तेज आवाज ने वहां मौजूद लोगों को दहशत में डाल दिया। घटना की जानकारी डायल 100 पर दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद नीतेश को निकाला गयाए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इधर गंभीर रूप से जख्मी अर्पित और सरिता को अस्पताल ले जाया गयाए जहां उन्हें भर्ती कर लिया गया।

# वाहनों में भरी जा रही थी घरेलू गैस

## 2 आरोपियों सहित 3 ऑटो चालक धराए

**जबलपुर,देशबन्धु।** हनुमानताल थानांतर्गत बकरा मार्केट के पास आटो में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डर से गैस रिफिलिंग करने के आरोप में 2 आरोपी एवं गैस रिफिलिंग करा रहे 3 आटो चालकों को पुलिस ने धरदबोचा। आरोपियों के कब्जे से 4 घरेलू गैस सिलेंडरए 1 इलेक्ट्रॉनिक तराजू 1 विद्युत मोटर एवं 3 आटो तथा गैस रिफलिंग के नगदी 8 हजार 40 रुपये जब्त किए गए। टीआई हनुमानताल धीरज राज ने बताया कि पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अवैध कारोबार में लिप्त असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुये उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है।

आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी एवं नगर पुलिस अधीक्षक गोहलपुर सुनील नेमा के मार्गदर्शन में घरेलू गैस सिलेंडर से ऑटो में गैस भरने वाले 2 आरोपी एवं गैस भरवाने वाले 3 ऑटो चालकों को पकड़ा गया हैं। उन्होंने बताया कि बीती रात विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि बकरा मार्केट के बाजू के मैदान में रोड किनारे आरोपी राजा घनघोरिया अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडर से ऑटो में गैस रिफिलिंग कर रहा है। सूचना पर पुलिस लाईन एवं थाना हनुमानताल की संयुक्त टीम द्वारा दबिश दी गई। जहां एक व्यक्ति 3 सिलेण्डरों के पास बैठा तथा एक व्यक्ति आटो गैस रिफलिंग करते हुये तथा 3 आटो चालक आटो मे गैस रिफिलिंग करवाने हेतु खड़े मिले। आरोपियों में गैस रिफिलिंग करने वाले आरोपी खटीक मौहल्ला निवासी आदित्य खटीकए आटो चालकों में आरोपी मुस्ताक निवासी शम्शू होटल के पास हनुमानतालए शाहिद निवासी पंचकुईया मोह. राजा अंसारी निवासी मुच्छड़ होटल के पास हनुमानताल तथा सिलेण्डर के पास बैठे आरोपी राजा घनघोरिया को धरदबोचा। मौके से घरेलू 4 गैस सिलेंडरए 1 इलेक्ट्रॉनिक तराजूए 1 मोटर तथा गैस बिक्री की रकम 8 हजार 40 रुपये तथा ऑटो चालक से आटो क्रमांक एमपी 20 आर 6132ए आटो क्रमांक एमपी 20 आर 6664ए आटो क्रमांक एमपी 20 आर 7003 जब्त करते हुए आरोपी आदित्य खटीक एवं राजा घनघोरिया द्वारा अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडर से उपेक्षापूर्वक ऑटो में ज्वलनशील एलपीजी गैस भरना एवं ऑटो चालकों द्वारा गैस भरवाना पाये जाने पर सभी के विरूद्ध धारा 3ए 7 ईसी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

# आधी रात को पहुंचे भेड़ाघाट, धुआंधार में उतरने की कोशिश में डूबा युवक

**जबलपुर,देशबन्धु।** एक युवक अपने दोस्तों के साथ गुरुवार देर रात भेड़ाघाट पहुंचा। वे धुआंधार पहुंचे। जहां युवक ने कपड़े उतारे और धुआंधार में उतरने लगाए तभी वह गहरे पानी में डूब गया। शनिवार को उसका शव स्वर्गद्वारी में उतराता मिला। भेड़ाघाट पुलिस ने शव का पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। जांच की जा रही है।



## स्वर्गद्वारी में मिली लाश, पुलिस कर रही है मामले की जांच

भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि करौंदी वार्ड क्रमांक 17 निवासी सुमित यादव ;21द्ध गुरुवार रात दोस्त साहिल कुशवाहाए मनोज यादव और आकाश यादव के साथ भेड़ाघाट के धुआंधार पहुंचा। युवकों ने बाइक खड़ी की। वे फॉल के पास पहुंच गए। जहां सुमित ने कपड़े उतारे और फॉल के पास तेज बहाव में उतरने लगा। रात लगभग डेढ़ बजे अचानक वह गहरे पानी में चला गया। यह देख उसके साथी हड़बड़ा गए। मदद की आवाज लगाईए लेकिन पता नहीं चल सका। सूचना पर भेड़ाघाट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। साहिल की रिपोर्ट पर शुक्रवार सुबह छह बजे थाने में गुम इंसान दर्ज किया। शुक्रवार को पूरे दिन तलाश की गईए लेकिन पता नहीं चला। शनिवार को पुलिस फिर से सर्चिंग शुरू की जातीए इसके पूर्व स्वर्गद्वारी में उसका शव उतराता मिला।

# एमपीएससीएससी प्रबंधक फरार

## प्रबंधक सहित कई पर ईनाम घोषित

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन (एमपीएससीएससी) के प्रभारी प्रबंधक दिलीप किरार सहित कई आरोपी अब तक फरार हैं। इन आरोपियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक जबलपुर ने इनाम की घोषणा की हैं। इन आरोपियों में थाना मझौली के अपराध क्रमांक 121/25 धारा 316(2), 316(4), 316(5), 318(2), 318(4), 338, 336(3), 61(2) बीएनएस में एमपीएससीएससी कलेक्ट्रेट के प्रभारी जिला प्रबंधक आरोपी दिलीप किरार, विभाग के ही इश्यू सेंटर सिहोरा मंडी के प्रभारी आरोपी धर्मेन्द्र सिंह चंद्रोल, कंप्यूटर ऑपरेटर सौरभ शुक्ला की गिरफ्तारी पर 4-4 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया हैं। इसके साथ ही अधारताल थानांतर्गत अपराध क्रमांक 314/25 धारा 64(1), 64(2) एम, 308(2), 351(2), 332 ख, 3(5) बीएनएस में कटनी निवासी आरोपी नरेन्द्र शिवहरे पर 5 हजार एवं घमापुर थानांतर्गत अपराध क्रमांक 265/2024 धारा 336 भादवि एवं धारा 3, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम में आरोपी आनंद सिंह ठाकुर पिता अटल सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी भारत सेवक समाज स्कूल पर 5 हजार, रांझी थानांतर्गत अपराध क्रमांक 841/23 धारा 294, 323, 327, 506 भादवि पृथ्वी उर्फ लिटिल सिंह पिता भूपेन्द्र सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी दुर्गा मंदिर के पास इंद्रा नगर रांझी पर 4 हजार, चरगवां थानांतर्गत अपराध क्रमांक 302/18 धारा 305ए भादवि फरार वारंटी गुड्डा उर्फ वीर सिंह पिता धनीराम ठाकुर उम्र 38 वर्ष निवासी धादरा बरगी पर 2 हजार, चरगवां थानांतर्गत अपराध क्रमांक 250/18 धारा 457, 380 भादवि फरार वारंटी संतोष चौधरी पिता गनौरी चौधरी निवासी ग्राम सूखा चरगवां पर 2 हजार रुपए, एवं चरगवां थानांतर्गत अपराध क्रमांक 154/15 धारा 457, 380 भादविफरार वारंटी- शुभम पाठक पिता भोलाराम पाठक उम्र 25 वर्ष निवासी पिपरियाकला बरेला पर 2 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की गई।

# वारदात से पहले 7 धराए, 8 चाकू जब्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** क्राईम ब्रांचए थाना लार्डगंजए बेलबागए विजय नगर एवं माढ़ोताल थाना पुलिस ने क्षेत्रों में किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से चाकू लेकर घूमते 7 आरोपियों को धरदबोचा। आरोपियों के कब्जे से 8 चाकू जब्त किए गए। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अवैध हथियार एवं मादक पदार्थों की तस्करी मे लिप्त आरोपियों की पतासाजी कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है।

आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध सोनाली दुबे तथा नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली रीतेश कुमार शिवए नगर पुलिस अधीक्षक ओमती सोनू कुर्मीए नगर पुलिस अधीक्षक माढोताल बी एस गोठरिया के मार्गदर्शन में क्राईम ब्रांच तथा थाना लार्डगंज एवं बेलबाग तथा विजय नगर एवं माढोताल की टीम द्वारा 7 आरोपियों को 8 चाकू सहित रंगे हाथ पकडा गया है।

थाना प्रभारी लार्डगंज नवल सिंह आर्य ने बताया कि क्राईम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि रानीताल चौक के पास वर्धमान किराना एवं रोड के किनारे लगी चाय के टपरे के पास 2 लड़के चाकू रखे कोई अपराध करने की फिराक में है। सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना लार्डगंज की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये



स्थान पर दबिश देकर आरोपी दमोहनाकाए पंजाब नेशनल बैंक निवासी 19 वर्षीय सूरज चौधरी पिता विनय चौधरी एवं आईटीआई माढ़ोताल निवासी 20 वर्षीय निखिल सेन पिता प्रदीप सेन को धरदबोचा। आरोपी निखिल सेन की तलाश में 1 चाकू तथा सूरज चौधरी के पास 2 चाकू मिले। चाकू जब्त करते हुए आरोपियों के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। आरोपियो को चाकू सहित रंगे हाथ पकडने में क्राईम ब्रांच के उप निरीक्षक चंद्रकांत झा सहायक उप निरीक्षक प्रशांत सोलंकीए धनंजय सिंहए प्रधान आरक्षक अटल जंघेलाए मन्नू सिंहए सत्यसेन यादव वीरेंद्र सिंहए आरक्षक विनय सिंहए राजेश मिश्राए राजेश महात्रेए त्रिलोक पारधी की सराहनीय भूमिका रही।

**बेलबाग पुलिस के हत्थे चढ़ा 1 आरोपी**

इसी प्रकार थाना बेलबाग क्षेत्र में क्राईम ब्रांच को मिली विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना बेलबाग की संयुक्त टीम द्वारा बेलबाग टोरिया में दबिश देते हुये आरोपी बेलबाग टोरिया निवासी 19 वर्षीय साहिल उर्फ शंकर कश्यप एक धारदार चाकू के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से चाकू जप्त कर धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी।

आरोपी की धरपकड़ में सहायक उप निरीक्षक प्रशांत सोलंकीए प्रधान आरक्षक अटल जंघेलाए मन्नू सिंहए सत्यसेन यादवए आरक्षक विनय सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

**विजय नगर में पकड़ाए 3 आरोपी**

इसी प्रकार थाना प्रभारी विजय नगर वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर मुत्थुट फायनेंसए एसबीआई के पास दबिश देते हुये आरोपी खैरी पाटन निवासी 18 वर्षीय पंकज प्रधान एवं संचार नगर निवासी 27 वर्षीय सनी सेन तथा कोहानी देवरीए शहपुरा निवासी 20 वर्षीय संतोष मार्को को 1.1 चाकू सहित पकड़ते हुए तीनो के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

**माढ़ोताल पुलिस के हत्थे चढ़ा एक आरोपी**

इसी प्रकार थाना प्रभारी माढोताल नीलेश दोहरे ने बताया कि शनिवार को पुरानी बस्ती करमेता मे दबिश देते हुये आरोपी कठौंदा निवासी 25 वर्षीय राहुल उर्फ देवा यादव को चाकू सहित पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से चाकू जब्त कर धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी।

# 4 सटोरिए धराए तीन थाना क्षेत्रों में कार्रवाई

**जबलपुर,देशबन्धु।** क्राईम ब्रांच की मदद से थाना बेलखेड़ा, थाना पनागर तथा थाना सिविल लाईन थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई कर 4 सटोरियों को धरदबोचा। आरोपियों के कब्जे से 34 हजार 780 रुपये जब्त किए गए। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को संगठित जुआ, सट्टा खिलाने वालों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए आदेशित किया गया हैं। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात/अपराध ) सोनाली दुबे तथा एसडीओपी पाटन लोकेश डाबर, नगर पुलिस अधीक्षक ओमती सोनू कुर्मी के मार्गदर्शन में क्राईम ब्रांच एवं थाना बेलखेडा, एवं थाना पनागर तथा थाना सिविल लाईन की टीम द्वारा 4 सटोरिये के सट्टा लिखते हुये रंगे हाथ पकडते हुये 34 हजार 780 रूपये जब्त किए गए।

टीआई बेलखेडा गाजीवती पुसाम ने बताया कि शनिवार को क्राईम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि हनुमान मंदिर एवं आंगनबाड़ी के पास 2 व्यक्ति सट्टा लिखकर अवैध लाभ अर्जित कर रहे है। सूचना पर क्राइम ब्रांच एवं बेलखेडा की संयुक्त टीम द्वारा बस स्टैंड में दबिश देकर आरोपी पांडा दीवाला मौहल्ला, बेलखेड़ा निवासी 36 वर्षीय संतोष सिंह एवं 28 वर्षीय मनोज सिंह को घेराबंदी कर धरदबोचा। आरोपियों के कब्जे से 16 हजार 480 रुपए नगद, 2 कैलकुलेटर एवं सट्टा पट्टी जब्त करते हुये धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।आरोपियों की धरपकड़ में सहायक उप निरीक्षक कैलाश मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक प्रशांत सिंह, प्रधान आरक्षक मोहन सिंह प्रधान आरक्षक सत्यसेन, प्रधान आरक्षक अटल जंघेला, प्रधान आरक्षक मन्नू सिंह, आरक्षक प्रदीप टेकाम, आरक्षक रितेश शुक्ला, पंकज सिंह, विनय सिंह, प्रमोद सोनी तथा थाना बेलखेडा के उप निरीक्षक नेतराम सिंह ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक सोबरन सिंह, प्रधान आरक्षक राजेश शर्मा, आरक्षक प्रताप की सराहनीय भूमिका रही। इसी तरह टीआई पनागर जितेंद्र पाटकर ने बताया कि क्राइम ब्रांच को मुखबिर से मिली सूचना पर क्राइम ब्रांच एवं थाना पनागर की टीम ने बम्हनौदा में दबिश देकर आरोपी 32 वर्षीय सुजीत पटेल को धरदबोचा। आरोपी ने बताया कि वह आरोपी राहुल साहू के कहने पर सट्टा लिख रहा हैं। रकम राहुल को पलटाने पर उसे राहुल साहू 6 प्रतिशत के हिसाब से रुपए देता हैं। आरोपी के पास से 9 हजार 8 सौ रुपए जब्त करते हुए धारा 4 (क) सट्टा एक्ट एवं 49 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी की धरपकड़ में सहायक उप निरीक्षक कैलाश मिश्रा, प्रधान आरक्षक सुतेंद्र प्रधान, मोहन सिंह, राकेश बहादुर, आरक्षक प्रदीप टेकाम, प्रमोद सोनी पंकज सिंह, प्रीतम उपाध्याय तथा थाना पनागर के सहायक उप निरीक्षक विनोद पटेल की सराहनीय भूमिका रही।

इधर सिविल लाइन थाना पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मैकेनिक जोन चाय के टपरे के पास आरोपी धनवंतरी नगर, संजीवनी नगर निवासी 30 वर्षीय शुभम विश्वकर्मा को सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 8 हजार 5 सौ रुपए जब्त करते हुए 4 (क) सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# चचेरे भाई ने की नाबालिग बहन की हत्या

## आरोपी गिरफ्तार, डंडे से पीट - पीट कर मार डाला

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के उफरी गांव में एक चचेरे भाई ने अपनी नाबालिग बहन की डंडे से पीटकर हत्या कर दी। आरोपी हरिलाल कोल ने घटना को छिपाने के लिए शव को कमरे में बंद कर दिया। घटना गुरुवार की है।

हरिलाल ने नाबालिग बहन को डंडों से इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी हरिलाल के भाई जिया लाल को मिली। उसने सरपंच को बताया। जानकारी के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गुरुवार को रात में ही मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी हरिलाल को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में उसने बताया कि नाबालिग बहन दिन भर घूमती रहती थी। मृतका 17 वर्षीय थी और तीन साल पहले उसके माता-पिता की मृत्यु हो गई थी। उसका 23 वर्षीय भाई रामनरेश कोल उमरिया में मजदूरी करता है। माता-पिता की मृत्यु के बाद वह अकेले गांव में रहती थी। आरोपी हरिलाल के पिता की भी 20 दिन पहले मृत्यु हुई थी। एसडीओपी उमरिया नागेन्द्र सिंह के अनुसार, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। शनिवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## जेठ ने महिला को पीट-पीट कर किया अधमरा

**शहडोल, देशबन्धु।** जमीन के मामूली विवाद के चलते जेठ ने अपनी ही देवरानी को डंडे से पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। पीड़ित देवरानी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जेठ के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। घायल देवरानी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना जिले के देवलोंद थाना की है। देवलोंद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रामपुरवा में महिला



संगीता कोल अपनी खाली पड़ी जमीन पर निर्माण कार्य के लिए ईट रखवा रही थी कि तभी पड़ोस में रहने वाला जेठ रामलोचन कोल वहां आ पहुंचा और संगीता से ईंट रखवाने की बात पर विवाद करने लगा।

संगीता ने अपने जेठ को जब यह बताया कि मेरे पति की मौत के बाद यह जमीन मेरी हो गई है तो जेठ राम लोचन गुस्से से भर गया और पास में पड़े डंडे को उठाकर संगीता को पीटना शुरू कर दिया। संगीता ने मदद की गुहार लगाई लेकिन पारिवारिक विवाद में कोई बीच बचाव करने आगे नहीं बढ़ा। संगीता जब गंभीर रूप से घायल होकर अचेत हो गई तब जेठ मौके से चला गया।

इसी बीच किसी ने पुलिस के डायल हंड्रेड को इसकी जानकारी दे दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। देवलोंद थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने बताया कि जमीनी बात को लेकर विवाद हुआ है। महिला के सिर में गंभीर का चोट पहुंची है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी जेठ के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

## बांधवगढ़ में खनन माफिया सक्रिय, तीन ट्रैक्टर जब्त

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के बफर जोन में अवैध खनन की गतिविधियां बढ़ गई हैं। टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने पिछले चार दिनों में तीन ट्रैक्टर जब्त किए हैं। अवैध खनन टाइगर रिजर्व प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। बाघों के संरक्षण के लिए विश्व प्रसिद्ध इस रिजर्व में खनन माफिया की बढ़ती गतिविधियां चिंता का विषय हैं। शनिवार को धमोखर बफर परिक्षेत्र के ददरौडी बीट में बाजपेयी घटवा स्थल पर अवैध रेत खनन की सूचना मिली। प्रबंधन ने 6 सदस्यीय टीम भेजकर एक ट्रैक्टर को जब्त किया। ट्रैक्टर चालक खरवा खुर्द निवासी दिवाकर दहिया को हिरासत में लिया गया।

# भारतीय किसान संघ तहसील पनागर का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आज

**पनागर, देशबन्धु।** भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत जिला जबलपुर तहसील इकाई पनागर में एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग एक जून को सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न होने जा रहा है। जबलपुर जिले में यह तीसरा प्रशिक्षण वर्ग है। सभी तहसील में प्रशिक्षण वर्ग करने की योजना बनाई गई है। भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बताया कि महाकौशल प्रांत में 100 तहसील में प्रशिक्षण वर्ग लगाने की योजना बनाई गई है, जिसमें 10000 हजार कार्यकर्ता को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है।

पनागर तहसील में लगभग सौ ग्राम समिति के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण किया जायेगा प्रशिक्षण वर्ग में 100 संख्या अधिक और 50 संख्या से कम होती है उस तहसील में दो प्रशिक्षण वर्ग लगायें जायेंगे। भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष रामदास पटेल ने बताया कि तहसील पनागर में मुख्य पांच सत्र रहेंगे। पांच वक्ताओं के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा, तहसील इकाई पनागर के अध्यक्ष जितेंद्र पटेल ने सभी ग्राम समितियों के अध्यक्ष, मंत्रीयो से पहुंचने की अपील की है।

संगठन मंत्री भरत जी पटेल, अखिल भारतीय भारतीय एग्रोएकामिनक रिसर्च सेंटर अध्यक्ष प्रमोद चौधरी, अखिल भारतीय प्रचार प्रसार प्रमुख राघवेन्द्र जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उत्तम मिर्री, प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमनारायण पचौरी, दामोदर पटेल सभाग उपाध्यक्ष,जिला अध्यक्ष रामदास पटेल जिला मंत्री धनंजय पटेल जिला उपाध्यक्ष सुनील पटेल, मोहन तिवारी, तहसील उपाध्यक्ष विनय पटेल, तहसील मंत्री सुशील ठाकुर, अमित पटेल, भरत पटेल, एडवोकेट प्रेमचंद, नितिन गौतम सहित नगर एवं ग्रामीण से वारिष्ठ एवं ज्षेठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता की उपस्थिति में उक्त प्रशिक्षण वर्ग संपन्न होगा।

## सार-समाचार

### अर्पित जैन बने बरेला भाजपा मंडल के अध्यक्ष

**बरेला, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भाजपा जबलपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजकुमार पटेल की अनुशंसा पर पनागर विधानसभा क्षेत्र विधायक सुशील



तिवारी जी की सहमति से बरेला भाजपा मंडल के अध्यक्ष पद अर्पित जैन (गोलू) को नियुक्त किया है, जिससे पूरे बरेला भाजपा मंडल में हर्ष का माहौल है, अध्यक्ष नियुक्त होने पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे,पूर्व उपाध्यक्ष सोनू सोनकर,पार्षद प्रकाश चक्रवर्ती विक्की पटेल, पिंकी प्रीतम पटेल शारदा कृष्णा बर्मन रामवती महेश चक्रवर्ती दीपक सोनकर दिव्या अरिहंत जैन ममता बर्मन, श्रीकांत उपाध्याय, मुनि विश्वकर्म, प्रवेश पटेल राजू रजक, प्रशांत सोनी, अज्जू सोनी, दयाशंकर उपाध्याय, मेशी विश्वकर्मा, तनय अग्रवाल, यश ठाकुर, रितेश केवट, मयंक साहू, अतीक बर्मन, अजय चौकसे ने शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की।

### जिला अस्पताल में प्रसवकालीन टेली काउंसलिंग सेल का शुभारंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता माह के अवसर पर सेठ गोविंद दास जिला चिकित्सालय (विक्टोरिया) जबलपुर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा के निर्देशानुसार एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की गई है।

सिविल सर्जन डॉ. नवीन कोठारी एवं जिला नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ.रत्नेश कुरारिया द्वारा आज दिनांक 28 मई 2025 को प्रसवकालीन मानसिक स्वास्थ्य (परिणातल मेंटल हेल्थ पंच) हेतु टेली-काउंसलिंग सेल का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ.रत्नेश कुरारिया ने बताया कि यह टेली-काउंसलिंग सेल जिले की उन महिलाओं के लिए एक सशक्त माध्यम बनेगा जिन्हें गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान मानसिक स्वास्थ्य संबंधी लक्षणों के आधार पर चिन्हित किया गया है। चिन्हित महिलाओं को जिला चिकित्सालय की टीम द्वारा समय अनुसार फोन के माध्यम से संपर्क किया जाएगा,उनकी वर्तमान मानसिक एवं शारीरिक स्थिति की जानकारी ली जाएगी तथा आवश्यकतानुसार चिकित्सकीय मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। यह पहल महिलाओं को उनके घर बैठे ही गुणवत्तापूर्ण मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सशक्त कदम है। कार्यक्रम में सहयोगी संस्था जपाई से डॉ.डॉली सांगानी (कार्यक्रम अधिकारी) एवं विवेकानंद त्रिपाठी (कार्यक्रम समन्वयक) ने सहभागिता की। साथ ही जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम से साइकेट्रिस्ट डॉ.विद्यारतन वरकड़े,क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट सलोनी, नर्सिंग ऑफिसर एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### बैल के हमले में घायल वृद्ध की मौत

**रीवा, देशबन्धु।** शहर में तीन दिन पूर्व मॉर्निंग वॉक के दौरान एक आवारा बैल द्वारा 80 वर्षीय वृद्धि के ऊपर हमला कर दिया गया था इस दौरान वृद्ध का पेट फाड़कर उनकी आते बाहर निकल गई थी उपचार के दौरान बीती शाम वृद्ध की संजय गांधी अस्पताल में मौत हो गई वहीं घटना के बाद हरकत में आए नगर निगम के अमले ने बैल को पकड़ लिया है। घटना के संबंध में मृतक रामसुंदर मिश्रा उम्र 80 वर्ष निवासी निराला नगर के नाती अमित मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 मई की प्रातः 6 बजे उनके बाबा घर के पास ही मॉर्निंग वॉक कर रहे थे इसी दौरान आवारा बैल ने उन पर हमला कर दिया था और पेट को फाड़ते हुए आते बाहर निकाल ली थी अमित ने बताया कि उनके बाबा का अस्पताल में ऑपरेशन किया गया था जिसके बाद वह ठीक थे लेकिन बीती शाम तकरीबन 4 बजे अचानक उनकी हालत बिगड़ी और मृत्यु हो गई वहीं इस पूरे मामले में विश्वविद्यालय थाना प्रभारी हितेंद्रनाथ शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिस बैल द्वारा वृद्ध के ऊपर हमला किया गया था उसे नगर निगम ने पकड़ लिया है जबकि इस पूरे मामले की जांच की जा रही है वहीं मृतक के नाती ने बाबा की मौत का जिम्मेदार नगर निगम की आव्यवस्थाओं को ठहराया है।

### बिजली विभाग की लापरवाही से लगी आग

**रीवा देशबन्धु।** जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिलखन नेबुहा टोला में आज भीषण आगजनी की घटना हो गई बताया गया है कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते यह आगजनी हुई है घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि आज सुबह तकरीबन 10 बजे खंभे के मुख्य लाइन के तार आपस में टकरा गए जिससे निकली चिंगारी से खेतों में आग लग गई इस दौरान तेज हवा के चलते आज की लपटे धीरे-धीरे घरों तक जा पहुंची।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में भावविभोर हुए श्रद्धालु

## पुराने बस स्टैंड में सप्त दिवसीय भागवत कथा

**सिहोरा, देशबन्धु।** भगवान धन दौलत के नहीं बल्कि भाव के भूखे होते हैं और प्रेम से नाम लेने मात्र से भक्त की ओर खींचें चले आते हैं बस हमारी भक्ति में स्वार्थ नहीं होना चाहिए जब जब पृथ्वी पर पाप बढ जाते हैं तो भगवान किसी न किसी रुप में अवतार लेकर दुष्टों का संहार करते हैं।

उक्ताशय के उदगार संत ब्रम्हानंद दास ने पुराने बस स्टेंड गणपति ट्रेडर्स में चल रही भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर व्यक्त किए तथा प्रहलाद चरित्र की भी मीमांसा की एंव कहा कि वैष्णव गुरु परम्परा में जिन्हें राम या कृष्ण मंत्र मिला हो वे वैष्णव कहलाते हैं। ब्रम्हानंद जी



महाराज ने आगे कहा की कंश के अत्याचार से तीनों लोक त्राहि-त्राहि कर उठे तो भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में आधी रात को अवतार लिया तो सारे पहरेदार गहरी निद्रा में सोए हुए थे और हथकड़ियां व कारागार के ताले अपने आप खुल गए वासुदेव कृष्ण को टोकरी में रखकर गोकुल में छोड़ आए और वहां से माया रूपी बालिका को अपने साथ ले आए इधर जब कंश बच्चे के रोने की आवाज सुना तो कारागार की तरफ दौड़ पड़ा उनके हाथों से छीनकर जैसे ही उसने माया को जमीन पर पटकने का प्रयास किया तो वह उसके हाथ से छूटकर आकाश में चली गई और कहा की तुझे मारने वाला गोकुल में जन्म ले चुका है कथा के दौरान कृष्ण जन्म की झांकी देख श्रोता नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जयकारे लगाते हुए आनंद में झूम उठे। कथा के पूर्व द्रोपदी गुप्ता, प्रशांत रश्मि गुप्ता, आशीष नीतू गुप्ता,अभिषेक सोम्या गुप्ता, भरत रेखा गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, महेश कुमार गुप्ता, सुशीला गुप्ता, नीलम गुप्ता, कमलेश गुप्ता गुप्ता, उदय गुप्ता, रमेश प्रसाद, राधा पांडे आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।

# जय हिन्द सभा में शामिल हुए पाटन विस से सैकड़ों कांग्रेसी

**पाटन, देशबन्धु।** जय जवान जय किसान जय संविधान की विचारधारा को लेकर आज जबलपुर शहीद स्मारक में कमलनाथ,भूपेश बघेल, दिग्विजय सिंह,जीतू पटवारी,विवेक तन्खा,अरूण यादव,लखन घनघोरिया सौरभ नाटी शर्मा,नीलेश जैन,सम्मति सैनी,तलविंदर दीदी सहित सभी वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं की अगुवाई में सैनिकों का सम्मान किया गया। जय हिन्द सभा में भाजपा की कथनी और करनी का पर्दाफाश किया गया। विजय शाह, देवड़ा पर कठोर कार्रवाई करने दबाव डाला जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ठा. विक्रम सिंह,संजय यादव पाटन, मेघराज सिंह, रवि जैन किसान कांग्रेस, अरविंद सिंह ठाकुर पाटन, दुर्गेश पटेल भरतरी, आत्माराम तिवारी सरपंच दूरी कला, ठाकुर रूप सिंह राजघाट पोड़ी,ठाकुर रज्जू



सिंह मोहला, संजय गुरुजी, संदीप गुरु पाटन, विष्णु शंकर पटेल अमरपुर,नेक नाराण सिंह ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष कटंगी, दिलीप राजपूत ब्लॉक अध्यक्ष मझौली, बहादुर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, प्रदीप पटेल जिला पंचायत सदस्य मझौली, राजेश तिवारी मझौली, रोनक राजोरिया, प्रशांत शर्मा, सौरभ राठोर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# क्षेत्र का दौरा नहीं करने वाले इंजीनियरों के खिलाफ करें कार्रवाई : ऊर्जा मंत्री तोमर

## ऊर्जा मंत्री ने की बिजली ट्रिपिंग संबंधी समस्या की समीक्षा की

**पाटन, देशबन्धु।** विद्युत वितरण कम्पनी के एसई,ईई,एई और डीई लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर विद्युत वितरण सिस्टम की समीक्षा करें।

क्षेत्र का दौरा नहीं करने वाले इंजीनियरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश शनिवार को विद्युत वितरण कम्पनियों के एमडी और अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बिजली ट्रिपिंग की समीक्षा के दौरान दिये। श्री तोमर ने कहा कि हर अधिकारी बिजली उपभोक्ताओं के फोन जरूर सुने। फोन नहीं उठाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई



की जायेगी। उन्होंने कहा कि आँधी और वर्षा के दौरान बिजली गुल होने पर त्वरित कार्रवाई कर विद्युत आपूर्ति शुरू करवायें और आवश्यकता अनुसार एफओसी की टीम बढ़ायें।ट्रांसफार्मर लोड का करें निर्धारण,आगे उन्होंने कहा कि विद्युत वितरण ट्रांसफार्मर में अधिक लोड के कारण बिजली गुल होने के साथ ही वह जल भी जाते हैं। इसके लिये जरूरी है कि सर्वे करवा कर उपयुक्त क्षमता के ट्रांसफार्मर स्थापित किये जायें। उन्होंने कहा कि कॉल-सेंटर की क्षमता में वृद्धि की जाये,जिससे उपभोक्ताओं को समस्या दर्ज कराने के लिये ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े।वही विद्युत वितरण कम्पनियों के एमडी सर्वश्री अनय द्विवेदी, क्षितिज सिंघल और अनूप सिंह ने विद्युत ट्रिपिंग से संबंधित समस्याओं के निराकरण के संबंध में की जा रही कार्यवाही के बारे में जानकारी दी।

# उप स्वास्थ्य केन्द्र इमलई एनक्यूएएस फीजिकल सर्टिफाइड

**पनागर, देशबन्धु।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनागर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर-इमलई में माह फरवरी 25 को वर्चुअल एनक्यूएएस असेसमेंट में उच्चतम स्कोर 90.4 प्रतिशत एनक्यूएएस क्वालीफाइड सार्टिफिकेशन से सम्मान जनक उपलवधि हासिल हुई है।

इसके पश्चात राष्ट्रीय स्तर के मानकों पर स्वास्थ्य सुविधाएं की गुणवत्ता एवं अनिवार्य सेवा पैकेज का आकलन करने के लिए विगत 23 अप्रैल को राष्ट्रीय स्तर के असेसरो द्वारा एनक्यूएएस सरप्राइज फीजिकल वेरीफिकेशन किया गया] जिसमें सभी मापदंड में 81 प्रतिशत अर्जित किया गया।




जिसमें डॉ. संजय मिश्रा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/ रीजनल डायरेक्टर के नेतृत्व में डॉ. संजय जैन, सर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी, डॉ. विनीता उप्पल डीएचओ, डॉ. आदर्श विशनोई, नोडल अधिकारी, डॉ. शिखा गर्ग, ज़िला क्वालिटी मैनेजर, एचसी महोबिया बीईई, प्रतिभा तिवारी, बीपीएम, वीर नारायण दुबे, रिचा यादव सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, हरीश पटेल, मोनिका तरफदार, दिव्या लखेरा, अनीता पटेल, कृष्णा पटेल, ज्योति पटेल आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# सैनिकों के सम्मान में जय हिन्द सभा में बरेला परिक्षेत्र के पहुंचे सैकड़ों कांग्रेसी



**बरेला, देशबन्धु।** जय जवान, जय किसान जय संविधान की विचारधारा को लेकर आज जबलपुर शहीद स्मारक में कमलनाथ,भूपेश बघेल, दिग्विजय सिंह, जीतू पटवारी, विवेक तन्खा, अरूण यादव,लखन घनघोरिया सौरभ नाटी शर्मा, नीलेश जैन, सम्मति सैनी, तलविंदर दीदी सहित सभी वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं की अगुवाई में सैनिकों का सम्मान करना किया गया।जय हिन्द सभा में भाजपा की कथनी और करनी का पर्दाफाश किया गया। विजय शाह, देवड़ा पर कठोर कार्रवाई करने दबाव डाला जा गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अरविन्द तिवारी, जिला महामंत्री योगेश पटेल, ब्लाक अध्यक्ष सतेन्द्र गर्ग, मंडलम अध्यक्ष विपिन झारिया, जहीर अहमद,रामजी रैकवार,राजू पाठक, अनन्त राम पटेल, सुरेन्द्र चोकसे,शेख सलीम गोविंद मरावी, अच्छे लाल, इन्द्र कुमार श्रीपाल, दुर्गा झारिया, अनुराग पटेल, प्रहलाद झारिया, नोने मरावी, जागे पटेल, मोहित गर्ग, दीपक विश्वकर्मा, नीलेश बरकडे,शेख शानू सतीश चोकसे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# स्वास्थ सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

**पाटन देशबन्धु।** केंद्री स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) वेलनेस सेंटर 4 में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरपी रावत ने शहर के वरिष्ठ नागरिकों के विभिन्न संगठनों के सलाहकार प्रतिनिधि अरविंद पटेल बेनिफिसरी बेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया, मृगेंद्र नारायण सिंह सीनियर सिटीजन विज़न जबलपुर, अनिल शुक्ला वरिष्ठ नागरिक परिषद जबलपुर, किशन लाल वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण संघ,दिलीप कुंडे वरिष्ठ नागरिक परिषद जिला कटनी, मदन गोपाल शर्मा त्रिपुरी वरिष्ठ नागरिक महासंघ के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए पिछले मुददों की समीक्षा कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया। साथ ही सीनियर सिटीजनों के हितार्थ मार्गदर्शन दिया कि गर्मी का सीजन चल रहा है, कड़ी धूप व लू से अपने आपको पूरी सतर्कता बरतते हुए अपने स्वास्थ का ख्याल रखे।

स्वस्थ सलाहकार प्रतिनिधि अरविंद पटेल, अनिल शुक्ला, किशन लाल, मृगेंद्र नारायण सिंह, दिलीप कुंडे, मदन गोपाल शर्मा ने नए साफ्टवेयर सी डेक के संचालन में लाभार्थियों को हो रही असुविधा के बारे में चिंता जाहिर की इस पर डॉ रावत ने बताया कि पहले जरूर कठिनाई हो रही थी, लेकिन



अब धीरे धीरे सब सामान्य होता जा रहा है और भविष्य में लाभार्थियों को कम समय मे बेहतर से बेहतर चिकित्सा लाभ मिलेगा। इस कठिन दौर में सहयोग के लिये उन्होंने सभी का आभार जताते हुए कहा कि वरिष्ठ जनों का सम्मान और बेहतर इलाज, हमारा नैतिक कर्तव्य है।

बैठक में कुछ और महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किये जिस पर विस्तरित चर्चा की गई एवं सभी प्रतिनिधियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरपी रावत सहित अन्य डॉक्टरों,व स्टाफ की कार्यशैली पर संतोष जाहिर करते हुए,सहयोगात्मक कार्यो की सराहना की। इस बैठक में मेडिसन सप्लायर्स प्रतिनिधि पंकज नवाठे की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अनिल शुक्ला ने बताया कि इस बैठक में डॉ. एलिस सराफ, डॉ. राजीव यादव,डॉ एसके राय, डिस्पेंसरी प्रभारी मनोज कुमार,प्रदीप सिंह,लव डांगी, आनन्द कुमार, गोपाल भट्ट,रवि कुमार,का योगदान उल्लेखनीय रहा। मनोज कुमार ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

## दोस्ती बनी रहे, सलाह देता रहूंगा.. डोनाल्ड ट्रंप की टीम छोड़ने के बाद टेस्ला सीईओ एलन मस्क

**वाशिंगटन।** अरबपति व्यापारी एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप की टीम से अपनी विदाई ले ली है। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में उनके महत्वाकांक्षी सरकारी दक्षता विभाग की जिम्मेदारी संभालने वाले मस्क ने शुरुआत में काफी सुर्खियां बटोरी थीं। हाल ही में डोगे प्रमुख के रूप में इस्तीफा देने वाले मस्क ने कहा कि उनका कार्यकाल भले ही समाप्त हो गया है लेकिन इससे उनकी और ट्रंप की दोस्ती में फर्क नहीं पड़ेगा, वह ट्रंप के दोस्त और सलाहकार बने रहेंगे। टेस्ला सीईओ ने कहा, डोगे प्रमुख का काम शुरुआत से ही थोड़े समय का था, जो कि अब पूरा हो चुका है, बकौल, मस्क अब उनका ध्यान अपने व्यवसायों को आगे बढ़ाने पर होगा। मस्क के ट्रंप के साथ डोगे प्रमुख के रूप में काम करने पर टेस्ला को काफी विरोध का सामना करना पड़ा था। वाइट हाउस में अपनी विदाई प्रेस-कॉन्फ्रेंस के दौरान मस्क ने गॉड फादर लिखी हुई टी-शर्ट पहनी हुई थी। इस दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने मस्क द्वारा किए गए काम की तारीफ की और उनके साथ अपनी दोस्ती को खास बताया। ट्रंप ने कहा, एलन ने अमेरिका के लिए जो किया है, वह पीढ़ियों से नहीं किया गया है..अमेरिकी जनता के लिए उनका योगदान ऐतिहासिक है।

## बड़े हमले की तैयारी में लगा है चीन, अमेरिका ने भारत को भी किया सावधान, की यह अपील



अमेरिका के पेंटागन चीफ ने चीन को लेकर बड़ी वॉर्निंग दी है। उन्होंने कहा है कि चीन एशिया में अपना प्रभुत्व जमाने के लिए बड़े सैन्य हमले की तैयारी कर रहा है। सिंगापुर में वार्षिक सिक्योरिटी फोरम के दौरान पेंटागन चीफ पीट हेगसेथ ने कहा कि चीन से खतरा वास्तविक है। यह कभी भी सामने आ सकता है।

हेगसेथ ने कहा कि चीन पूरी दुनिया को ही अपने नियंत्रण में लेना चाहता है। चीन हर दिन युद्ध की तैयारी कर रहा है। उसका पहला निशाना ताइवान हो सकता है। उन्होंने भारत समेत एशिया के देशों से कहा है कि उन्हें चीन से मुकाबला करने के लिए अपना रक्षा बजट बढ़ाना होगा और सेनाओं को आधुनिक उपकरणों के साथ तैयार रखना होगा। अमेरिका ने कहा कि जापान, फिलीपीन्स और भारत के साथ सैन्य साझेदारी बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि चीन को रोकने के लिए भारत के साथ भी रक्षा सहयोग बढ़ाना जरूरी है

हेगसेथ ने कहा कि सत्ता में आने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने चीन से टैरिफ वॉर छेड़ दिया और एआई टेक्नॉलजी तक उसकी पहुंचो को सीमित करने का प्रयास किया है। दूसरी तरफ फिलीपीन्स जैसे देशों के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाया गया है। हेगसेथ ने कहा कि चीन ताइवान पर कब्जा करने के लिए अपनी सैन्य ताकत बढ़ा रहा है। वह लगातार रिहर्सल में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि चीन जिस तरह से साइबर अटैक करता है और अपने पड़ोसियों को परेशान करता है यह एक वॉर्निंग है। बीजिंग विवादित जलमार्गों पर भी दावा करकता है। इसी रास्ते से 60 पर्सेंट वैश्विक समुद्री व्यापार होता है। हाल के महीनों में उसका कई बार फइलीपीन्स के साथ टकराव हो चुका है। इधर सिंगापुर में चीन के संभावित खतरे को बता रहे थे तो दूसरी तरफ चीन की नेवी और एयरफोर्स ने फिलीपीन्स के साथ विवादित इलाके के पास युद्धाभ्यास करने में लगा है। बीजिंग ने इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए अपने किसी प्रतिनिधि को नहीं भेजा था।

## भारत के साथ बड़ी डील की तैयारी में अमेरिका, ट्रंप बोले- पाकिस्तान भी अमेरिका भेज रहा है अधिकारी



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि अगर भारत और अमेरिकी के बीच एक बड़ा समझौता होने जा रहा है। हालांकि इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तानी अधिकारी भी इसके लिए अमेरिकी की यात्रा पर जा रहे हैं। साथ ही ट्रंप ने यह भी कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष होता है तो अमेरिका इन दोनों देशों में से किसी के साथ भी व्यापार समझौता नहीं करेगा।

जॉइंट बेस एंड्रयूज़ में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, पाकिस्तान के प्रतिनिधि अगले हफ्ते अमेरिका आ रहे हैं। हम भारत के साथ समझौते के बेहद करीब हैं। लेकिन अगर ये दोनों देश युद्ध करते हैं तो मेरी कोई दिलचस्पी नहीं होगी किसी भी समझौते में।

### भारत के साथ समझौता बहुत करीब

ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका भारत के साथ एक सीमित व्यापार समझौते के बहुत करीब है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे किसी समझौते का आधार शांति और स्थिरता होगी, न कि सैन्य टकराव। इस बीच, अमेरिका के उप विदेश सचिव क्रिस्टोफर लैंडाउ ने भारत-अमेरिका संबंधों को ऐतिहासिक शिखर पर बताया। उन्होंने भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ वॉशिंगटन में मुलाकात के बाद कहा कि दोनों देशों के संबंध 21वीं सदी के लिए बेहद अहम साझेदारी हैं।

ट्रंप ने यह बात 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पाहलगाम में हुए आतंकी हमले और भारत द्वारा की गई %ऑपरेशन सिंदूर% सैन्य कार्रवाई के संदर्भ में कही है। आपको बता दें कि इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। इसके जवाब में भारत ने पाकिस्तान व पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की थी।

भारत और पाकिस्तान के बीच इस दौरान मिसाइल, ड्रोन और फाइटर जेट्स का इस्तेमाल करते हुए कई दौर की सैन्य झड़पें हुईं, जो पिछले कई दशकों में सबसे गंभीर मानी जा रही हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की कोशिश कर रहा है ताकि उस पर लगने वाले संभावित 29त्न आयात शुल्क से बचा जा सके।

अमेरिका ने हाल ही में कई देशों पर नए व्यापार शुल्क लगाने की घोषणा की थी, जिसमें पाकिस्तान का 3 अरब डॉलर का ट्रेड सरप्लस भी एक कारण बताया जा रहा है।

### बड़े समझौते की संभावना

रॉयटर्स की एक और रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत जल्द ही अमेरिकी कंपनियों को 50 अरब डॉलर से अधिक के सरकारी ठेकों में भाग लेने की अनुमति दे सकता है, जिससे द्विपक्षीय व्यापार को और गहराई मिलेगी। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में अमेरिका का दौरा किया था, जहां उन्होंने व्यापार वार्ताओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। भारत इस समय अमेरिका को अपने निर्यात पर 26त्न शुल्क का सामना कर रहा है और यह समझौता उस भार को हल्का करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

1835- कलकत्ता मेडिकल कॉलेज ने कामकाज शुरू किया।
1869- थॉमस अल्वा एडिसन इलेक्ट्रिक वोट रिकॉर्डर के लिए पेटेंट मिला
1874- ईस्ट इंडिया कंपनी को भंग किया गया।
1929- फिल्म 'मदर इंडिया' में हिन्दी फिल्मों की सबसे यादगार मां का किरदार निभाने वाली नरगिस दत्त का जन्म।
1930- भारत की पहली डीलक्स रेलगाड़ी डक्कन क्वीन को बॉम्बे वी टी और पुणे के बीच शुरू किया गया।
1955- अस्पृश्यता (निरोधक) कानून अस्तित्व में आया।
1964- नया पैसा से नया शब्द हटाकर इसे अब पैसा कहा जाने लगा।
1970- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री हैरॉल्ड विल्सन पर एक चुनावी सभा के बाहर अंडा फेंका गया।
1979- रोडेशिया में 90 साल बाद अल्पसंख्यक श्वेत लोगों के शासन का अंत हुआ था और घोषणा हुई थी कि अब देश को जिम्बाब्वे के नाम से जाना जाएगा।
1980- टेड टर्नर के केबल न्यूज नेटवर्क (सीएनएन) ने 24 घंटे का समाचार प्रसारण शुरू किया।

## सुडोकू 6930

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 2 | |
| 5 | 4 | | 9 | | 3 | | | 6 |
| | 9 | 8 | | | | | | |
| 7 | | | 2 | | 5 | | | 8 |
| | | 4 | | | | 5 | | |
| 3 | | | 8 | | 6 | | | 9 |
| | | | | | | 3 | 9 | |
| 8 | | | 5 | | 9 | | 1 | 4 |
| | 1 | | | | | 6 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## सूडान के तीन शहरों पर अर्धसैनिक बलों के हमलों में 26 नागरिकों की मौत

**खार्तूम, (आईएएनएस)।** सूडान सरकार ने घोषणा की है कि सूडान के पश्चिमी कोर्डोफान क्षेत्र के तीन शहरों पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमलों में कम से कम 26 नागरिक मारे गए। सूडान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हाल के कुछ घंटों में, आरएसएफ मिलिशिया ने जानबूझकर नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया है और निर्दोष लोगों की जान ली है। मंत्रालय ने कहा, शुक्रवार को मिलिशिया ने अल-ओबेद शहर में अल-दमन अस्पताल को निशाना बनाया, जिसमें उपचार करा रहे 16 मरीजों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मंत्रालय ने आगे कहा, बुधवार को मिलिशिया ने अल-खिवाई शहर में एक सार्वजनिक बाजार पर भी ड्रोन से हमला किया, जिसमें आठ नागरिक मारे गए। बयान में कहा गया कि आरएसएफ ने दक्षिण कोर्डोफान के अल-दीबाईबात कस्बे में एक आवासीय क्षेत्र को भी निशाना बनाया, जिसमें दो नागरिकों की मौत हो गई। मंत्रालय ने आरएसएफ के हमलों की निंदा करते हुए कहा कि इन हमलों का एकमात्र उद्देश्य अधिकतम नागरिकों को क्षति पहुंचाना था। इन हमलों में नागरिकों, मानवीय संगठनों, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और आवश्यक सेवाओं को टारगेट किया गया। बयान में आगे आरएसएफ पर गुरुवार को उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल-फशर में विश्व खाद्य कार्यक्रम के गोदामों पर बमबारी करने और उनमें आग लगाने का आरोप लगाया, जिससे बड़ी मात्रा में खाद्य आपूर्ति नष्ट हो गई। सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और आरएसएफ के बीच सशस्त्र संघर्ष कोर्डोफान क्षेत्र में तेज हो गया है, जिसमें उत्तर, पश्चिम और दक्षिण कोर्डोफान राज्य शामिल हैं।

## चीन की घटिया स्टील नहीं चलेगी, डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ पर कर दिया एक और बड़ा ऐलान

अमेरिका की सत्ता में आने के बाद से ही डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ से दुनियाभर में तहलका मचा रखा है। अब उन्होंने एक और बड़ा ऐलान कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने स्टील इंपोर्ट पर टैरिफ दोगुना कर दिया है। अब यह टैरिफ 25 फीसदी से बढ़कर 50 फीसदी हो गया है। डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि अमेरिका की स्टील कंपनी को बचाने के लिए उन्होंने यह कदम उठाया है। उनका यह फैसला 4 जून से लागू होने वाला है। जाहिर सी बात है कि इससे स्टील से बने उत्पादों जैसे कि कार के रेट में इजाफा हो सकता है। अपनी स्पीच में डोनाल्ड ट्रंप ने चीन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अमेरिका का भविष्य शंघाई के घटिया स्टील से नहीं बनेगा बल्कि पिट्सबर्ग की मजबूती और ताकत से बनेगा। उन्होंने कहा, मुझे डर थाकि मॉन वैली में 3 हजार स्टील से जुड़ी नौकरियां खत्म हो जाएंगी। लेकिन मैंने वादा किया था कि ऐसा नहीं होगा और मैंने अपना वादा पूरा किया है।

## ट्रंप ने फिर लिया भारत-पाकिस्तान सीजफायर का क्रेडिट, बोले- टल गई परमाणु तबाही

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को फिर दावा किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को रोकने में उनकी भूमिका निर्णायक रही। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इसके कारण संभावित परमाणु तबाही टल गई। दूसरी ओर भारत ने स्पष्ट किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुआ संघर्षविराम पूरी तरह सैन्य निर्णय था न कि किसी बाहरी दबाव का परिणाम।

ट्रंप ने कहा, हमने भारत और पाकिस्तान को लड़ने से रोका। यह एक परमाणु आपदा बन सकता था। मैं भारत और पाकिस्तान के नेताओं का और अपनी टीम का धन्यवाद करता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापार उनकी कूटनीतिक पहल का मुख्य कारण था। ट्रंप ने कहा, हम उन लोगों से व्यापार नहीं कर सकते जो एक-दूसरे पर गोली चला रहे हों और परमाणु हथियारों का उपयोग कर सकते हों। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, उन देशों के महान नेता हैं और उन्होंने समझा और वे सहमत हुए और यह



सब बंद हो गया। हम दूसरों को लड़ने से रोक रहे हैं। हमारे पास दुनिया की सबसे महान सेना है। हमारे पास दुनिया के सबसे महान नेता हैं।

**ऑपरेशन सिंदूर-** आतंक के ठिकानों पर सर्जिकल वारभारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के 9 ठिकानों पर सफल हमला किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस अभियान में 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया गया।

### भारत का जवाब, हमारी सेना के कारण हुआ संघर्षविराम

भारत सरकार ने ट्रंप के दावे को खारिज करते हुए गुरुवार को दोहराया कि 10 मई को हुआ संघर्षविराम दोनों देशों की सेनाओं के बीच सीधे संपर्क का परिणाम था न कि अमेरिका की मध्यस्थता का।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जर्मन अखबार को दिए इंटरव्यू में कहा, संघर्षविराम का निर्णय दोनों देशों के सैन्य कमांडरों के सीधे संपर्क से हुआ। इससे पहले भारत ने पाकिस्तान के वायु ठिकानों और वायु रक्षा प्रणाली को अक्षम कर दिया था। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, तो मुझे किसका धन्यवाद करना चाहिए? मैं भारतीय सेना का धन्यवाद करता हूं, जिनकी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान संघर्ष रोकने को तैयार हुआ।

## पहले नीयत तो दिखाओ, फिर से बातचीत को तैयार यूक्रेन ने रखी रूस के सामने शर्त

**मास्को।** राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के एक शीर्ष सलाहकार ने बताया कि यूक्रेन सोमवार को इस्तांबुल में रूस के साथ प्रत्यक्ष शांति वार्ता फिर शुरू करने के लिए तैयार है। रूस द्वारा प्रस्तावित बैठक में यूक्रेन के भाग लेने की संभावना पर अनिश्चितता बनी रहने के कुछ दिनों बाद शीर्ष सलाहकार आंद्रेई यरमक का यह बयान आया है। यूक्रेनी अधिकारियों ने हालांकि जोर देकर कहा कि दोनों प्रतिनिधिमंडल बातचीत के लिए बैठें, इससे पहले क्रेमलिन तीन वर्ष से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने पर अपना रुख जाहिर करे।


**रूस के सामने यूक्रेन ने रखी शर्त-** आंद्रेई यरमक ने बृहस्पतिवार देर रात यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय की वेबसाइट पर जारी एक बयान में कहा, यूक्रेन अगली बैठक में भाग लेने के लिए तैयार है, लेकिन हम सार्थक चर्चा में शामिल होना चाहते हैं। यरमक ने कहा, इसका मतलब यह है कि रूस से मसौदा प्राप्त करना बहुत जरूरी है। दस्तावेज तैयार करने और भेजने के लिए चार दिन पर्याप्त हैं।

यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगियों



ने बार-बार रूस पर शांति प्रयासों से अपने कदम पीछे खींचने का आरोप लगाया है जबकि रूस युद्ध को आगे बढ़ाने और यूक्रेन की ज्यादा से ज्यादा भूमि पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है।

## वर्ग पहेली 6930



**बायें से दायें:-**

१. जल सेना का प्रमुख
४. पवित्रता, शुद्धता (उर्दू)
६. निपुण, दक्ष (उर्दू)
७. प्राप्त लब्ध (उर्दू)
८. पदार्पण करना
१०. आचरण, प्रकृति
११. वर्षण, वर्षा होना
१३. जिसके बाल खड़े हों
१४. गंभीर, संवेदनशील
१५. नया पैदा
१७. विद्यमान रहना, निवास करना
१९. उदासी
२१. लौंग
२२. शत्रु, शिव
२४. सृजनात्मक

**ऊपर से नीचे:-**

१. छोटे बच्चे, नवजात शिशु
२. सामान, माल असबाब (उर्दू)
३. माफी मांगना
४. 'पासपोर्ट'
५. अवश्य (उर्दू)
९. पार लगना, नौकायन
११. आत्म-रक्षा
१२. चेतनायुक्त
१३. रहमदिल
१४. भरा-पूरा, समृद्ध
१५. नयापन
१६. जादू के खेल दिखाने वाला (उर्दू)
१८. रूपवती
१९. प्रफुल्लित होना
२०. नक्षत्र, सितारा
२३. संग्राम, युद्ध

### वर्ग पहेली-6929



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

तैयारी *सीमा पर बंकरों की संख्या होगी दोगुनी*

# अब एलओसी और इंटरनेशनल बार्डर पर होंगे बंकरों के कस्बे

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, (देशबन्धु)। पाकिस्तान से सटी 814 किमी लंबी एलओसी और 264 किमी लंबे इंटरनेशनल बार्डर पर अब बंकरों के कस्बे नजर आएंगें। दरअसल केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के इरादों को भांपते हुए सीमा पर बंकरों की संख्या दोगुनी करने का फैसला लिया है। इसके प्रति घोषणा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पुंछ में एक सभा को संबोधित करते हुए की।**

दरअसल आपरेशन सिंदूर के आरंभ होते ही पाक सेना ने जम्मू कश्मीर की पाकिस्तान से सटी सीमाओं पर जबरदस्त गोलों की बरसात कर दी जिस कारण 21 लोगों की मौत हो गई। सैंकड़ों मकान ढह गए। ड्रोन व मिसाइल हमलों के शिकार जम्मू शहर के लोग भी हुए तो चारों ओर से बंकरों के निर्माण की मांग की जाने लगी। आधिकारिक तौर पर अभी तक सीमाओं पर 90 हजार के करीब बंकर बनाए जा चुके हैं जिनकी संख्या अब दोगुनी की जाएगी। याद रहे करगिल युद्ध के दौरान करगिल भारत का पहला अपने किस्म का प्रथम कस्बा था जहां लोग रातों को अपने मेहनत मजदूरी कर, पेट काट कर, धन जोड़ कर बनाए गए घरों में नहीं बल्कि पत्थरों के बिछौने रूपी बंकरों में काटते थे। करगिल युद्ध के बाद करगिल कस्बे समेत एलओसी के कई कस्बों में शायद ही कोई घर होगा जहां बरामदे में बंकर का निर्माण न किया गया होगा। देखा जाए तो आज यह बंकर इन परिवारों के लिए जीवन का एक अभिन्न अंग हो गया है जिसके बिना मौत तो पूरी है जिन्दगी अधूरी है। करगिल कस्बे के लोगों को बंकरों की आवश्यकता करगिल युद्ध के दो साल पहले तक नहीं थी। ऐसा



■ पाकिस्तानी सेना ने सीमाओं पर जबरदस्त गोलों की बरसात कर दी जिस कारण 21 लोगों की जान गई

इसलिए था क्योंकि तब पाक तोपें किसी प्रकार की मौत की बरसात नहीं करती थीं लेकिन न जाने क्यों फिर उनका रूख परिवर्तन हो गया और अब वे समय-असमय बस इसी ताक में रहते हैं कि किसी प्रकार एलओसी से सटे कस्बों को भूतहा बना दिया जाए और मनुष्यविहीन भी। ऐसी ही हालत एलओसी पर 1947 से ही थी। पर बंकरों की कमी के चलते सीमावासियों को मौत को गले लगाने पर मजबूर होना पड़ रहा था। फिर 1995 में तारबंदी के कार्य के शुरू होने के साथ ही तब अपनी जान बचाने के लिए बंकरों की सहायता लेने के लिए जब बंकरों का निर्माण आरंभ किया गया था तो यह कार्य जितना आसान लगा था उतना था नहीं। खुदाई के लिए एक चोट अगर गांववालों द्वारा जमीन पर डाली जाती थी तो पाकिस्तानी तोपों की ओर से एक गोला उनके पास दागा जाता था। हमेशा आग उगलने वाली भारत-पाक नियंत्राण रेखा से सटे इन खतरनाक हो चुके कस्बों में जीवन भी अब बंकरों तक सीमित हो गया है। जो कोई घर से बाहर कार्य के लिए निकलता है वह भी बंकरों के करीब ही कार्य करना पसंद करता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि जैसे ही आसमान में वे सफेद गुब्बार देखते हैं तो बंकरों की ओर दौड़ पड़ते हैं।

# खेल जगत

## कोहली का टेस्ट से से संन्यास लेना सही : डिविलियर्स



**मुंबई।** साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स शनिवार को मुंबई स्थित इस्लाम जिमखाना पहुंचे, जहां उन्होंने व्हीलचेयर खिलाड़ी के साथ प्रैक्टिस करने के अलावा उनके साथ मैच भी खेला। इसके साथ ही एबी डिविलियर्स ने खिलाड़ियों को टिप्स भी दिए। 'मिस्टर 360' को अपने बीच पाकर खिलाड़ी काफी उत्साहित नजर आए। इस मौके पर एबी डिविलियर्स ने कहा कि व्हीलचेयर पर इन खिलाड़ियों को मुस्कान के साथ क्रिकेट खेलते देखना खूबसूरत है। आशा है कि इन्हें भविष्य में अधिक मौके, बेहतर सुविधाएं और उपकरणों के लिए स्पॉन्सरशिप मिलेगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल-2025 के फाइनल में अपनी जगह बना चुकी है। इस टीम ने 9 साल बाद खिताबी मुकाबले की टिकट कटाई है। आरसीबी ने 29 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ क्वालीफायर-1 में 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की थी।

## मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स की टीम होंगी आमने-सामने

# फाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 31 मई (देशबन्धु)। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस अब अहमदाबाद में रविवार को पंजाब किंग्स से 2025आईपीएल के क्वॉलिफायर 2 यानी एक तरह से दूसरे सेमीफाइनल में अपने 14 वें और आखिरी लीग मैच में उससे जयपुर में मिली सात विकेट से हार

■ मुंबई व पंजाब किंग्स में जो हारा, होगा फाइनल की होड़ से बाहर
■ पंजाब किंग्स के शीर्ष क्रम को मुंबई के बुमराह व बोल्ट से चौकस रहना होगा



का हिसाब चुका कर अब फाइनल में बनाने के मकसद से उतरेगी। पंजाब किंग्स के हौसले क्वॉलिफायर 1 में आरसीबी के हाथों मुल्लांपुर में मिली आठ विकेट से करारी हार से पस्त हैं। वहीं मुंबई इंडियंस ने मुल्लांपुर में खासे रोमांचक इलिमिनेटर में जिस तरह गुजरात टाइटंस पर शुक्रवार रात जीत दर्ज की उससे हौसले बुलंद है। हार्दिक पांडया की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस और श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स में क्वॉलिफाया 2 में जीत के लिए रोमांचक संघर्ष की उम्मीद है क्योंकि जो भी टीम हारी वह फाइनल की होड़ से बाहर हो जाएगी और जीतने वाली टीम आरसीबी से मंगलवार को अहमदाबाद के इसी नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में फाइनल में भिड़ेगी। आरसीबी चौथी बार फाइनल में पहुंची है लेकिन उसे भी पंजाब किंग्स की तरह अपने आईपीएल खिताब का इंतजार है।

रोहित शर्मा के अर्द्धशतक और उनके अपने सलामी जोड़ीदार जॉनी बैरिस्टो के साथ 84 रन की तूफानी भागीदारी तथा जसप्रीत बुमराह द्वारा सही वक्त पर वाशिंगटन सुंदर (48 रन, 24 गेंद, तीन छक्के, पांच चौके) को बेहतरीन यॉर्कर पर बोल्ड उनकी और साई सुदर्शन (80 रन) की तीसरे विकेट की 84 रन की भागीदारी तोड़ मुंबई इंडियंस को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इलिमिनेटर यानी करो या मरो के मैच में न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर में शुक्रवार रात 20 रन से जीत दिला 2025आईपीएल के क्वॉलिफायर 2 यानी एक तरह से दूसरे सेमीफाइनल में पंजाब किंग्स से अहमदाबाद में भिड़ने का हक दिलाया। दक्षिण अफ्रीका के रिकी रिकल्टन के स्वदेश लौटने पर उनकी जगह शामिल इंग्लैंड के जॉनी बैरिस्टो और रोहित शर्मा ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ दनादन क्रिकेट के मुताबिक दे दना कर तेज पारी खेल उसे जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। बेशक मुंबई इंडियंस की गुजरात टाइटंस पर जीत में रोहित शर्मा ने तेज अर्द्धशतक जमाए लेकिन उन्हें पारी के शुरू में ही दो जीवनदान मिले। पंजाब किंग्स को मुंबई इंडियंस पर अपनी जीत को दोहराना है तो उसे हर मौके को भुनाने के साथ हर कैच को लपकना होगा क्योंकि कैच ही मैच जिताते हैं। पंजाब किंग्स को बेशक अपनी दक्षिण अफ्रीकी टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया के डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने जाने के लिए उससे जुड़ने वाले मार्को येनसन की कमी अहम क्वॉलिफायर 2 में बेहतद अखेरगी क्योंकि उनकी जगह शामिल किए गए न्यूजीलैंड के काइल जेमिसन क्वॉलिफायर 1 में आरसीबी के खिलाफ गेंद से येनसन की धार व रफ्तार दिखाने में नाकाम रहे ही प्रियांश आर्य,जोश इंग्लिश, कप्तान श्रेयस अय्यर, नेहाल वढेरा और शशांक सिंह जैसे धुरंधर बल्लेबाजों से सजी उसकी बल्लेबाजी तीन तीन विकेट चटकाने वाले आरसीबी के ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और लेग स्पिनर व बाएं हाथ के यश दयाल के सामने ताश के पत्तों की तरह 14ओवर में 101 रन पर सिमट गई और आरसीबी ने यह लक्ष्य इतने ही ओवर में मात्र दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। मुबई इंडियंस के सूर्य कुमार यादव अब तक 15 मैचों में पांच अर्द्धशतक सहित 673 रन बना मौजूदा सीजन में रन बनाने में दूसरे स्थान पर चल रहे हैं।

### मुझे किस्मत का जो साथ मिला, मैंने उसे भुनाया : रोहित




मैंने अब तक मौजूदा आईपीएल 2025 में मात्र चार अर्द्धशतक जड़े हैं। बेशक मैं अर्द्बशतक जड़ना चाहता था। में इलिमिनेटर में खेलने की अहमियत जानता हूं। हमारी मुंबई इंडियंस पूरी तरह एक इकाई के रूप में प्रदर्शन किया। मैं जब भी खेलने उतरता हूं तो मेरी कोशिश यह समझने की रहती है कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ कैसे दे सकता हूं। शुरू में किस्मत का साथ मिला तो मुझे मालूम था कि मुझे इसका पूरा लाभ उठाना है। मैं खुश हूं कि मैं किस्मत का जो साथ मिला उसे भुना अपनी टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचाया। हमें मालूम था कि बाद में ओस पड़ने पर खेलना कुछ चुनौतीपूर्ण होगा। मैंने इससे पहले ही ऐसे ही शॉट लेकिन बदकिस्मती से तब गेंद सीधे क्षेत्ररक्षकों के हाथों में गए। शुक्रवार को मेरे कैच छूटे लेकिन इसके बाद भी मुझे बढ़िया खेलने की जरूरत थी। हमारे गेंदबाजों ने इकाई के रूप में बढ़िया प्रदर्शन किया मैंने बैरिस्टो को बरसों अन्य टीमों के लिए खेलते देखा।

### मैच में अच्छी तरह संभलना अहम रहा : पांडया



एक समय गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुक्रवार को इलिमिनेटर मैच बराबरी पर था। मेरा मानना है बाद में जब गुजरात टाइटंस ने बल्लेबाजी की पिच कुछ बेहतर हो गई। हमारी मुंबई इंडियंस के लिए अपना पहला मैच खेलने वाले जॉनी बैरिस्टो ने रोहित शर्मा ने बहुत बढ़िया आगाज किया। रोहित शर्मा ने इस मैच की अहमियत जानते हुए कुछ वक्त लिया और फिर अपने शॉट खेले और इससे मदद मिलती है। जब आपको लगे की मैच फिसल रहा है आपको इस पर पकड़ बनानी पड़ती है। जसप्रीत बुमराह ने सही वक्त पर विकेट निकाला। मैच में अच्छी तरह संभलना खासा अहम रहा।

### हम अपनी योजना को अमली जामा नहीं पहना पाए : श्रेयस



आरसीबी के हाथों हार भूलने वाली नहीं थी। हम ड्राइंगबोर्ड पर जाकर बात करेंगे कहां गलती हुई। हम असमंजस में थे और हमने बहुत विकेट खो दिए। हमें अपनी गलती को जानने की जरूरत है। मुझे योजना के लिहाज से अपने फैसलां पर कोई संदेह नहीं है। मैदान के बाहर से ये फैसले एकदम सही दिखाई देते हैं। हम अपनी योजना को अमली जामा नहीं पहना पाए,अपने गेंदबाजों को दोषी नहीं ठहरा सकते। हमने बहुत ही कम स्कोर बनाया। हमें इस तरह की पिच पर ज्यादा समझबूझ से बल्लेबाजी करने की जरूरत थी। मुल्लांपुर की पिच पर सभी मैचों में असमान उछाल रहा है। हार के लिए इस तरह का बहाना नहीं बनाया जा सकता क्योंकि हम पेशेवर क्रिकेटर हैं और हमें उम्मीदों पर खरा उतरना ही होता है। हमने छोटी लड़ाई हारी है युद्ध नहीं।

## इतने कैच छोड़कर ट्रॉफी जीतने की उम्मीद नहीं कर सकता गुजरात : उथप्पा

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। गुजरात टाइटंस आईपीएल-2025 की खिताबी रेस से बाहर हो चुकी है। टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 30 मई को खेले गए एलिमिनेटर मैच को 20 रन से गंवा दिया।गुजरात के फाइनल की दौड़ से बाहर होने के बाद भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा कि शुभमन गिल की अगुआई वाली टीम कैचिंग में चूक करती है और रणनीति में खामियों के कारण हारती है, तो चैंपियनशिप जीतने की उम्मीद नहीं कर सकती। न्यू चंडीगढ़ में जीटी ने तीन महत्वपूर्ण कैच छोड़े- जिनमें दो कैच रोहित शर्मा के थे। मुंबई की जीत के हीरो रोहित शर्मा ने 50 गेंदों में 81 रन की शानदार पारी खेली थी। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' के खिताब से भी नवाजा गया। सूर्यकुमार यादव को भी 12वें ओवर में जीवनदान मिला। यादव ने 20 गेंदों में



■ रोहित शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के खिताब से भी नवाजा गया

33 रन की पारी खेली। मुंबई की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 228 रन बनाए।जीटी ने अपने मिडिल ओवर के गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को नई गेंद से गेंदबाजी करने के लिए कहा, लेकिन यह रणनीति उल्टी पड़ गई क्योंकि रोहित और जॉनी बेयरस्टो ने पावरप्ले में पूरी ताकत झोंक दी। उथप्पा ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि जीटी की रणनीति सक्रिय से ज्यादा प्रतिक्रियात्मक थी। पावरप्ले में प्रसिद्ध कृष्णा का इस्तेमाल करना- बीच के ओवरों में उनकी सफलता के बावजूद- एक गलत कदम था। उनका पहला ओवर महंगा था, और वे सही दिशा में आगे बढ़ने में नाकाम रहे। 26 रन और 22 रन के ओवर महंगे साबित हुए। इसके अलावा फील्डिंग ने निराश किया। आप इतने सारे कैच छोड़ कर चैंपियनशिप जीतने की उम्मीद नहीं कर सकते। रॉबिन उथप्पा कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के साथ आईपीएल खिताब जीत चुके हैं।

### गुजरात टाइटंस को खेली बेहतरीन भारतीय मध्यक्रम बल्लेबाज की कमी: टॉम मूडी



**नई दिल्ली।** आईपीएल-2025 के एलिमिनेटर मैच में गुरुवार को गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस का सामना हुआ, जिसमें गुजरात को 20 रन से हार का सामना करना पड़ा। सनराइजर्स हैदराबाद के पूर्व हेड कोच टॉम मूडी का मानना है कि गुजरात को अपनी टीम में एक बेहतरीन भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज की जरूरत है, जो आईपीएल 2025 के एलिमिनेटर में मुंबई से हारने के बाद नजर आई कमी को पूरा कर सके। इस सीजन जीटी के शानदार अभियान की अगुआई कप्तान शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर जैसे शीर्ष तीन बल्लेबाजों ने की थी। इसका मतलब था कि लीग मैचों में उनके मध्यक्रम को ज्यादा बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला।

## रोहित के साथ खेलना खुशी की बात है : बेयरस्टो

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के एलिमिनेटर मैच में मुंबई इंडियंस द्वारा गुजरात टाइटन्स को 20 रनों से हराने में अहम भूमिका निभाने वाले विकेटकीपर-बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने कहा कि अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के साथ बल्लेबाजी करना खुशी की बात है और उन्हें बल्ले से धमाकेदार शुरुआत देने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बताया। रयान रिकलेटन के लिए देर से प्रतिस्थापन के रूप में आने के बाद अपना पहला आईपीएल 2025 मैच खेलते हुए, बेयरस्टो ने रोहित के साथ पहले विकेट के लिए 44 गेंदों पर 84 रनों की धमाकेदार साझेदारी की, जिन्होंने 50 गेंदों पर 81 रनों की पारी खेली, जिससे मुंबई ने 228/5 का विशाल स्कोर बनाया। यह स्कोर इतना अच्छा था कि वे क्वालीफायर 2 में अपनी जगह पक्की कर सकें, जहां उनका सामना रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स से होगा। बेयरस्टो ने कहा कि देखिए, मुझे नहीं लगता कि रोहित से कहने के लिए मुझे



रोहित के पास दुनिया भर के सभी अलग-अलग गेंदबाजों के खिलाफ खेलने का भरपूर अनुभव है, और वह अब तक ऐसा करने वाले सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं : जॉनी बेयरस्टो

बहुत कुछ चाहिए। मुझे लगता है कि अब उनके 7,000 आईपीएल रन हो गए हैं। बेयरस्टो ने शनिवार को आईपीएलटी20डॉटकॉम पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि उनके पास दुनिया भर के सभी अलग-अलग गेंदबाजों के खिलाफ खेलने का भरपूर अनुभव है, और वह अब तक ऐसा करने वाले सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं।

## सार संक्षेप

### गोल्फः ऑस्ट्रियाई ओपन में अहलावत संयुक्त 11वें स्थान पर

**साल्जबर्ग (ऑस्ट्रिया)।** वीर अहलावत ने दूसरे दिन भी अच्छा प्रदर्शन किया और ऑस्ट्रियाई अल्पाइन ओपन के हाफवे चरण में संयुक्त 11वें स्थान पर रहे। गुट अल्टेंटेन गोल्फ कोर्स में पार-70 में 67-68 राउंड के साथ। अहलावत 5-अंडर पर थे और लीडर मार्सेल श्नाइडर (63-66) से छह शॉट पीछे थे। अहलावत के साथी शुभंकर शर्मा ने गुट अल्टेंटेन गोल्फ कोर्स में एक-अंडर पार के राउंड के साथ दूसरे राउंड में बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन यह उन्हें टूर्नामेंट में बनाए रखने के लिए पर्याप्त नहीं था। पहले दिन की मुश्किलें उन्हें परेशान करने लगीं क्योंकि वे कट से काफी पीछे रह गए, जो एक अंडर पार पर सेट किया गया था, जबकि उनका कुल स्कोर चार ओवर पार था। शर्मा के लिए यह लगातार पांचवां मिस कट है। अहलावत ने चार बर्डी और दो बोगी की। शनिवार को यहां प्राप्त जानकारी के अनुसार, बर्डी तीसरे, पांचवें, नौवें और 18वें होल पर आईं, जबकि बोगी दूसरे और 15वें होल पर आईं। पहले दिन के लीडर श्नाइडर ने दूसरे दिन चार अंडर पार का बोगी-मुक्त राउंड खेला और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर दो शॉट की बढ़त बनाए रखी।

### जेमी ओवरटनव्हाइट-बॉल सीरीज से बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को दाएं हाथ की छोटी उंगली में चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ शेष वनडे और आगामी टी20 सीरीज से बाहर कर दिया गया है। ओवरटन को गुरुवार को एजबस्टन में इंग्लैंड की पहली वनडे जीत के दौरान चोट लगी थी, जब उन्होंने कीसी कार्टी का तेजी से रिटर्न कैच लेते समय कैच टपका दिया और तुरंत इलाज के लिए मैदान से बाहर चले गए। जैकब बेथेल ने ओवरटन का ओवर पूरा करने के लिए कदम बढ़ाया और बाद में अपनी उंगली पर भारी पट्टी होने के बावजूद मैदान पर वापस लौटे। उन्होंने अंत में तीन विकेट लेकर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला, जिसमें 5.2 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट लेकर इंग्लैंड की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड बनाया। शुरू में माना जा रहा था कि उनकी चोट अव्यवस्था है, लेकिन अब उनकी चोट की फ्रैक्चर के रूप में पुष्टि हुई है।

आईपीएल 2025

## टूटे सभी रिकॉर्ड्स, प्लेऑफ मैच में जमकर बरसे रन

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। आईपीएल-2025 का एलिमिनेटर मैच चंडीगढ़ में शुक्रवार को खेला गया, जिसमें मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस



को 20 रन से मात दी। इसी के साथ मुंबई क्वालीफायर-2 में पहुंच चुकी है। इस नॉकआउट मुकाबले में जमकर रन बरसे। आलम ये रहा कि पिछले सभी रिकॉर्ड्स भी टूट गए। इस मैच में मुंबई ने 228 रन बनाए, जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस 208 रन बना सकी। यानी मुकाबले में कुल मिलाकर 436 रन बने।ये आईपीएल इतिहास के प्लेऑफ मैच में सर्वाधिक रन का रिकॉर्ड है। इससे पहले साल 2014 में पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स ने मिलकर 428 जोड़े थे। इस लिस्ट में सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के बीच साल 2016 में खेला गया फाइनल मुकाबला तीसरे स्थान पर है, जिसमें कुल 408 रन बने थे। इनके अलावा गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस की टीम साल 2023 में मिलकर 404 रन बना चुकी है। 30 मई को खेले गए निर्णायक मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 5 विकेट खोकर 228 रन बनाए। टीम के लिए रोहित शर्मा ने सर्वाधिक 81 रन बनाए, जबकि जॉनी बेयरस्टो ने 47 रन की पारी खेली।

## एक ही आईपीएल सीजन में 759 रन, टॉप-5 में पहुंचे साईं सुदर्शन

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइंटस के बीच शुक्रवार को चंडीगढ़ में एलिमिनेटर मैच खेला गया, जिसमें मुंबई ने 20 रन से जीत दर्ज की। इसी के साथ मुंबई ने क्वालीफायर-2 में अपनी जगह बना ली है। खिताबी मैच का टिकट हासिल करने के लिए मुंबई 1 जून को अहमदाबाद में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। जीटी भले ही ये नॉकआउट मैच नहीं जीत सकी, लेकिन उसके सलामी बल्लेबाज साईं सुदर्शन ने दमदार पारी खेलते हुए अपनी चमक बिखेरी। साईं सुदर्शन ने 49 बॉल में 1 छक्के और 10 चौकों की मदद से 80 रन की पारी खेली, जिसके साथ वह किसी एक आईपीएल सीजन सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में पांचवें स्थान पर आ गए हैं। सुदर्शन



■ साईं सुदर्शन ने इस सीजन में 1 शतक और 6 अर्द्धशतक जड़ चुके हैं

आईपीएल-2025 में अब तक 15 मुकाबले खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 54.21 की औसत के साथ 759 रन बनाए हैं। इस दौरान साईं सुदर्शन 1 शतक और 6 अर्द्धशतक जड़ चुके हैं।

आईपीएल के किसी एक सीजन में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम दर्ज है, जिन्होंने साल 2016 में कुल 16 मैच खेलते हुए 973 रन अपने नाम किए थे। उस सीजन कोहली ने 4 शतक और 7 अर्द्धशतक लगाए थे। लिस्ट में शुभमन गिल दूसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने साल 2023 में 890 रन जुटाए थे, जबकि जोस बटलर साल 2022 में 863 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

डेविड वॉर्नर इस मामले मे 848 रन के साथ चौथे पायदान पर मौजूद हैं। 30 मई को खेले गए एलिमिनेटर मुकाबले की बात करें तो इसमें मुंबई इंडियंस ने 5 विकेट खोकर 228 रन बनाए। इस दौरान रोहित शर्मा ने 81 रन की पारी खेली, जबकि जॉनी बेयरस्टो ने 47 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। विपक्षी टीम की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा और साईं किशोर को 2-2 सफलता हाथ लगी।

## फ्रेंच ओपनः कसाटकिना ने बैडोसा का अभियान लगातार सेटों में तोड़ा

**पेरिस,** 31 मई (एजेंसियां)। अपनी विशिष्ट दृढ़ता और भावनात्मक ताकत के बावजूद, पाउला बैडोसा का रौलां गैरो 2025 अभियान तीसरे दौर में दिल तोड़ने वाले अंत पर पहुंच गया, क्योंकि वह चतुर और निडर डारिया कसाटकिना से 6-1, 7-5 से हार गईं। कोर्ट सिमोन-मैथ्यू पर एक घंटे और 34 मिनट का मुकाबला शारीरिक सीमाओं, मानसिक संकल्प और रणनीतिक गहराई का परीक्षण था, और कसाटकिना तीनों विभागों में पर्याप्त स्पष्टता के साथ खिलाड़ी के रूप में उभरीं। शुरुआती आदान-प्रदान से, यह स्पष्ट था कि स्पैनियार्ड के साथ कुछ गड़बड़ थी। मैं पहले गेम से ही ऐंठन महसूस कर रही हूं, उसने शुरुआती बदलाव के दौरान अपने कोच, पोल टोलेडो से कहा, कि मैं स्पष्ट रूप से संघर्ष कर रही थी। यहां तक कि बीच-सेट में कोई पूरक भी उसकी हरकत या लय को पुनर्जीवित नहीं कर सका। कसाटकिना ने उसकी कमजोरी को भांपते हुए हमला किया। रूसी खिलाड़ी ने निर्दयी दक्षता के साथ दौड़ लगाई, पहले 20 मिनट में दो बार ब्रेक किया और 5-0 की बढ़त हासिल की। उसके गहरे रिटर्न, विभिन्न कोण और लगातार गहराई ने बैडोसा को परेशान और अनिश्चित बना दिया। पहला सेट आधे घंटे से भी कम समय में समाप्त हो गया।

## फ्रेंच ओपन : जानिक सिनर 94 मिनट के मास्टरक्लास के साथ चौथे दौर में



**पेरिस,** 31 मई (एजेंसियां)। विश्व के नंबर 1 जानिक सिनर ने फ्रेंच ओपन में अपने इरादे का एक क्रूर बयान दिया, शनिवार को स्टेड रौलां -गैरो में चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को मात्र 94 मिनट में 6-0, 6-1, 6-2 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने पेरिस में शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया, और अपने ग्रैंड स्लैम मैच जीतने के क्रम को 17 मैचों तक बढ़ाया। कोर्ट सुजैन-लेंगलेन पर ग्रे आसमान के नीचे, सिनर ने शुरू से ही शानदार प्रदर्शन किया, सटीक बेसलाइन नियंत्रण, शुरुआती बॉल-स्ट्राइकिंग और निर्दयी रिटर्निंग के अपने विशिष्ट मिश्रण का प्रदर्शन किया। इन्फोसिस स्टैट्स के अनुसार, इटालियन खिलाड़ी ने पूरे मैच में सर्व पर सिर्फ नौ अंक गंवाए और लेहेका की असंगत डिलीवरी को रिटर्न विनर से दंडित किया, जिसका चेक के पास कोई जवाब नहीं था। मैच के बाद सिनर ने कहा कि मैं वाकई बहुत अच्छा खेल रहा था।खास तौर पर ढाई सेट तक। फिर उसने अच्छी सर्विस की और कुछ बहादुर अंक, सर्व और वॉली के साथ आने की कोशिश की। लेकिन मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। सिनर ने जीत को अपने कोच सिमोन वैग्नोजी को समर्पित किया, जिन्होंने शुक्रवार को अपना जन्मदिन मनाया। सिनर ने मुस्कुराते हुए कहा कि आमतौर पर, जब उसका जन्मदिन होता है, तो मैं अच्छा नहीं खेलता। इसलिए यह जीत उसके लिए है। संख्याओं ने सिनर के प्रभुत्व को रेखांकित किया: 30 विनर और सिर्फ नौ अनफोर्स्ड एरर, और शीर्ष 20 से बाहर रैंक वाले खिलाड़ियों के खिलाफ़ लगातार 64 जीत के उनके चौंका देने वाले सफर का सिलसिला जारी रहा। यह अनुशासन, शक्ति और निरंतरता में एक मास्टरक्लास था - ऐसे गुण जिन्होंने पिछले 18 महीनों में सिनर के उदय को रेखांकित किया है। इस जीत ने 2025 के सीजन के लिए सिनर को 15-1 पर पहुंचा दिया और अपने पिछले 15 ग्रैंड स्लैम मुकाबलों में से 14वें चौथे दौर में प्रवेश किया। रौलां गैरो में 19-5 के रिकॉर्ड के साथ, जिसमें पिछले साल का सेमीफाइनल भी शामिल है, जहां वह पांच सेट के क्लासिक में कार्लोस अल्काराज से हार गए थे, सिनर एक बार फिर पेरिस की मिट्टी पर एक गंभीर खिताब के दावेदार के रूप में अपना दावा पेश कर रहे हैं। राउंड ऑफ़ 16 में उनका मुकाबला 17वें वरीय आंद्रेई रुब्लेव से है, जो चोट के कारण फ्रांसीसी आर्थर फिल्स के हटने के बाद वॉकओवर के जरिए आगे बढ़े।

■ सिनर ने शुरू से ही शानदार प्रदर्शन किया
■ सिनर ने जीत को अपने कोच सिमोन वैग्नोजी को समर्पित किया

## यूएफा प्रेसिडेंट से मिले जय शाह

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह को म्यूनिख में क्रिकेटिंग इकोसिस्टम का प्रतिनिधित्व करने पर सम्मानित किया गया है। यहां उन्होंने यूएफा प्रेसिडेंट अलेक्सांद्र सेफरिन से भी मुलाकात की। इसकी जानकारी खुद शाह ने दी। शाह की सेफरिन से मुलाकात 2024/25 यूएफा चैंपियंस लीग फाइनल से पहले हुई है, जो म्यूनिख में 75,000 सीटों वाले एलियांज एरिना में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) और तीन बार के चैंपियन इंटर मिलान के बीच खेला जाएगा।

शनिवार को अपने एक्स अकाउंट पर शाह ने लिखा, चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करके और यूएफा प्रेसिडेंट एलेक्जेंडर सेफरिन के साथ चर्चा करके सम्मानित




महसूस किया। दूसरे स्पोर्टिंग लीडर्स के साथ समय बिताना हमेशा मूल्यवान होता है, क्योंकि आईसीसी हमारे खेल की वैश्विक पहुंच का विस्तार कर रहा है। पिछले साल दिसंबर में आईसीसी चेयरमैन के तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करने के बाद से ही जय शाह क्रिकेट के लिए नए बाजार खोलने और विस्तार करने के लिए दौरे कर रहे हैं।

# [ अर्थ जगत

## विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा

**मुम्बई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 मई को समाप्त सप्ताह में 6.99 अरब डॉलर बढ़कर 692.72 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने को यह जानकारी दी। इसके पहले 16 मई को समाप्त हुए सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.89 अरब डॉलर घटकर 685.73 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।



# पानी बेचकर रेलवे ने कमाए करोड़ों

## आईआरसीटीसी को चौथी तिमाही में जबरदस्त मुनाफा

*__नई दिल्ली।__ भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम ने चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2025) में शानदार मुनाफा दर्ज किया है। रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में बेची जा रही रेल नीर पानी की बोतलों समेत अन्य सेवाओं से आईआरसीटीसी ने अच्छी आमदनी की है। इस तिमाही में रेल नीर से कंपनी को 96 करोड़ रुपए की आय हुई।*




इस तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 26 प्रतिशत बढ़कर 358 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 284 करोड़ रुपए था। वहीं, कंपनी की कुल आय भी 10 प्रतिशत बढ़कर 1,269 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले साल इसी तिमाही में 1,152 करोड़ रुपए थी। आईआरसीटीसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने शेयरधारकों को 1 रुपए प्रति शेयर का फाइनल डिविडेंड देने का ऐलान भी किया है। हालांकि, तिमाही नतीजों की घोषणा के बाद गुरुवार को कंपनी के शेयरों में उम्मीद के मुताबिक तेजी नहीं देखने को मिली।

**पानी बेचकर कितने कमाए?-** आईआरसीटीसी मुख्य रूप से चार तरह के कारोबार से पैसा कमाती है। इनमें खानपान, रेल नीर, इंटरनेट टिकटिंग और पर्यटन शामिल हैं। कंपनी ने अलग-अलग कारोबार में इतनी कमाई की।

**कैटरिंग-** इस तिमाही में खानपान से कंपनी को 529 करोड़ रुपए की कमाई हुई है। पिछली तिमाही में यह आंकड़ा 555 करोड़ रुपए था और पिछले साल इसी तिमाही में यह 531 करोड़ रुपए था।

**रेल नीर-** इस तिमाही में रेल नीर से कंपनी को 96 करोड़ रुपए की कमाई हुई है। पिछली तिमाही में भी यह आंकड़ा 96 करोड़ रुपए था और पिछले साल इसी तिमाही में यह 83 करोड़ रुपए था।

**इंटरनेट टिकटिंग-** इस तिमाही में इंटरनेट टिकटिंग से कंपनी को 372 करोड़ रुपए की कमाई हुई है। पिछली तिमाही में यह आंकड़ा 354 करोड़ रुपए था और पिछले साल इसी तिमाही में यह 342 करोड़ रुपए था।

**पर्यटन-** इस तिमाही में पर्यटन से कंपनी को 274 करोड़ रुपए की कमाई हुई है। पिछली तिमाही में यह आंकड़ा 224 करोड़ रुपए था और पिछले साल इसी तिमाही में यह 199 करोड़ रुपए था।

# आरबीआई के खाते में कितना पैसा?

## अपना बहीखाता खुद बताया आरबीआई ने

*__नई दिल्ली।__ देश के सबसे ताकतवर बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक के पास कितना पैसा है? यह सवाल अक्सर लोगों के मन में आता है, लेकिन अब इसका जवाब खुद आरबीआई ने अपनी ताज़ा सालाना रिपोर्ट में दिया है। इस रिपोर्ट में न सिर्फ आरबीआई के खजाने की पूरी तस्वीर सामने आई है, बल्कि यह भी बताया गया है कि कहां से आई इतनी संपत्ति, और किन मदों में किया जा रहा है खर्च।*




31 मार्च 2025 तक, भारतीय रिजर्व बैंक के कुल खातों (बहीखाते) का आकार बढ़कर 76.25 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। यह पिछले साल की तुलना में 8.20 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है। इसके चलते आरबीआई ने केंद्र सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपये का डिविडेंड भी दिया है, जो किसी भी वित्तीय वर्ष में सरकार को मिलने वाली सबसे बड़ी रकमों में से एक है।

### संपत्ति बढ़ने के पीछे क्या कारण हैं?

आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, बहीखाते के आकार में हुई इस बढ़त के पीछे तीन अहम वजहें हैं-

**सोने में निवेश** - 52.09 प्रतिशत की बढ़त।

**घरेलू निवेश** - 14.32 प्रतिशत की वृद्धि।

**विदेशी निवेश** - 1.70 प्रतिशत का इज़ाफा।

### कमाई और खर्च का लेखाजोखा

साल 2024-25 में आरबीआई की कुल कमाई में 22.77 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, वहीं खर्चों में 7.76 प्रतिशत का इज़ाफा हुआ। आरबीआई ने वित्त वर्ष का अंत 2,68,590.07 करोड़ रुपये के अधिशेष (सरप्लस) के साथ किया, जो पिछले साल के 2,10,873.99 करोड़ रुपये से 27.37 प्रतिशत ज़्यादा है।

### देयताओं और परिसंपत्तियों में क्या बदला?

नोट जारी करने से संबंधित देनदारियां - 6.03 प्रतिशत बढ़ीं

**रिवैल्यूएशन अकाउंट** - 17.32 प्रतिशत की वृद्धि।

**अन्य देनदारियां** - 23.31 प्रतिशत की छलांग।

घरेलू परिसंपत्तियों की हिस्सेदारी 31 मार्च 2025 तक बढ़कर 25.73 प्रतिशत हो गई है। वहीं, विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां, सोने और विदेशी संस्थानों को दिए गए कर्जों का कुल संपत्तियों में हिस्सा 74.27 प्रतिशत रहा।

### आपातकालीन खर्चों के लिए कितना सुरक्षित?

आरबीआई ने इमरजेंसी के लिए 44,861.70 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जिसे विशेष आपदा निधि में ट्रांसफर कर दिया गया है। यह भविष्य में आर्थिक संकट या अन्य आपात स्थितियों से निपटने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# शादी-ब्याह का दौर थमा, आभूषणों की खरीदी घटी




*__नई दिल्ली।__ भारत में फिजिकल सोने की मांग इस हफ्ते कमजोर रही। घरेलू स्तर पर इस कमजोरी की दो वजहें रही। पहला, सोने की कीमतों में बढ़ोतरी और दूसरा शादियों का सीजन समाप्त होने से खरीदारों की रुचि में आई गिरावट।*

वहीं, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सोने का सबसे ज्यादा उपभोग करने वाल देश चीन में प्रीमियम भी फिसल गया। इस सप्ताह भारतीय डीलर आधिकारिक घरेलू कीमतों (जिसमें 6 प्रतिशत आयात शुल्क और 3 प्रतिशत बिक्री कर शामिल है) पर प्रति औंस तकरीबन 31 डॉलर की छूट दे रहे थे, जो पिछले हफ्ते की 49 डॉलर तक की छूट से कम है।

**मांग घटी, ज्वैलर्स ने नई खरीद से बनाई दूरी-** एक निजी बैंक से जुड़े मुंबई के एक बुलियन डीलर ने कहा,वेडिंग सीजन अब खत्म हो रहा है और मॉनसून भी शुरू हो गया है, इसलिए ज्वैलर्स को मौसमी तौर पर मांग में गिरावट की उम्मीद है। इसी वजह से वे अभी नए खरीदारों से दूर हैं। शुक्रवार को सोने की कीमतें करीब 94,900 प्रति 10 ग्राम के आसपास ट्रेड कर रही थीं। जबकि इसी महीने की शुरुआत में यह एक महीने के निचले स्तर 90,890 तक पहुंच गई थी।

### चीन में सोने की मांग सुस्त, प्रीमियम घटा

चीन में इस हफ्ते बुलियन की ट्रेडिंग ग्लोबल बेंचमार्क स्पॉट प्राइस के मुकाबले या तो समान स्तर पर या अधिकतम 15 डॉलर प्रति औंस के प्रीमियम पर हुई, जबकि पिछले हफ्ते यह प्रीमियम 16 से 30 डॉलर के बीच था। एक स्वतंत्र विश्लेषक रॉस नॉर्मन ने कहा, शंघाई गोल्ड एक्सचेंज से निकासी इस साल के सबसे निचले स्तर तक आ गई है, जबकि पिछले कुछ हफ्तों में सोने का आयात असाधारण रूप से ज्यादा रहा है। इससे संकेत मिलता है कि फिलहाल चीनी घरेलू बाजार में स्टॉक अधिक हो गया है।

हांगकांग जनगणना और सांख्यिकी विभाग के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में हांगकांग के जरिए चीन का कुल सोने का आयात मासिक आधार पर लगभग तीन गुना बढ़ गया और यह पिछले एक साल से ज्यादा समय में सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया।

## गोल्ड लोन को लेकर आरबीआई का नया नियम

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया गोल्ड लोन को लेकर जल्द ही नया नियम लागू करने की तैयारी में है। इससे पहले ही वित्त मंत्रालय ने सुझाव दिया है कि छोटे ग्राहकों को इन प्रस्तावित नियमों से छूट दी जाए। शुक्रवार को मंत्रालय ने कहा कि उसने आरबीआई द्वारा जारी मसौदा दिशानिर्देशों की समीक्षा की है और खासकर तमिलनाडु के कुछ राजनीतिक दलों के विरोध को देखते हुए छोटे उधारकर्ताओं को इन मानकों से बाहर रखने की सिफारिश की है। आरबीआई ने 9 अप्रैल को गोल्ड लोन के लिए व्यापक मसौदा दिशानिर्देश जारी किए थे। इसका मकसद नियामक प्रणाली को मजबूत करना, अंडरराइटिंग सुधारना और लोन के इस्तेमाल की निगरानी बढ़ाना है। इसमें यह भी प्रस्तावित है कि गोल्ड लोन की लोन टू वैल्यू सीमा 75 प्रतिशत रखी जाए यानी अगर कोई ग्राहक 1 लाख रुपए की कीमत का सोना गिरवी रखता है, तो उसे अधिकतम 75 हजार रुपए तक ही लोन मिलेगा।

## सरकार ने कच्चे खाद्य तेलों की बेसिक कस्टम ड्यूटी घटाई

**नई दिल्ली।** मई खत्म होने से पहले केंद्र सरकार ने आम जनता को महंगाई से राहत देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने कच्चे पाम ऑयल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर लगने वाली बेसिक कस्टम ड्यूटी को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। इस कदम से खाने के तेल की खुदरा कीमतों में गिरावट आने की उम्मीद है।

अब इन कच्चे तेलों पर कुल प्रभावी शुल्क (बेसिक + अन्य शुल्क मिलाकर) 27.5 प्रतिशत से घटकर 16.5 प्रतिशत रह गया है। वहीं रिफाइंड तेलों पर प्रभावी शुल्क 35.75 प्रतिशत बना रहेगा। इस संबंध में जारी अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। भारत अपनी खाने के तेल की जरूरत का 50 प्रतिशत से ज्यादा आयात करता है, इसलिए यह फैसला काफी असरदार माना जा रहा है।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 58 |
| एक यूरो | 97. 25 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 115. 64 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 77 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 110 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 124 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-124 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -74 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 96300 चांदी -99000

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 96350 चांदी -99000

## दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338
**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 10000-11500, फाइन 115000-12000, एक्स्ट्रा बोल्ड 13000-13500, चना दाल एवरेज 7200-7300 चना दाल मार्का 7500-7700, मसूर दाल एवरेज 7500-7600, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका9000-9200, फाइन 9200-9500, उड़द धुली 10500-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 9800- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4500-4600, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

## लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# अब बेकार नहीं होंगे पुराने नोट

## कटे-फटे नोटों के लिए आरबीआई की बड़ी योजना

*__नई दिल्ली।__ भारतीय रिजर्व बैंक अब पुराने, कटे-फटे और चलन से बाहर हो चुके नोटों को केवल नष्ट करने तक सीमित नहीं रखेगा। अपनी हालिया वार्षिक रिपोर्ट में आरबीआई ने संकेत दिया है कि इन नोटों का इस्तेमाल अब लकड़ी के बोर्ड (पार्टिकल बोर्ड) बनाने जैसे पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों में किया जाएगा, जिससे कुर्सियां, टेबल और अन्य फर्नीचर तैयार किए जा सकेंगे।*



यह पहल न सिर्फ कचरे को घटाएगी, बल्कि सतत विकास की दिशा में एक नया कदम भी साबित होगी। रिजर्व बैंक के पास हर साल 15,000 टन से ज्यादा ऐसे नोट जमा होते हैं, जो कट-फट जाने या अन्य कारणों से चलन से बाहर कर दिए जाते हैं। अब तक इन नोटों को या तो जलाकर या फिर सड़ाकर नष्ट किया जाता था। यह प्रक्रिया न केवल महंगी थी, बल्कि पर्यावरण के लिए भी नुकसानदायक थी।

**अब क्या बदलेगा?-** आरबीआई ने पार्टिकल बोर्ड बनाने वाली कंपनियों से संपर्क करना शुरू कर दिया है। योजना के तहत, रिजर्व बैंक पुराने और खराब हो चुके नोटों को बारीक काटकर इन कंपनियों को बेचेगा। इससे कंपनियों को सस्ता और टिकाऊ कच्चा माल मिलेगा, जबकि आरबीआई का नष्ट करने का खर्च घटेगा। साथ ही इस प्रक्रिया से बैंक को अतिरिक्त राजस्व भी प्राप्त होगा। आरबीआई ने यह फैसला पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए लिया है। अब तक पुराने नोटों को जलाना या लैंडफिल में डालना न केवल खर्चीला था।

# टोयोटा फॉर्च्यूनर और लीजेंडर ने तीन लाख वाहनों की बिक्री का ऐतिहासिक निशान छुआ

*__बेंगलुरु।__ भारत के प्रीमियम एसयूवी बाजार में अपनी प्रमुख उपस्थिति को मजबूत करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की।*



यह है फॉर्च्यूनर और जेंडर की कुल तीन लाख इकाइयों की बिक्री। यह उपलब्धि न केवल इन प्रीमियम एसयूवी की बेजोड़ लोकप्रियता को रेखांकित करती है, बल्कि टोयोटा की विश्वसनीयता और उच्च प्रदर्शन की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। यह शक्ति और बारीकी का बेहतरीन मिश्रण है। 2009 में अपनी शुरुआत के बाद से, टोयोटा फॉर्च्यूनर लंबे समय से एसयूवी सेगमेंट में एक बेंचमार्क (मानक) रही है, जो बेहतरीन प्रदर्शन के साथ जोरदार मजबूती का शानदार मेल है। फॉर्च्यूनर अपनी जबरदस्त ऑफ-रोड क्षमता के लिए जाना जाता है, जो इसे एडवेंचर और ड्राइविंग के शौकीनों के लिए आदर्श विकल्प बनाता है। 2.8 लीटर के दमदार डीजल इंजन से लैस, 204 पीएस की प्रभावशाली शक्ति और 500 एनएम का टॉर्क (घूर्ण) उत्पन्न करता है।

देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**प्लॉट उपलब्ध हैं**
न्यू भेड़ाघाट के निकट प्रस्तावित रिंग रोड के पास फार्म हाउस हेतु लगभग 6000, 12000, 18000+ वर्गफुट के प्लॉट @ रु. 350 प्रति वर्गफुट उपलब्ध हैं. संपर्क करें - अनिल यादव, ग्राम सकरी
**संपर्क: 6264760614**
**देवेन्द्र : 9993737969**

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

# गोल्ड रिजर्व में सबसे आगे अमेरिका, भारत के पास कितना है सोने का भण्डार?




*__मुम्बई।__ भारतीय रिजर्व बैंक की ताज़ा सालाना रिपोर्ट के अनुसार, भारत का कुल स्वर्ण भंडार 31 मार्च 2025 तक बढ़कर 879.58 टन हो गया है।*

### गोल्ड रिजर्व में सबसे आगे कौन?

| | |
|---|---|
| अमेरिका | 8,133.5 टन (दुनिया में सबसे अधिक) |
| जर्मनी | लगभग 3,500 टन |
| चीन | 2,290+ टन |
| भारत | 879.58 टन |

*यह पिछले वर्ष की तुलना में 57.58 टन की बढ़ोतरी है। साथ ही इस गोल्ड रिजर्व की वैल्यू में भी 57 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया है।*

इन आंकड़ों से साफ है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में सोने को एक मजबूत और सुरक्षित संपत्ति के रूप में लगातार प्राथमिकता दी जा रही है। केवल भारत ही नहीं, चीन और अमेरिका भी गोल्ड स्टॉक कर रहे गोल्ड रिजर्व बढ़ाने की यह प्रवृत्ति केवल भारत तक सीमित नहीं है।

चीन के केंद्रीय बैंक पीबीओसी ने फरवरी 2025 में 5 टन सोना खरीदा, जो लगातार चौथा महीना है जब उसने अपने स्वर्ण भंडार में इजाफा किया है। अब चीन के पास कुल 2,290 टन से अधिक सोना है, जो उसके कुल विदेशी मुद्रा भंडार का लगभग 6 प्रतिशत है।

### क्यों बढ़ रहा है गोल्ड में निवेश?

सोना एक 'सेफ हेवन एसेट' माना जाता है, जिसकी कीमतों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव नहीं होता। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, युद्ध की आशंकाओं और करेंसी में गिरावट के दौर में सरकारें अपने विदेशी भंडार को मजबूत करने के लिए सोने में निवेश कर रही हैं। यही वजह है कि भारत और चीन जैसे उभरते हुए देश भी अब तेजी से गोल्ड रिजर्व बढ़ा रहे हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# बीसी के नाम पर एक करोड़ 21 लाख लिए, फिर हड़प गए दंपत्ति

## व्यापारियों का आरोप ली गई रकम से खरीदी सम्पत्ति, आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज, विजय नगर थाने का मामला




**जबलपुर, देशबन्धु।** बैटरी की दुकान संचालित करने वाले दंपत्ति ने शहर के व्यापारियों को एक करोड़ 21 लाख 66 हजार 843 रुपए का चूना लगा दिया। बीसी के नाम से ली गई यह रकम दंपत्ति ने हड़पी और उससे कई सारी संपत्तियां खरीद लीं। जब न तो मूलधन मिला और न ही लाभ मिला, तो व्यापारियों ने मामले की शिकायत पुलिस से की। जांच के बाद विजय नगर पुलिस ने आरोपी दंपत्ति पर अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया।

पुलिस ने बताया कि पंजाब बैंक कॉलोनी कोतवाली निवासी विनोद जयसवाल उर्फ विनोद गुप्ता और उसकी पत्नी अंजु गुप्ता व्यापारी है। उनकी शास्त्री ब्रिज और दीनदयाल चौक में बैटरी हाऊस नाम से दुकान है। दोनों ने अनंततारा निवासी कमल चड्ढा, शैलेन्द्र जैन और आशीष चावला समेत को बताया कि वे व्यापारियों के लिए फंड मैनेजमेन्ट योजना चला रहे है। इसमें 40 व्यापारी शामिल है। जिनसे रकम जमा कराई जाएगी। जिस व्यापारी को आवश्यकता होगी, रकम उसे दी जाएगी और मुनाफा होने पर मूलधन के साथ मुनाफा की राशि ली जाएगी। जो सभी 40 सदस्यों में बराबर-बराबर बांटी जाएगी। वे उनकी बातों में आ गए। जिसके बाद चड्ढा ने 59 लाख 43 हजार 403, चावला ने 19 लाख 26 हजार दो सौ और जैन ने 42 लाख 96 हजार 841 रुपए दंपत्ति के पास जमा किए।

लेकिन न तो उन्हे मूलधन मिला और न ही फायदा। जब उन्होने रकम मांगी, तो रकम भी दंपत्ति ने नहीं लौटाई। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने भी दंपत्ति को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया, लेकिन वे नही आए। पीड़ित व्यापारियों का आरोप है कि आरोपी दंपत्ति ने उनकी रकम से कई जगहों पर संपत्ति खरीदी है।

## जय हिंद सभा में कांग्रेस के दिग्गजों ने वीर जवानों का किया नमन

# सेना के शौर्य का राजनीतिकरण देश के लिए घातक






### कमलनाथ, दिग्विजय, बघेल, पटवारी और सिंघार का संबोधन

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में शनिवार को जय हिंद सभा का आयोजन किया गया। इसमें कांग्रेस के दिग्गजों ने ऑपरेशन सिंदूर के वीर जवानों का नमन किया। वक्ताओं ने सेना के शौर्य का राजनीतिकरण का मामला उठाया और इसके लिये भाजपा को कटघरे में खड़ा करने का काम किया। सभा के पूर्व सदर स्थित शौर्य स्मारक पहुंचकर कमलनाथ और भूपेश बघेल ने वीर शहीदों को श्रृद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश के पूर्व कमलनाथ ने कहा कि सेना हमारी शान है, देश का गौरव है। लेकिन देश की सुरक्षा पर जो राजनीति हो रही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। ऑपरेशन सिंदूर के वीर जवानों का बलिदान हमें याद दिलाता है कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है। भाजपा सरकार की नीतियां और निर्णय इस देश की सुरक्षा व्यवस्था को कमजोर कर रहे हैं। आज जरूरत है कि देश की जनता जागरूक हो और इस विफल सरकार को आईना दिखाए।

राज्यसभा सदस्य एवं कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में जबलपुर का इतिहास गौरवशाली रहा है। यहां पर राजा महाराजाओं के समय से देश की आजादी के लिये शंकरशाह और रघुनाश शाह ने अपना बलिदान दिया था। उन्हें तोप के आगे बांधकर उड़ा दिया गया था। उन्होंने संघ और भाजपा की नीतियों पर निशाना साधा।

छग के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि देश की सीमाएं सुरक्षित तभी होती हैं जब सरकार की नीयत साफ होती है। भाजपा सरकार ने देश को ठगा है, सेना के शौर्य का राजनीतिकरण किया है। ऑपरेशन सिंदूर जैसी घटनाएं भाजपा की लापरवाही और असंवेदनशीलता का परिणाम हैं। हम सब मिलकर देश की सेना के सम्मान में एकजुट हैं और भाजपा की नाकामी को बेनकाब करते रहेंगे। जीतू पटवारी अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कहा कि हर चेहरे पर वीर जवानों के सम्मान का भाव है। यह सरकार जो आज सत्ता में है, वह सेना के शौर्य का अपमान कर रही है। भाजपा के मंत्री सेना के बलिदान पर शर्मनाक बयान दे रहे हैं, और प्रधानमंत्री चुप बैठे हैं। हम सब संकल्प लेते हैं कि देश की आवाज़ को दबने नहीं देंगे और हर मंच से सच बोलेंगे।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि देश की सुरक्षा पर सवाल उठाना देशद्रोह नहीं, बल्कि देशभक्ति है। जब सरकार की नीतियां देश के जवानों के हितों के खिलाफ हों, तब चुप रहना पाप है। हम सब मिलकर वीर जवानों को श्रद्धांजलि देते हैं और भाजपा सरकार की नाकामी के खिलाफ आवाज उठाते हैं। जय हिंद सभा इस जनजागरण की शुरुआत है। सभा में हजारों नागरिकों ने वीर जवानों के सम्मान में एकजुट होकर संकल्प लिया कि देश की रक्षा और लोकतंत्र की मजबूती के लिए वे हर संघर्ष में कांग्रेस के साथ खड़े रहेंगे।

इस मौके पर राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा, विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व मंत्री तरूण भानोत, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक मिश्रा, जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, ननिज नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा, अभिषेक चौकसे चिंटू, विवेक अवस्थी, कौशिल्या गोटिया, सहित बड़ी संख्या मे पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

# कान्हा टाइगर रिजर्व में वन्य जीव गणना के दौरान बायसन का हमला, वनरक्षक गंभीर

**मंडला, देशबन्धु।** कान्हा टाइगर रिजर्व के अंतर्गत फेन अभयारण्य में वन्यप्राणी गणना के दौरान एक दर्दनाक घटना सामने आई, जब एक जंगली बायसन ने ड्यूटी पर तैनात वनरक्षक दिलीप कुमार रजक पर अचानक हमला कर दिया। हमले में वनरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें पहले बिछिया अस्पताल, फिर मंडला जिला अस्पताल और अंतत: जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

घटना शनिवार सुबह बाबूझिरिया बीट की है, जहां वनरक्षक दिलीप रजक फेज-4 ट्रांजेक्ट लाइन सर्वे के तहत वन्यप्राणियों की गणना कर रहे थे। इसी दौरान झाड़ियों से निकले एक बायसन ने उन पर अचानक हमला कर दिया। बायसन के तेज सींगों की चपेट में आकर दिलीप रजक के पेट और सीने में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर पास ही मौजूद अन्य वनकर्मी मौके पर पहुंचे और तत्काल सूचना परिक्षेत्र अधिकारी रेवाराम झरिया को दी।

रेवा झरिया ने तुरंत घायल वनरक्षक को बिछिया अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एम्बुलेंस से मंडला जिला चिकित्सालय लाया गया। सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे के अनुसार, दिलीप रजक की रीढ़ की हड्डी और पसलियों में फ्रैक्चर है, साथ ही पेट में गंभीर अंदरूनी चोटें आई हैं। स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें जबलपुर



मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है, जहां विशेषज्ञों की देखरेख में उनका इलाज जारी है। कान्हा टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर (कोर) पुनीत गोयल ने बताया कि घायल वनरक्षक जबलपुर के अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उन्हें मल्टीपल फ्रैक्चर और मांसपेशियों में भी गंभीर चोटें आई हैं।

वन विभाग द्वारा इलाज और परिजनों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। गौरतलब है कि इस समय पूरे टाइगर रिजर्व में वन्यप्राणी गणना का कार्य चल रहा है, जिसके लिए वनकर्मियों को गहन जंगलों में ट्रांजेक्ट लाइन सर्वे करना होता है। इस दौरान ऐसे जंगली जानवरों से खतरा बना रहता है, जिनकी संख्या और मूवमेंट का आंकलन इसी सर्वे के माध्यम से किया जाता है।

## दो डिब्बा पानी के लिए युवक की डंडा मारकर हत्या

**सतना, देशबन्धु। दो डिब्बा पानी को लेकर हुए विवाद में डंडा मारकर एक युवक की हत्या कर दी गई। नागौद गिाना क्षेत्र के भर्री गांव में हुई इस वारदात के बाद पुलिस ने चंद घंटों में ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।**

पूछताछ और कार्रवाही के बाद शनिवार को आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पांडेय के नेतृत्व में यह कार्रवाही की गई है।

**दोबारा गया पानी भरने**

भर्री गांव के पोखरा टोला नई बस्ती की महिला ने पुलिस को बताया कि 29 मई की शाम भर्री में रामपाल कोल के बोर में उसके पति राजेन्द्र कोल पानी भरने गए थे। बोर में पानी कम आने पर बोर मालिक रामपाल ने सभी को दो- दो डिब्बा पानी भरने को कहा। राजेन्द्र दो डिब्बा पानी भरकर ले गया और फिर से दो डिब्बे लेकर बोर पहुंचा।

# बूंदा-बांदी पर लगा ब्रेक, धूप और उमस भरी गर्मी का असर बढ़ा

## आज से संभाग के जिलों में कहीं-कहीं पर तेज हवा के साथ बूंदा-बांदी के आसार

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में अभी मौसम का मिजाज अपना असर दिखा रहा है। शनिवार को जबलपुर और आस-पास के जिलों में भले ही बूंदा-बांदी या बारिश नही हुई लेकिन तेज धूप और उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया था।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर में अधिकतम तापमान 37.2 जो सामान्य से 4 डिग्री कम एवं न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अभी उत्तरी हवाएं सात से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चल रही हैं। आने वाले दिनों में इनके तेज चलने की बात कही जा रही है। इधर जिस तरह 31 मई को पूरे दिन सूरज की तेज किरणें अपना असर दिखा रही थी, उससे सामान्य जन जीवन प्रभावित रहा। दिन के समय लोग अपने घरों से निकलने बच रहे थे।

केवल जरूरी काम के चलते ही धूप से बचाव के साधन कुछ लोग सड़कों पर दिखे। इससे समझा जा सकता है कि अभी नौ-तपा अपना प्रभाव दिखा रहा है। अगले



चौबीस घंटे में संभाग के जिलों में कहीं-कही पर तेज हवाओं के बीच बूंदा-बांदी या बारिश हो सकती है। चूंकि अभी पश्चिमी विक्षोभ के कारण नया सिस्टम बन रहा है, इसलिये समुद्री राज्य जैसे केरल की तरफ धीरे-धीरे मानसून प्रदेश की तरफ आने तैयार है, अभी महाराष्ट्र में मानसून पहुंच गया है, जल्द ही प्रदेश के जिलों में इसका प्रभाव देखने को मिल सकता है।


**J.B.F.A**

जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 122 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 116 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 108 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 108 |

मो.-9039925000, 9425800409



**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 104 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 112 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 118 |

मो.- 9039925999


## घायल हुए दो व्यक्तियों को डायल 100 के जवानों ने पहुंचाया अस्पताल

**अनूपपुर, देशबन्धु।** थाना राजेन्द्रग्राम क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पटना में बाइक से गिरकर दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए , जिसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल 112/100 भोपाल में 31 मई को प्राप्त हुई। जहां सूचना प्राप्ति पर तत्काल राजेन्द्रग्राम थाना क्षेत्र में तैनात डायल 112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल 112/100 के स्टॉफ प्रधान आरक्षक विमल सिंह एवं पायलेट संतोष मिश्रा ने मौके पर पहुँचकर बताया कि बाइक से गिरकर दो व्यक्ति घायल हो गए थे।

डायल 112/100 के जवानों ने घायल जोहान सिंह पिता राम लाल उम्र 50 वर्ष एवं रामप्रसाद पिता जगदीश सिंह उम्र 60 वर्ष दोनों निवासी मारवाही को एफआरव्ही वाहन से ले जाकर राजेंद्रग्राम अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां घायलों का उपचार किया जा रहा है।


समदड़िया सिनेमा
BOOK YOUR TICKETS & BEVERAGE ON WHATSAAP SAMDAREEYA CINEMA
PRAVITE SCREEN BOOKING
+91-7999968989
ONLINE BOOKING & BEST OFFER WWW.BOOKMYSHOW.COM
CALL BOOKING 0761-4069888,4069889
WEDNESDAY OFFERS ALL DAY ALL SHOW 90/-

BHOOL CHUK MAAF: 10:15AM 12:00PM 01:30PM 02:30PM 03:45PM 06:00PM 07:30PM 08:30PM 09:30PM 10:45PM
FINAL DESTINATION: 10:00AM 02:15PM 04:15PM 08:30PM
MISSION IMPOSSIBLE: 01:00PM 06:30PM 10:30PM
RAID-2: 11:30AM 05:00PM 07:30PM
KAPKAPII: 10:30AM 04:00PM
LILO&STICH 3D(hindi): 06:30PM
KESARI VEER: 10:15PM


# यूजीसी ने जारी किया नया नियम

## हर कॉलेज में एसएससी और मेंटल काउंसलर जरूरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने हालहीं में नया नियम लागू किया हैं जिसे हर कॉलेज प्रबंधन को पालन करना अनिवार्य किया गया हैं। नियम के तहत अब हर कॉलेज में स्टूडेंट सर्विस सेंटर (एसएससी) और मेंटर काउंसलर होना जरूरी होगा। यूजीसी ने सभी कॉलेजों में स्टूडेंट सर्विस सेंटर अनिवार्य करने का फैसला किया है। इसका उद्देश्य छात्रों को मानसिक और भावनात्मक समर्थन देना है, ताकि वे बेहतर पढ़ाई कर सकें। नया नियम अगले सत्र से लागू होगा। बताया जा रहा है कि यूजीसी द्वारा एसएससी की स्थापना को जरूरी करने के फैसले के पीछे उद्देश्य छात्रों को मानसिक और भावनात्मक समस्याओं से बचाना है ताकि वे अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान दे सकें। नए सत्र से प्रदेश के सभी कॉलेजों में यह कदम लागू होगा।

**प्रबंधन और नियुक्ति की शर्तें**- इस सर्विस सेंटर का प्रबंधन एक ऐसे अधिकारी द्वारा किया जाएगा जिसकी पदवी प्रोफेसर के बराबर हो। उनका विशेषज्ञता क्षेत्र मनोविज्ञान, खेलकूद, मनोरोग, समाजशास्त्र या सामाजिक कार्य जैसे विषयों में होना जरूरी है। अगर किसी कॉलेज में ये विषय उपलब्ध नहीं हैं, तो वे अपने नजदीकी विश्वविद्यालय या संस्थान से मदद ले सकते हैं।

**परामर्श के कई विकल्प**- छात्रों को सहायता ऑनलाइन, व्यक्तिगत रूप से, फोन हेल्पलाइन या समूह सत्रों के माध्यम से दी जाएगी। इससे हर छात्र अपनी सुविधा और जरूरत के अनुसार मदद ले सकेगा। यह तरीका छात्रों की समस्या को समझने और उनका समाधान निकालने में प्रभावी साबित होगा।

**यूजीसी ने मांगे सुझाव**- यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और कॉलेजों के प्राचार्यों से इस योजना को बेहतर बनाने के लिए सुझाव मांगे हैं। इससे वास्तविक समस्याओं की पहचान होगी और ज़रूरत के अनुसार सुधार किए जा सकेंगे।

### हेल्थ काउंसलिंग के विशेषज्ञ रहेंगे मौजूद

यूजीसी ने निर्देश दिया है कि इस सेंटर में फिजिकल और मेंटल हेल्थ काउंसलर मौजूद हों, जो शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की समस्याओं को समझ कर मदद कर सकें। इसके साथ ही, जरूरी टेस्ट और मूल्यांकन के लिए भी संसाधन उपलब्ध हों ताकि छात्रों की सही जांच की जा सके। इससे छात्रों को होने वाली असुविधाओं से बचाने में मदद मिलेगी।

### छात्रों को मिलेगा मानसिक सहारा

इस सर्विस सेंटर के जरिए छात्रों को तनाव कम करने और अपनी भावनाओं को संभालने की कला सिखाई जाएगी। खासतौर पर ग्रामीण इलाकों और अलग अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों को इस सहायता की ज्यादा जरूरत होती है। इसके साथ ही, विशेष जरूरत वाले विद्यार्थी भी इससे लाभान्वित होंगे। इससे वे जीवन की चुनौतियों का सामना बेहतर तरीके से कर पाएंगे।

# निर्धारित मूल्य पर शराब बिक्री प्रारंभ

## आबकारी विभाग के दोहरे रवैये से ठेकेदारों ने लिया निर्णय

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिस दिन से जबलपुर में शराब की नये ठेके हुए हैं उसी दिन से जिले का आबकारी विभाग अपनी कार्य प्रणाली को लेकर न सिर्फ विवादों में घिरता जा रहा हैं बल्कि लगातार सुर्खियां भी बटोर रहा हैं। शहर में लगातार एमआरपी से अधिक मूल्य पर हो रही शराब की बिक्री के बीच कुछ ठेकेदारों ने निर्धारित मूल्य पर शराब बेचने का निर्णय लिया हैं।

ज्ञात हो कि एमआरपी से अधिक पर शराब बिक्री और अवैध शराब की बिक्री के खेल के चलते अब शहर में हिंसका वारदातें भी सामने आने लगी हैं। तिलवारा थानांतर्गत 22 मई को शराब ठेकेदार के कर्मचारी तनवीर अहमद पर हमले की वारदात इसकी बानगी दे रही हैं। शराब ठेकेदारों की मानें तो जिले में आबकारी विभाग के शीर्ष पद पर बैठे एक अधिकारी ने यह मुनादी करा दी हैं कि उनका शराब ठेकेदारों ने बताया कि जो 'नजराना' न देकर निर्धारित मूल्य पर शराब बेच रहे हैं।

### निर्धारित मूल्य पर शराब बिक्री प्रारंभ

समय पर मिल जाए तो उन्हें फिर कोई समस्या नहीं हैं फिर चाहे ठेकेदार एमआरपी से अधिक मूल्य पर ही शराब क्यों न बिकवाएं। शराब ठेकेदारों ने बताया कि एक तो पहले ही ठेके में निर्धारित मूल्य से कहीं अधिक कीमत पर शराब दुकानें मिली हैं उस पर से 'नजराना' देने की स्थिति में वे नहीं हैं। 'नजराना' देकर महंगी शराब बेचने से बेहतर उन्हें बगैर 'नजराना' दिए निर्धारित मूल्य पर शराब बेचना ज्यादा बेहतर लग रहा हैं लेकिन ऐसा कर रहे दुकानदारों पर आबकारी विभाग की वक्र दृष्टि हैं।


**नेशनल हॉस्पिटल** (NH)
स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग
● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग
28 वर्षों से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान





FARNAZ